राष्ट्रीय दैनिक



# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित



हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



03 केजरीवाल की गारंटी, धोबी समाज के लिए बनाएंगे धोबी समुदाय ...

फांसी क्यों नहीं दी? निचली अदालत के फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट ... 12



वर्ष : 15 | अंक : 276 | नई दिल्ली, बुधवार, 22 जनवरी, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 21°C
न्यूनतम तापमान 30.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 79,005 |
| चांदी | 92,500 |
| सेंसेक्स | 81,786 |
| निफ्टी | 24,668 |

# जनता की समस्याओं पर तत्काल लें एक्शन : सीएम योगी

**गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मंगलवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में करीब 100 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान करने के लिए दृढ़ संकल्पित है।**



प्रात : किरण/ एजेंसी

गोरखपुर। कड़ाके की ठंड के बावजूद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को जनता दर्शन में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित के साथ संतुष्टिपरक समाधान का भरोसा दिया। उन्होंने आश्वस्त किया कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि हर पीड़ित की समस्या पर तत्काल एक्शन लें। इसमें ढिलाई अक्षम्य होगी।

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मंगलवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में करीब 100 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। प्रतिकूल मौसम को देखते हुए जनता दर्शन का आयोजन मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में किया गया। यहां कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक फरियादी से मिले। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण कराकर शासन में उपलब्ध कराया जाए। एक महिला के इलाज संबंधी फरियाद पर उन्होंने अफसरों से कहा कि मेडिकल कॉलेज या किसी अन्य उच्च स्तरीय अस्पताल में इलाज कराया जाए। राजस्व और पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। यदि कोई किसी की भूमि पर जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसे कानून सम्मत सबक सिखाया जाए। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरागत रही। मंगलवार प्रातःकाल गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने, अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर शीश नवाने के बाद वह मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मंदिर की गोशाला में पहुंचे। यहां उन्होंने कुछ समय बिताया और गोसेवा की। मुख्यमंत्री ने गोवंश को खूब दुलारने के बाद उन्हें गुड़ खिलाया और गोशाला के कार्यकताओं को देखभाल के लिए जरूरी निर्देश दिए।

## महाकुंभ की व्यवस्थाओं को लेकर जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर ने की सीएम योगी की तारीफ

जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी जी महाराज ने महाकुंभ 2025 के भव्य और सफल आयोजन के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा की है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तुलना प्राचीन भारत के महान शासकों हर्षवर्धन और विक्रमादित्य से की। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ ने उन महान शासकों की परंपरा को नए युग में संवर्धित किया है। वे केवल एक शासक नहीं, बल्कि प्रचंड पुरुषार्थ और संकल्प के धनी व्यक्ति हैं। उनके प्रयासों ने महाकुंभ को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। स्वामी अवधेशानंद गिरी जी महाराज ने कहा कि भारत का भविष्य योगी आदित्यनाथ की ओर देख रहा है। भारत उनसे अनेक आकांक्षाएं, आशाएं और अपेक्षाएं रखे हुए है। भारत की दृष्टि उन पर है। उनमें पुरुषार्थ और निर्भीकता है। वे अजेय पुरुष और संकल्प के धनी हैं। महाकुंभ की विराटता, अद्भुत समागम, उत्कृष्ट प्रबंधन उनके संकल्प का परिणाम है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारत का राष्ट्र ऋषि बताते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और नेतृत्व में योगी जी ने महाकुंभ को ऊंचाई पर पहुंचा दिया है। आस्था का यहां जो सागर उमड़ा है, इसके लिए योगी आदित्यनाथ ने बहुत श्रम किया है। चप्पे-चप्पे पर उनकी दृष्टि है। स्वामी अवधेशानंद गिरी जी महाराज ने कहा कि आज सनातन का सूर्य सर्वत्र अपने आलोक रश्मियों से विश्व को चमत्कृत कर रहा है। भारत की स्वीकार्यता बढ़ी है। संसार का हर व्यक्ति महाकुंभ के प्रति आकर्षित हो रहा है। हर क्षेत्र में विशिष्ट प्रबंधन और उच्च स्तरीय व्यवस्था महाकुंभ में दिख रही है। भक्तों के बड़े सैलाब को नियंत्रित किया जा रहा है। सुखद, हरित, स्वच्छ, पवित्र महाकुंभ उनके संकल्प में साकार हो रहा है। हम अभिभूत हैं ऐसे शासक और प्रशासक को पाकर, जिनके सत्संकल्प से महाकुंभ को विश्वव्यापी मान्यता मिली है। यूनेस्को ने इसे सांस्कृतिक अमूर्त धरोहर घोषित किया है।

## महाकुंभ : अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने 'संगम घाट' पर की पूजा-अर्चना, बताया- 'अद्भुत अनुभव'

प्रात : किरण/ एजेंसी



महाकुंभ नगर। अदाणी ग्रुप के अध्यक्ष गौतम अदाणी मंगलवार को संगम नगरी प्रयागराज में 'महाकुंभ 2025' के भव्य आयोजन में पहुंचे। इस दौरान गौतम अदाणी ने महाकुंभ मेला में इस्कॉन मंदिर के शिविर का दौरा किया। इस दौरान उनकी पत्नी प्रीति अदाणी भी मौजूद रहीं। स्वागत के बाद गौतम अदाणी को महाप्रसाद बनाते हुए देखा गया।

उन्होंने अपनी पत्नी के साथ इस्कॉन मंदिर के शिविर में लोगों को महाप्रसाद वितरित किया। उसके बाद गौतम अदाणी ने पत्नी प्रीति अदाणी के साथ 'संगम घाट' पर पूजा-अर्चना की। वहीं, बड़े हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन भी किया। इस दौरान गौतम अदाणी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मैं प्रयागराज की धरती पर आया हूं और यहां आना अद्भुत अनुभव रहा है। यहां के अनुभव को शब्दों में नहीं बताया जा सकता है। महाकुंभ की दिव्यता और भव्यता अवर्णनीय है। मैं सभी भारतीयों की ओर से पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ को दिल से धन्यवाद देता हूं। मैं इतनी बड़ी संख्या में आगंतुकों के प्रबंधन के लिए उत्तर प्रदेश प्रशासन, विशेष रूप से पुलिसकर्मियों और स्वच्छता कर्मचारियों को भी धन्यवाद देता हूं। जिस तरह से यहां व्यवस्थाएं की गई हैं, वह वाकई प्रबंधन संस्थानों और कॉरपोरेट घरानों के लिए अध्ययन का विषय है। मेरे लिए मां गंगा के आशीर्वाद से बढ़कर कुछ नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश में अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश की 25-27 करोड़ की आबादी है। उत्तर प्रदेश सरकार विकास की दिशा में काम कर रही है। राज्य के विकास में अदाणी ग्रुप अपना योगदान देता रहेगा। हम राज्य में अधिकतम निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अपने बेटे जीत अदाणी की शादी को लेकर गौतम अदाणी ने कहा कि जीत की शादी 7 फरवरी को है। हमारा कार्यक्रम आम लोगों की तरह है। उनकी शादी बेहद साधारण और पूरे पारंपरिक तरीकों से होगी। अदाणी समूह इस साल इस्कॉन और गीता प्रेस के साथ मिलकर महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा में लगा हुआ है। इस्कॉन के साथ मिलकर अदाणी समूह प्रतिदिन एक लाख श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण कर रहा है। परिसर में 'अदाणी महाप्रसाद' का आयोजन किया जा रहा है, जहां हजारों भक्तों की भीड़ लगी हुई है।

## संक्षिप्त खबरें

### छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 14 नक्सली ढेर

गरियाबंद। छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा के पास गरियाबंद जिले में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में ओडिशा स्टेट कमेटी के प्रमुख चलपति समेत 14 नक्सली मारे गये हैं। ओडिशा पुलिस मुख्यालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद भी बरामद किए गए हैं। मौके पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। ओडिशा स्टेट कमेटी के प्रमुख चलपति के मारे जाने से नक्सली आंदोलन को बड़ा झटका लगा है। पुलिस ने कल जानकारी दी थी कि 20 जनवरी की सुबह सुरक्षा बलों ने कुल्हाड़ी घाट रिजर्व फॉरेस्ट में नक्सलियों के खिलाफ एक बड़ा अभियान शुरू किया था। इस ऑपरेशन में ओडिशा और छत्तीसगढ़ पुलिस की 10 टीमें शामिल हैं। जिनमें विशेष अभियान समूह (एसओजी) की तीन, छत्तीसगढ़ पुलिस की दो और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की पांच टीमें शामिल थीं। अभियान की शुरूआत के कुछ ही समय बाद नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे सुरक्षा बलों ने इलाके में तेजी से घेराबंदी की। कुल्हाड़ी घाट स्थित भालू डिग्गी जंगल में 1000 जवानों ने 60 नक्सलियों को घेर रखा है। मामला मैनपुर थाना इलाके का है। जवानों ने जिन 14 नक्सलियों को ढेर कर दिया है, सभी का शव बरामद कर लिया गया है। इसमें कई हार्डकोर नक्सली शामिल है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस की टीम को गरियाबंद के जंगलों में बड़े नक्सलियों की गतिविधि की सूचना मिली थी।

## विदेश मंत्री जयशंकर ने की ट्रंप प्रशासन के नये सदस्यों समेत विभिन्न नेताओं से मुलाकात





प्रात : किरण/ एजेंसी

वाशिंगटन/नई दिल्ली। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में ट्रंप प्रशासन के नये सदस्यों, राजनीतिक नेताओं के अलावा अर्जेंटीना के राष्ट्रपति से मुलाकात की। डॉ. जयशंकर ने एक्स पर अपनी पोस्ट में इन मुलाकातों की तस्वीरें साझा कीं। श्री ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में वह सबसे आगे की पंक्ति में राष्ट्रपति के पोडियम के ठीक सामने बैठे दिख रहे हैं। बाद में शाम के समारोह के दौरान उन्होंने हाउस आफ रिप्रेजेंटेटिव के स्पीकर जॉनसन तथा सदन में बहुमत यानी रिपब्लिकन पार्टी के नेता जॉन थून और नये प्रशासन के प्रमुख प्रतिनिधियों से मुलाकात की।

विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जे मिली से भी भेंट की और उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## क्या अर्थव्यवस्था में लोगों को उनकी उचित हिस्सेदारी मिल रही है : राहुल गांधी

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अर्थव्यवस्था के विभिन्न सूचकांकों का हवाला देते हुए मंगलवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और सवाल किया कि जब सबकी मेहनत से अर्थव्यवस्था का पहिया घूम रहा है तो क्या उसमें आम लोगों को उनकी उचित हिस्सेदारी मिल पा रही है? उन्होंने दावा किया कि हानिकारक जीएसटी और आयकर की मार ने गरीब और मध्यम वर्ग का जीना हराम कर रखा है, जबकि कॉर्पोरेट घरानों का कर्जा माफ किया जा रहा है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, ह्रमोदी जी के विकसित भारत की सच्चाई : मेहनत आपकी, मुनाफा किसका ? आप सभी के खून पसीने से देश की अर्थव्यवस्था का पहिया घूम रहा है, लेकिन क्या आपको इसमें उचित हिस्सा मिल रहा है ? जरा सोचिए। उन्होंने दावा किया कि विनिर्माण क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में हिस्सेदारी 60 साल के सबसे निचले स्तर तक चली गई तथा इस वजह से लोगों को रोजगार के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, ह्रकृषि क्षेत्र में गलत नीतियों ने किसान और खेत मजदूर की स्थिति बदहाल कर दी है। वे मुश्किल से अपना गुजारा कर पा रहे हैं। पिछले पांच वर्षों में श्रमिकों की वास्तविक आमदनी या तो स्थिर है या कम हुई है। राहुल गांधी के अनुसार, हानिकारक जीएसटी और आयकर की मार ने गरीब और मध्य वर्ग का जीना हराम कर रखा है, जबकि कॉर्पोरेट का कर्जा माफ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आसमान छूती महंगाई के कारण अब न सिर्फ. गरीब बल्कि वेतनभोगी वर्ग भी अपनी जरूरतों के लिए कर्ज लेने को मजबूर है। राहुल गांधी ने कहा, वास्तविक विकास वह है जहां सबकी उन्नति हो झ्र व्यवसाय के लिए निष्पक्ष माहौल मिले, उचित कर व्यवस्था हो और श्रमिकों की आमदनी बढ़े। इससे ही देश समृद्ध और मजबूत बनेगा।

## लोकतांत्रिक संस्थाओं में कार्यकुशलता को बढ़ाना होगा : ओम बिरला

प्रात : किरण/ एजेंसी



पटना। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विधानमंडलों के तकनीकी उन्नयन पर जोर देते हुए आज कहा कि बदलती टेक्नोलॉजी के इस युग में अपनी लोकतांत्रिक संस्थाओं में कार्यकुशलता को बढ़ाना होगा। श्री बिरला ने मंगलवार को यहां 85वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन (एआईपीओसी) के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा, ह्लबदलती टेक्नोलॉजी के इस युग में हमें अपनी लोकतांत्रिक संस्थाओं में कार्यकुशलता को बढ़ाना होगा। मुझे खुशी है कि भारत की संसद दुनिया के सभी संसदों से टेक्नोलॉजी में आगे है। हम 22 आधिकारिक भाषाओं में से 10 में भाषांतरण कर रहे हैं। शीघ्र ही हम सभी 22 भाषाओं में यह सुविधा सदस्यों को उपलब्ध करायेंगे। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि संसद के अंदर सभी प्रकार के संसदीय कागजातों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के माध्यम से 10 क्षेत्रीय भाषाओं में सदस्यों को दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में भारत ही एक मात्र ऐसा लोकतंत्र है जिसमें सारी बहसों और चचार्ओं को एआई के माध्यम से फ्लोर लैंग्वेज के अलावा अधिकतम भाषाओं में अनुवाद की ओर बढ़ रहे हैं। श्री बिरला ने कहा कि लोकसभा की कुशलता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए मेटा डेटा एवं अन्य उभरती प्रौद्योगिकी का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा, संसद में हमने एआई के माध्यम से संसद भाषिणी के टूल्स बनाये हैं। हम उनको राज्यों के साथ भी साझा करेंगे ताकि राज्यों की विधानसभाओं में भी इनका उपयोग हो। चचार्ओं का डिजिटलीकरण होने से सदस्यों की कार्यक्षमता, कुशलता और उत्पादकता बढ़ेगी। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि विधानसभा के सदस्य पुरानी चचार्ओं का उपयोग करके सदनों में और अच्छा संवाद करेंगे। उन्होंने कहा, ह्लआज हम पटना की इस ऐतिहासिक धरती पर यह सामूहिक संकल्प ले रहे हैं कि हम अपनी लोकतांत्रिक संस्थाओं की कुशलता और दक्षता को बढ़ायेंगे, सदस्यों की कार्य क्षमता को बढ़ायेंगे ताकि हमारी लोकतांत्रिक संस्थाएं जनता के प्रति और जवाबदेह हो तथा उनकी अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को पूरा कर विकसित भारत के निर्माण का माध्यम बनेगी। श्री बिरला ने कहा कि पाटलिपुत्र शाश्वत भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों का उद्गम स्थल, गौरवशाली इतिहास परंपरा एवं संस्कृति, ज्ञान, शिक्षा, सभ्यता और लोकतंत्र की जन्म एवं कर्मभूमि है। उन्होंने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि यह पीठासीन अधिकारियों का सम्मेलन निर्णायक होगा, यहां जो संकल्प लिये गये हैं उनसे हम हमारे देश की विधायी संस्थाओं को जनता के प्रति और जवाबदेह बनायेंगे। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि हम विधान मंडलों में पारदर्शिता लायेंगे, बदलते परिप्रेक्ष्य में विधानमंडलों में नवाचार, नये नियम बनाना और जो वर्तमान समय की चुनौतियां हैं, उन चुनौतियों के समाधान का रास्ता पटना की धरती से निकलेगा। उन्होंने कहा कि पटना के इस सम्मेलन की उपलब्धि रही कि सदस्यों ने विधानसभाओं में किए गए नवाचारों की जानकारी और अनुभव साझा किए जिससे सभी को उन नवाचारों को अपने अपने सदनों में लागू करने की प्रेरणा मिली है।




देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

नई दिल्ली, बुधवार, 22 जनवरी, 2025



## संक्षिप्त समाचार

### गोदाम का ताला तोड़कर लैपटॉप और पीतल की 80 टोंटियां चोरी

**रूड़की, एजेंसी।** चोरों ने हार्डवेयर के सामान के एक गोदाम का ताला तोड़कर लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया है। चोर एक लैपटॉप और पीतल की 80 टोंटियां चोरी करके अपने साथ ले गए हैं। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। कोतवाली रुड़की पुलिस को दी गई तहरीर में लालकुर्ती निवासी राजेंद्र सिंह ने बताया कि वह भवन निर्माण का काम करता है। उसने लेखानगर में एक गोदाम बनाया हुआ है। इसमें हार्डवेयर का सामान, पानी की टोंटियां व अन्य सामान रखता है। शनिवार रात को चोरों ने मौका पाकर गोदाम का ताला तोड़ दिया। चोर गोदाम के अंदर दाखिल हुए। चोरों ने गोदाम में रखा लैपटॉप, पीतल की 80 टोंटियां और अन्य सामान चोरी कर लिया। रविवार सुबह जब वह गोदाम पर पहुंचा तो ताला टूटा देखकर वह दंग रह गया। गोदाम के अंदर जाने पर सामान बिखरा हुआ मिला। गोदाम से लैपटॉप और पीतल की टोंटिया चोरी होने का पता चला। इसके बाद मामले की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन की। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है। कोतवाली प्रभारी नरेंद्र बिष्ट ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### शराब की पीकर दौड़ा रहे थे वाहन, पुलिस ने ली खबर

**रूड़की, एजेंसी।** पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वाले चार वाहन चालकों को गिरफ्तार कर उनका एमवी एक्ट में चालान कर दिया है। उनके वाहनों को भी सीज कर दिया है। साथ ही उनके लाइसेंस के निरस्तीकरण की भी कार्रवाई की जा रही है। बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ अभियान शुरू किया है। सुल्तानपुर पुलिस चौकी प्रभारी लोकपाल परमार ने बताया कि शनिवार रात वाहन चेकिंग दौरान चार वाहन चालक रवि निवासी गांव टीक्कमपुर, अब्दुल्ला निवासी सुल्तानपुर आदमपुर, सोनू निवासी नसीरपुर कला और लोकेश निवासी शिवगढ़ को शराब पीकर वाहन चलाने पर गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए चारों लोगों के विरुद्ध एमवी एक्ट की धाराओं में कार्रवाई की गई है। साथ ही चारों वाहन चालकों के वाहनों को भी सीज कर दिया गया है। साथ ही उनके लाइसेंस के निरस्तीकरण की भी कार्रवाई की गई है।

### बाइक से पटाखा छोड़ने वाले दो युवक गिरफ्तार

**रूड़की, एजेंसी।** कोतवाली रुड़की के बाहर ही पटाखा छोड़ते हुए बुलेट बाइक दौड़ा रहे दो युवकों को पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस ने दोनों युवकों की बाइक सीज कर दी है। हालांकि दोनों युवकों को चेतावनी देते हुए उनके परिजनों को सौंप दिया गया है। शनिवार देर शाम को एक बुलेट सवार दो युवक कोतवाली रुड़की के बाहर बुलेट से पटाखा छोड़ते हुए बाइक दौड़ा रहे थे। पुलिस ने दोनों युवकों का पीछा किया। आगे कुछ लोगों ने दोनों युवकों को घेर लिया। दोनों युवकों को पकड़कर कोतवाली लाया गया। उनकी बाइक सीज कर दी गई। साथ ही उनके परिजनों को सूचित किया गया।

### नशा मुक्ति-औषधि बिक्री नियमों को लेकर किया जागरूक

**हरिद्वार, एजेंसी।** हरिद्वार केमिस्ट एसोसिएशन की ओर से कनखल स्थित कपिल वाटिका में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी गढ़वाल सुधीर कुमार ने कहा कि मेडिकल स्टोर संचालक यह सुनिश्चित करें कि हर दवा की बिक्री केवल वैध बिल के माध्यम से हो। प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री गंभीर अपराध है और इसमें लिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। विशिष्ट अतिथि औषधि निरीक्षक अनीता भारती ने नशा मुक्ति अभियान को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने दवा विक्रेताओं और थोक विक्रेताओं से अपील की कि वे नशीली दवाओं की बिक्री रोकने में सक्रिय भूमिका निभाएं। लोगों को शपथ दिलाई कि युवा पीढ़ी को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए पूरे मन और लगन से कार्य करेंगे। हरिद्वार केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित गर्ग ने दवा व्यवसायियों को एकजुट होकर कार्य करने की प्रेरणा दी। सुनील अरोड़ा, अजय गुप्ता, लालढांग मेडिकल एसोसिएशन के संयोजक मनोज कुमार, अध्यक्ष गौतम सिंह और शालिनी सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी विचार रखे।

# झुग्गी के बच्चों पर पसीजा देहरादून डीएम का दिल, तुरंत दे दिए एक लाख रुपए

## बोले- भविष्य संवारने को करेंगे पूरी मदद

**देहरादून, एजेंसी।** आमजन के भीतर प्रशासन का भरोसा बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे जिलाधिकारी सविन बंसल का दिल झुग्गी में रहने वाले गरीब बच्चों पर पसीज गया। उन्होंने बांस की बावड़ी की दशा सुधारने के लिए तत्काल एक लाख रुपए स्वीकृत कर दिए।

सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई के दौरान प्रेम नगर निवासी एक दिव्यांग महिला ने बताया कि वह बीते 18 वर्षों से झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले बच्चों को शिक्षित करने का काम कर रही है। अब तक वह 2500 बच्चों को शिक्षित कर चुकी हैं।

उन्होंने बताया कि वह जिस बांस की बावड़ी में बच्चों को पढ़ाती हैं, उसकी दशा बेहद खराब है। बावड़ी की मरम्मत के लिए उन्हें 60 हजार रुपए की जरूरत है। दिव्यांग महिला के नेक कार्य और झुग्गी के बच्चों की स्थिति को समझते हुए जिलाधिकारी सविन बंसल ने सीएसआर फंड से तत्काल एक लाख रुपए स्वीकृत कर दिए।



साथ ही भरोसा दिलाया कि वह बच्चों के भविष्य के लिए हर संभव सहायता करने को तैयार हैं। जनसुनवाई में ही डिफेंस कॉलोनी की बुजुर्ग महिला ने अपनी व्यथा सुनाते हुए कहा कि उनके स्वजनों ने घर से निकाल दिया है। जिलाधिकारी ने इसे गंभीरता से लेते हुए न सिर्फ एसएसपी कार्यालय स्थित सीनियर सिटीजन सेल के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए, बल्कि महिला को सरकारी वाहन से सेल तक पहुंचाने का इंतजाम भी किया।

जनसुनवाई में अपर जिलाधिकारी प्रशासन जयभारत सिंह, उपजिलाधिकारी मुख्यालय शालिनी नेगी, उपजिलाधिकारी सदर हर गिरि, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे। जिलाधिकारी के समक्ष पहुंची एक शिकायत में बताया गया कि नत्थनपुर में विधायक निधि से बनी सड़क पर अवैध कब्जा किया गया है।

रजिस्ट्री में सड़क की चौड़ाई 16 फीट है, जबकि 08 फीट के करीब भाग को ग्रिल लगाकर कब्जा लिया गया है। प्रकरण में जिलाधिकारी ने जिला विकास अधिकारी को जांच कर रिपोर्ट देने को कहा। इसी तरह प्रेम नगर निवासी एक बुजुर्ग व्यक्ति की शिकायत पर उनकी बाउंड्री वॉल तोड़कर बजरी डाले जाने के मामले में पुलिस को कार्रवाई के लिए कहा गया।

ग्राम समाल्टा निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई कि उन्होंने सोलर प्लांट लगवाया था। अब वह प्लांट से बनाई गई बिजली के अनुसार अपने घर के बिल को समायोजित करने के लिए सालों से चक्कर लगा रहे हैं। उन्होंने मांग उठाई कि बिजली के बिल को समायोजित कराया जाए और उत्पादित विद्युत मूल्य का उन्हें भुगतान कराया जाए। शिकायत पर जिलाधिकारी ने ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता के साथ ही गढ़वाल/संबंधित क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ता निवारण मंच के अध्यक्ष को भी पत्र भेजा।

### गोदाम का ताला तोड़कर लैपटॉप और पीतल की 80 टोंटियां चोरी

**रूड़की, एजेंसी।** चोरों ने हार्डवेयर के सामान के एक गोदाम का ताला तोड़कर लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया है। चोर एक लैपटॉप और पीतल की 80 टोंटियां चोरी करके अपने साथ ले गए हैं। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। कोतवाली रुड़की पुलिस को दी गई तहरीर में लालकुर्ती निवासी राजेंद्र सिंह ने बताया कि वह भवन निर्माण का काम करता है। उसने लेखानगर में एक गोदाम बनाया हुआ है। इसमें हार्डवेयर का सामान, पानी की टोंटियां व अन्य सामान रखता है। शनिवार रात को चोरों ने मौका पाकर गोदाम का ताला तोड़ दिया। चोर गोदाम के अंदर दाखिल हुए। चोरों ने गोदाम में रखा लैपटॉप, पीतल की 80 टोंटियां और अन्य सामान चोरी कर लिया। रविवार सुबह जब वह गोदाम पर पहुंचा तो ताला टूटा देखकर वह दंग रह गया। गोदाम के अंदर जाने पर सामान बिखरा हुआ मिला। गोदाम से लैपटॉप और पीतल की टोंटिया चोरी होने का पता चला। इसके बाद मामले की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची।

### औषधि बिक्री नियमों को लेकर किया जागरूक

**हरिद्वार, एजेंसी।** हरिद्वार केमिस्ट एसोसिएशन की ओर से कनखल स्थित कपिल वाटिका में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी गढ़वाल सुधीर कुमार ने कहा कि मेडिकल स्टोर संचालक यह सुनिश्चित करें कि हर दवा की बिक्री केवल वैध बिल के माध्यम से हो। प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री गंभीर अपराध है और इसमें लिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने दवा विक्रेताओं और थोक विक्रेताओं से अपील की कि वे नशीली दवाओं की बिक्री रोकने में सक्रिय भूमिका निभाएं। लोगों को शपथ दिलाई कि युवा पीढ़ी को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए पूरे मन और लगन से कार्य करेंगे। हरिद्वार केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित गर्ग ने दवा व्यवसायियों को एकजुट होकर कार्य करने की प्रेरणा दी। इस दौरान एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष पंकज गोयल, महामंत्री सुनील अरोड़ा, अजय गुप्ता, लालढांग मेडिकल एसोसिएशन के संयोजक मनोज कुमार, अध्यक्ष गौतम सिंह और शालिनी सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी विचार रखे।

## घर-घर तक यूसीसी को पहुंचाएंगे जनसेवा केंद्र के एजेंट

**देहरादून, एजेंसी।** यूसीसी को यूजर फ्रेंडली बनाया गया है। जिससे घर बैठे मोबाइल के माध्यम से भी अपना पंजीकरण करा सकेंगे। प्रदेश के दुर्गम क्षेत्रों तक भी समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को पहुंचाने के लिए सरकार ने विशेष योजना बनाई है। जहां इंटरनेट की सुविधा नहीं है, वहां जनसेवा केंद्रों के एजेंट घर-घर तक पहुंचकर पंजीकरण आदि का काम कराएंगे। ई-मेल, एसएमएस के माध्यम से आवेदन को ट्रैक कर सकेंगे। नागरिकों को शिकायत का भी विकल्प मिलेगा। यूसीसी को यूजर फ्रेंडली बनाया गया है। जिससे घर बैठे मोबाइल के माध्यम से भी अपना पंजीकरण करा सकेंगे। नागरिकों के लिए पंजीकरण की सुविधा को सरल बनाने के लिए 10,000 कॉमन सर्विस सेंटर यूजर को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में पंजीकरण से संबंधित कार्यों के



लिए ग्राम पंचायत विकास अधिकारी को सब रजिस्ट्रार के रूप में नियुक्त किया गया है। जिससे स्थानीय स्तर पर ही ग्रामीण नागरिकों को पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध हो सके। यूसीसी में पंजीकरण की सुविधा को सरल एवं सुचारू बनाने के लिए आधार से पंजीकरण का विकल्प भी दिया गया है। नियमावली के तहत ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से नागरिकों की शिकायतों के पंजीकरण की व्यवस्था भी की गई है। नियमावली के प्रावधानों को लागू करने के लिए व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। नौ जनवरी से ब्लॉक स्तर पर 2000 अधिकारियों के प्रशिक्षण की शुरुआत की गई थी जो पूरा हो गया है। मंगलवार को राज्यस्तरीय मॉक ड्रिल होगी। इसके अलावा 24 जनवरी तक 10,000 वीईएल (सीएससी यूजर) को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। नोडल अधिकारियों की जिलावार नियुक्ति की गई है। तकनीकी सहायता के लिए हेल्पलाइन स्थापित की गई है। कानूनी प्रश्नों के लिए जिला स्तरीय अभियोजन विभाग के अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

## विशेष लाभकारी होता है प्रसव पूर्व टेलर्ड योग

**ऋषिकेश, एजेंसी।** गर्भवतियों के सुरक्षित और सामान्य प्रसव के लिए एम्स के आयुष विभाग में टेलर्ड योग का संचालन किया जा रहा है। दैनिक स्तर पर संचालित होने वाले इस सत्र में योग प्रशिक्षक गर्भवतियों को विभिन्न प्रकार के योगाभ्यास करवा रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अभी तक किए गए अनुसंधानों से प्रमाणिक हो चुका है कि टेलर्ड योग पद्धति प्रसव में विशेष लाभकारी है। बदलती जीवनशैली के चलते गर्भवतियों को सबसे बड़ी परेशानी सुरक्षित प्रसव को लेकर होती है। ऐसे में प्रसव के समय बिना सर्जरी के सामान्य डिलिवरी करवाना प्रत्येक पति-पत्नी की पहली प्राथमिकता होती है। इन सभी समस्याओं को ध्यान मे रखते हुए गर्भवतियों का प्रसव आसान बनाने और उन्हें मानसिक तथा शारीरिक तौर से स्वास्थ्य लाभ देने के उद्देश्य से एम्स के आयुष विभाग में एक विशेष योग सत्र का संचालन किया जा रहा है। दैनिक स्तर पर होने वाले इस योग सत्र में योग विमर्श द्वारा महिला की कांउसिलिंग करने के साथ ही बच्चे की डिलीवरी होने तक नियमित स्तर पर योग, प्राणायाम और ध्यान का महत्व बताया जाता है। गर्भवतियों को योगाभ्यास भी करवाते हैं। योग और प्राकृतिक चिकित्सा की डॉ. श्वेता मिश्र ने बताया कि गर्भवतियों में प्रसव के लिए टेलर्ड योग लाभकारी सिद्ध हुआ है। यह सुविधा इंटीग्रेटेड एप्रोच के तहत शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि जैसे-जैसे महिला के गर्भ में पल रहा भ्रूण विकसित होता जाता है, वैसे-वैसे ही प्रत्येक त्रैमासिक स्तर पर महिला को दी जाने वाली सलाह में बदलाव कर दिया जाता है। डॉ. स्वेता ने बताया कि टेलर्ड योग में अभ्यास के लिए गर्भवती को सप्ताह में तीन दिन आना जरूरी है।

### संदिग्ध हालत में विवाहिता की मौत, हत्या करने का आरोप

**पथरी, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के ग्राम एकड़ कलां में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी में भिजवा दिया है। मायके वालों ने विवाहिता की हत्या करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। पुलिस ने उन्हें समझा-बुझाकर शांत कराया। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

पुलिस के अनुसार, एकड़ कलां निवासी गोविंद रुद्रपुर में जेई के पद पर कार्यरत हैं। रविवार को गोविंद की पत्नी नैना (36) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। विवाहिता की मौत की खबर मिलते ही मायके वाले पहुंच गए और हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। विवाहिता के पति गोविंद का कहना है कि जिस कमरे में उसकी पत्नी सो रही थी, वहां हीटर चल रहा था। कमरे में हीटर की गैस बनने से दम घुटने से मौत हो गई।

ज्वालापुर के कड़च्छ मौहल्ला में रहने वाले मायके पक्ष के लोगों ने इस बात को नकारते हुए हत्या का आरोप लगाया। आरोप लगाया कि नैना के गले पर चोट के निशान हैं। नैना व उसके पति गोविंद में आपस में मनमुटाव रहता था। गोविंद कई बार नैना को उसके मायके छोड़ आया था। मायके वाले नैना को समझा बुझाकर ससुराल छोड़ आते थे। अक्सर उसका उत्पीड़न किया जाता था। थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हीमौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है।

### सर्विस मार्ग नहीं होने से ग्रामीणों में रोष, जल्द समाधान का आश्वासन

**श्यामपुर, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की उदासीनता के कारण ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव के लिए सर्विस मार्ग नहीं होने से ग्रामीणों, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों को आवागमन में दिक्कतें हो रही हैं। इस समस्या को लेकर ग्राम प्रधान देवेंद्र सिंह नेगी ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर शिकायत की थी।

जिलाधिकारी के निर्देश पर रविवार को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने सर्विस मार्ग को लेकर ग्रामीणों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। ग्राम प्रधान ने बताया कि पहले गांव से हाईवे तक का मार्ग इंटरलॉकिंग टाइल्स से बनाया गया था, लेकिन पुल निर्माण के दौरान यह मार्ग बंद हो गया। ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए कहा कि सर्विस मार्ग न होने से सड़क पार करते समय दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। कार्यदायी संस्था के जीएम गौरव चौहान ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्या का समाधान जल्द किया जाएगा।

### संदिग्ध हालत में विवाहिता की मौत, हत्या करने का आरोप

**पथरी, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के ग्राम एकड़ कलां में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी में भिजवा दिया है। मायके वालों ने विवाहित[illegible] का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। पुलिस ने उन्हें समझा-बुझाकर शांत कराया। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

पुलिस के अनुसार, एकड़ कलां निवासी गोविंद रुद्रपुर में जेई के पद पर कार्यरत हैं। रविवार को गोविंद की पत्नी नैना (36) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। विवाहिता की मौत की खबर मिलते ही मायके वाले पहुंच गए और हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। विवाहिता के पति गोविंद का कहना है कि जिस कमरे में उसकी पत्नी सो रही थी, वहां हीटर चल रहा था। कमरे में हीटर की गैस बनने से दम घुटने से मौत हो गई।

ज्वालापुर के कड़च्छ मौहल्ला में रहने वाले मायके पक्ष के लोगों ने इस बात को नकारते हुए हत्या का आरोप लगाया। आरोप लगाया कि नैना के गले पर चोट के निशान हैं। नैना व उसके पति गोविंद में आपस में मनमुटाव रहता था। गोविंद कई बार नैना को उसके मायके छोड़ आया था। मायके वाले नैना को समझा बुझाकर ससुराल छोड़ आते थे। अक्सर उसका उत्पीड़न किया जाता था। थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हीमौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है।

### नीलकंठ में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने को मिली हरी झंडी

**ऋषिकेश, एजेंसी।** विकासखंड अंतर्गत नीलकंठ में शासन स्तर से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने को लेकर हरी झंडी मिल गई है। वित्तीय स्वीकृति मिलने के बाद जल्द ही धरातल पर निर्माण कार्य शुरू होगा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनने से ग्रामीणों को करीब 25 से 30 किमी की दूरी नापने से निजात मिलेगी।

नीलकंठ में कई वर्षों से एएनएम सेंटर संचालित हो रहा है। वर्तमान में यहां एक फार्मासिस्ट और एक एएनएम तैनात हैं। प्राचीन नीलकंठ धाम में रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। सावन मास में कांवड़ यात्रा के दौरान इनकी संख्या लाखों में पहुंच जाती है।

इसके साथ ही आसपास के कई गांव भादसी, तौली, मौन, कोठार, भौन, पूंडरासू आदि करीब एक दर्जन से अधिक गांव हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नहीं होने से स्थानीय ग्रामीण और श्रद्धालु स्वास्थ्य उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लक्ष्मणझूला टाइप ए और एसपीएस राजकीय चिकित्सालय ऋषिकेश जाते हैं।

### बाइक से पटाखा छोड़ने वाले दो युवक गिरफ्तार

**रूड़की, एजेंसी।** कोतवाली रुड़की के बाहर ही पटाखा छोड़ते हुए बुलेट बाइक दौड़ा रहे दो युवकों को पुलिस ने पकड़ लिया। हालांकि दोनों युवकों को चेतावनी देते हुए उनके परिजनों को सौंप दिया गया है। सवार दो युवक कोतवाली रुड़की के बाहर बुलेट से पटाखा छोड़ते हुए बाइक दौड़ा रहे थे।

### सर्विस मार्ग नहीं होने से ग्रामीणों में रोष

**श्यामपुर, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की उदासीनता के कारण ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव के लिए सर्विस मार्ग नहीं होने से ग्रामीणों, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों को आवागमन में दिक्कतें हो रही हैं। इस समस्या को लेकर ग्राम प्रधान देवेंद्र सिंह नेगी ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर शिकायत की थी।

जिलाधिकारी के निर्देश पर रविवार को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने सर्विस मार्ग को लेकर ग्रामीणों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। ग्राम प्रधान ने बताया कि पहले गांव से हाईवे तक का मार्ग इंटरलॉकिंग टाइल्स से बनाया गया था, लेकिन पुल निर्माण के दौरान यह मार्ग बंद हो गया। ग्रामीणों ने इस मार्ग के पुनर्निर्माण की मांग की है। ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए कहा कि सर्विस मार्ग न होने से सड़क पार करते समय दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है।

## बिंदुखत्ता राजस्व ग्राम की मांग को पूर्व सैनिक संगठन ने दिया समर्थन

**लालकुआं, एजेंसी।** बिंदुखत्ता को राजस्व ग्राम का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर पूर्व सैनिक संगठन ने वन अधिकार समिति को समर्थन देने की घोषणा की है। रविवार को वन अधिकार समिति के बैनर तले हुई बैठक में 50 से अधिक पूर्व सैनिकों ने इसकी घोषणा की। अध्यक्ष खिलाफ सिंह दानू ने कहा कि विधायक, सांसद और मुख्यमंत्री से मिलकर इस मुद्दे को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे। वहां वन अधिकार समिति के अध्यक्ष अर्जुन नाथ गोस्वामी, सचिव भुवन भट्ट, चंचल सिंह कोरंगा आदि मौजूद थे।



### मृत कश्मीरी हिंदुओं को दी श्रद्धांजलि

**गदरपुर, एजेंसी।** वर्ष 1990 में कश्मीर में मारे गए कश्मीरी हिंदुओं की आत्म शांति के लिए भारतीय बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि सभा आयोजित की।

रविवार को भारतीय बजरंग दल के डॉ. आरके महाजन के कार्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में डॉ. महाजन ने कहा कि कश्मीरी हिंदू दर-दर की ठोकरें खा रहें हैं। बरेली में एक कश्मीरी हिंदू के साथ हुई घटना की कड़ी शब्दों में निंदा की। भारतीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कश्मीरी हिंदुओं की घर वापसी की मांग दोहराई।

## बाइक अनियंत्रित होकर पुल से 70 फीट गहरी खाई में गिरी, दो दोस्तों की मौत

**नैनीताल, एजेंसी।** हल्द्वानी-नैनीताल रोड पर आमपड़ाव के समीप मटियाली बैंड के पास दो दोस्त बाइक समेत पुल से नीचे गिर गए। हादसे में दोनों की जान चली गई। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। हल्द्वानी-नैनीताल रोड पर आमपड़ाव के समीप मटियाली बैंड के पास दो दोस्त बाइक समेत पुल से नीचे गिर गए। हादसे में दोनों की जान चली गई। नैनीताल के जॉय विला कम्पाउंड निवासी पत्रकार और हाईकोर्ट की अधिवक्ता लता नेगी के पुत्र वैभव नेगी (22) अपने दोस्त तल्लीताल निवासी अर्पित चौहान के साथ हल्द्वानी गए थे। देर शाम दोनों नैनीताल लौट रहे थे तभी अचानक बाइक अनियंत्रित होकर पुल से 70 फीट गहरी खाई में जा गिरी। प्रत्यक्षदर्शी की सूचना पर ज्योलीकोट चौकी पुलिस दमकल और एसडीआरएफ टीम के साथ मौके पर पहुंची। एक घंटे की मशक्कत के बाद टीम ने रेस्क्यू कर दोनों को गंभीर हालत में खाई से निकाला। पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों युवक को हल्द्वानी के डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

हल्द्वानी से बाइक पर लौट रहे वैभव नेगी और अर्पित के घर पहुंचने में देरी होने पर परिजन चिंतित हो गए। बाइक में लगे जीपीएस से उनकी लोकेशन आमपड़ाव के पास मिली। जीपीएस काफी देर तक वहीं की लोकेशन बताता रहा।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, बुधवार, 22 जनवरी, 2025



## संक्षिप्त खबरें

### भगवान महावीर हॉस्पिटल में पुलिस का मॉक ड्रिल

नई दिल्ली। 26 जनवरी की सुरक्षा को लेकर दिल्ली पुलिस लगातार मॉक ड्रिल कर रही है। पीतमपुरा के भगवान महावीर हॉस्पिटल में भी पुलिस ने एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया। जिसमें पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि एक लावारिस बैग अस्पताल के मेन गेट पर पड़ा हुआ है। उसमें कुछ भी संदिग्ध हो सकता है। कंट्रोल रूम को कॉल मिलते ही मौके पर लोकल पुलिस, पीसीआर, फायर ब्रिगेड की गाड़ी, एंबुलेंस इत्यादि पहुंच गई। एसीपी, एसएचओ भी अस्पताल पहुंचे और चीफ मेडिकल ऑफिसर को इन्फॉर्म किया गया। जांच के लिए पहुंची पुलिस की टीम ने सावधानी से बैग की तलाशी ली। लेकिन ऐसा कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला, उसके अंदर कपड़े भरे हुए थे। डीसीपी आउटर सचिन शर्मा ने बताया कि इस तरह का मॉक ड्रिल हॉस्पिटल में भी करना जरूरी है। जिससे कि किसी भी विषम परिस्थिति में सुरक्षा एजेंसियों के आपसी तालमेल की जांच हो सके। इसीलिए लगातार इस तरह के मॉक ड्रिल करके पुलिस और दूसरी सुरक्षा एजेंसी के साथ मिलकर एक्सरसाइज किया जा रहा है।

### सिख विरोधी दंगे: अदालत ने सज्जन कुमार के खिलाफ हत्या के मामले में फैसला टाला

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार के खिलाफ 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े हत्या के एक मामले में मंगलवार को अपना फैसला टाल दिया। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने अभियोजन पक्ष द्वारा कुछ बिंदुओं पर और दलीलें प्रस्तुत करने के लिए समय मांगे जाने के बाद फैसला 31 जनवरी तक के लिए स्थगित कर दिया। न्यायाधीश ने कहा, ह्यह्यअगली तारीख 31 जनवरी है। यह मामला सिख विरोधी दंगों के दौरान सरस्वती विहार इलाके में दो लोगों के मारे जाने से संबंधित है। वर्तमान में तिहाड़ जेल में बंद कुमार वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश हुए। जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह की 1 नवंबर, 1984 को हुई हत्या से जुड़े मामले में अंतिम दलीलें सुनने के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। शुरूआत में पंजाबी बाग थाने में मामला दर्ज किया गया था, लेकिन बाद में एक विशेष जांच दल ने जांच अपने हाथ में ले ली थी। अदालत ने 16 दिसंबर, 2021 को कुमार के खिलाफ प्रथम दृष्टया मामला पाते हुए उनके खिलाफ आरोप तय किए थे। अभियोजन पक्ष के अनुसार, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या का बदला लेने के लिए घातक हथियारों से लैस लोगों की भीड़ ने बड़े पैमाने पर लूटपाट और आगजनी की थी तथा सिखों की संपत्तियों को नष्ट कर दिया था। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि भीड़ ने घर पर हमला कर जसवंत तथा उनके बेटे की हत्या कर दी तथा सामान लूट कर उनके घर को आग लगा दी थी।

### बाहरी दिल्ली में संपत्ति विवाद के कारण व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

नई दिल्ली। बाहरी दिल्ली में कथित रूप से संपत्ति विवाद में 54 वर्षीय व्यक्ति की उसके घर के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि धरमवीर रोहिणी सेक्टर तीन में एक सरकारी शराब दुकान में काम करते थे। सोमवार रात को जब वह घर लौट रहे थे तभी यह घटना हुई। व्यक्ति अपनी कार में बेहोशी की हालत में पड़ा मिला था और जिस जगह उसे गोली मारी गई थी वहां से खून बह रहा था। पुलिस ने बताया कि पीड़ित के बेटे ने बवाना पुलिस थाने में घटना की सूचना दी। उन्होंने बताया कि धर्मवीर को मौके पर ही मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया, शुरूआती जांच से संकेत मिलता है कि हत्या का कारण लंबे समय से चल रहा संपत्ति विवाद था। परिवार के सदस्यों ने बताया कि इलाके में एक प्लॉट को लेकर शुरू से विवाद था। इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है।

### दिल्ली में गणतंत्र दिवस की रिहर्सल के कारण यातायात प्रतिबंध से यात्रियों को परेशानी

नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल के कारण मंगलवार को मध्य दिल्ली में भारी यातायात जाम रहा, जिससे सैकड़ों यात्री और वाहन सड़कों पर फंस गए। कर्तव्य पथ के पास भारी यातायात जाम की तस्वीर पोस्ट करते हुए एक यूजर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, दिल्ली यातायात पुलिस से यातायात प्रबंधन के लिए कहना बेकार है ? पूरी मध्य दिल्ली जाम में फंसी हुई है। कुछ यूजर्स ने बताया कि वे काम के लिए देर से पहुंचे या दिल्ली की सड़कों पर जाम की वजह से काम पर नहीं जाना चाहते थे। दक्षिणी दिल्ली के कई इलाकों में भी भारी यातायात जाम की खबर है। एक यात्री ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि वे एमबी रोड पर दो घंटे तक यातायात जाम में फंसे रहे।

# केजरीवाल की गारंटी, धोबी समाज के लिए बनाएंगे धोबी समुदाय कल्याण बोर्ड

प्रात : किरण/ एजेंसी



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को दिल्ली में धोबी समाज के विकास के लिए कई गारंटी दी। उन्होंने कहा कि मैं आप के राष्ट्रीय संयोजक और पार्टी का सीएम उम्मीदवार के तौर पर धोबी समाज की लंबित मांगों को स्वीकार करता हूं और एलान करता हूं कि दिल्ली में हमारी सरकार बनने पर हम धोबी समुदाय कल्याण बोर्ड का गठन करेंगे। धोबी समाज लोग बोर्ड में अपनी समस्याएं और सुझाव दे सकेंगे। इसके अलावा हमारी सरकार धोबी समाज के प्रेस थड़े को नियमित और लाइसेंस प्रक्रिया को दोबारा शुरू करेगी। इनसे बिजली और पानी का चार्ज कमर्शिलय नहीं, बल्कि घरेलू लिया जाएगा। इनके बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा और स्कॉलरशिप का इंतजाम किया जाएगा और युवाओं को स्किल की ट्रेनिंग दी जाएगी। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में धोबी समाज के लिए बड़ा एलान करते हुए कहा कि धोबी समाज की कई सालों से कई मांगे रही हैं। मैं आज आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और सीएम उम्मीदवार के तौर पर धोबी समाज की मांगों को कबूल करते हुए ऐलान करता हूं कि हमारी सरकार बनने पर दिल्ली सरकार धोबी समुदाय कल्याण बोर्ड का गठन करेगी।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि धोबी समाज की समय-समय पर कई समस्याएं निकलती रहती हैं। जब कोई समस्या निकलती है तो वह ढूंढते हैं कि किस नेता को उसके बारे में बताया जा सकता है। वह कभी किसी नेता को पकड़ते हैं तो कभी किसी को पकड़ते हैं। वह कभी इधर गुहार लगाते हैं तो कभी उधर गुहार लगाते हैं। धोबी समाज के लिए कोई एक ऐसा प्लेटफॉर्म नहीं है जहां पर उनकी समस्याओं की सुनवाई हो सके। अगर धोबी समुदाय कल्याण बोर्ड का गठन कर दिया जाता है तो यह एक ऐसा बोर्ड बन जाएगा, जहां पूरी दिल्ली के धोबी समाज के लोग जाकर अपनी समस्याएं और सुझाव बता सकते हैं। साथ ही, पूरी दिल्ली में धोबी समाज और इस पेशे का किस तरह से बेहतरी की जा सकती है, इसके ऊपर पॉलिसी भी बनाई जा सकती हैं। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैं आज एलान करता हूं कि दिल्ली में अलग-अलग कॉलोनियों में जो प्रेस थड़े (प्रेस करने वाली जगह) हैं, उनको नियमित किया जाएगा। अभी कई जगहों पर थड़े नियमित नहीं हैं जिसकी वजह से प्रशासन और पुलिस की तरफ से उन लोगों को तरह-तरह की प्रताड़ना दी जाती है। अभी धोबी समाज के लिए जो लाइसेंस की प्रक्रिया रुकी हुई है, उस प्रक्रिया को दोबारा शुरू किया जाएगा। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि धोबी गरीब होते हैं। वह लोगों के घर से कपड़े लेकर जाते हैं, उन्हें धोते हैं और प्रेस करके वापस करते हैं। इस पेशे में उन्हें बहुत कम पैसे मिलते हैं। जिसमें उन्हें घर का खर्चा भी चलाना है, बच्चों की फीस भी देनी है और अगर कोई बीमार हो जाए तो उसका इलाज भी कराना है। इसलिए इतने कम पैसों में उनके घर का खर्चा नहीं चल पाता है और सभी को यह जानकर ताज्जुब होगा कि धोबी समाज के लोगों से पानी और बिजली के कमर्शियल रेट लिए जाते हैं। यानि दिल्ली में बड़े-बड़े मॉल और दुकानों से जिस रेट में बिजली और पानी के रेट लिए जाते हैं, उसी रेट पर गरीब धोबी से भी रेट लिए जाते हैं। इसलिए मैं आज एलान करता हूं कि दिल्ली के अंदर सभी धोबी समाज और उनके पेशे के लिए बिजली और पानी के रेट घरेलू किए जाएंगे। उनके ऊपर कमर्शियल रेट नहीं लगाए जाएंगे। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि बुजुर्ग धोबियों के कल्याण के लिए योजना बनाई जाएगी। धोबी समुदाय कल्याण बोर्ड को इसकी जिम्मेदारी दी जाएगी कि धोबी समाज से रिटायर होने वाले और बुजुर्गों के लिए योजना बनाई जाई। धोबी समाज के बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए उचित स्कॉलरशिप का इंतजाम किया जाएगा।

# कांग्रेस जीतने के लिए नहीं, भाजपा के साथ मिलकर 'आप' को हराने के लिए चुनाव लड़ रही है : केजरीवाल

**अरविंद केजरीवाल ने कहा कि लोकेश बसंल और उनकी पूरी टीम ने बताया कि भाजपा बड़ी खतरनाक पार्टी है। भाजपा देश के लिए एक खराब पार्टी है। खासतौर पर गरीबों के लिए बहुत ही खतरनाक पार्टी है। इसलिए लोकेश बसंल ने फैसला लिया कि वह कांग्रेस के साथ नहीं रह सकते, क्योंकि कांग्रेस भाजपा के इशारे पर काम कर रही है। लोकेश बसंल के मुताबिक आम आदमी पार्टी अकेली पार्टी है जो देश के लिए काम कर रही है। इसलिए वह 22 साल के बाद कांग्रेस छोड़कर आम आदमी पार्टी जॉइन कर रहे हैं।**

प्रात : किरण/ एजेंसी



नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। मंगलवार को कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता नेता आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। इसमें मुख्य रूप से दिल्ली प्रदेश यूथ कांग्रेस के पूर्व महासचिव और नई दिल्ली लोकसभा के पर्यवेक्षक लोकेश बंसल, यूथ कांग्रेस के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व निर्वाचित अध्यक्ष किशन पाल और जिला यूथ कांग्रेस के पूर्व महासचिव राकेश कुमार शामिल हैं। इनके साथ आए सैकड़ों कार्यकताओं ने भी आप की सदस्यता ली। इसके अलावा, दिल्ली की आप सरकार की स्कॉलरशिप की मदद से लंदन से लॉ की डिग्री लेकर आए सुशांत सिंह ने केजरीवाल की मौजूदगी में आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सुशांत सिंह ने इतिहास रचते हुए लंदन यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ ओरिएंटल एंड अफ्रीकन स्टडीज के स्टूडेंट यूनियन के अध्यक्ष पद का चुनाव दो बार जीता है। पार्टी मुख्यालय में आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पटका और टोपी पहना कर पार्टी में सबका स्वागत किया। इस दौरान अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व महासचिव लोकेश बसंल अपनी पूरी टीम के साथ आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। लोकेश बसंल नई दिल्ली विधानसभा में कांग्रेस के सर्वेसर्वा रहे हैं। आज लोकेश बसंल और उनकी टीम आम आदमी पार्टी जॉइन कर रहे हैं। इनके आम आदमी पार्टी में आने से नई दिल्ली विधानसभा में कांग्रेस खत्म हो गई है। लोकेश बसंल ने 22 साल कांग्रेस में काम किए। यह 2-3 दिन पहले मेरे पास आए। इन्होंने मुझे बताया कि वह एक युवा के नाते कांग्रेस में यहह सोच कर गए थे कि देश के लिए कुछ करेंगे। लेकिन अब कांग्रेस भाजपा की गोंद में जाकर बैठ गई है। दिल्ली में कांग्रेस सीट जीतने की लड़ाई नहीं लड़ रही है बल्कि वह भाजपा के साथ मिलकर आम आदमी पार्टी को हराने के लिए लड़ाई लड़ रही है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि लोकेश बसंल और उनकी पूरी टीम ने बताया कि भाजपा बड़ी खतरनाक पार्टी है। भाजपा देश के लिए एक खराब पार्टी है। खासतौर पर गरीबों के लिए बहुत ही खतरनाक पार्टी है। इसलिए लोकेश बसंल ने फैसला लिया कि वह कांग्रेस के साथ नहीं रह सकते, क्योंकि कांग्रेस भाजपा के इशारे पर काम कर रही है। लोकेश बसंल के मुताबिक आम आदमी पार्टी अकेली पार्टी है जो देश के लिए काम कर रही है। इसलिए वह 22 साल के बाद कांग्रेस छोड़कर आम आदमी पार्टी जॉइन कर रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि लोकेश बसंल ने कोई पद नहीं मांगा। इन्होंने बस इतना कहा कि इन्हें आम आदमी पार्टी में देश की सेवा करने का मौका मिलता रहे। मैं लोकेश बसंल और इनकी पूरी टीम का आम आदमी पार्टी में तहेदिल से स्वागत करता हूं। मैं उम्मीद करता हूं कि हम साथ मिलकर नई दिल्ली विधानसभा की सीट भारी बहुमत से जीतेंगे। वहीं, अरविंद केजरीवाल ने सुशांत सिंह के लिए कहा कि सुशांत दलित समाज से है। यह दिल्ली सरकार की एससी स्कॉलरशिप लेकर लंदन से लॉ की डिग्री लेकर आए हैं। बाबा साहब अंबेडकर लंदन से ही लॉ की डिग्री लेकर आए थे। मुझे खुशी होती है कि हमारी सरकार की स्कॉलरशिप लेकर वह लंदन से डिग्री लेकर आए है। अब हमारी अगली सरकार में ज्यादा से ज्यादा कोशिश रहेगी कि दलित समाज के जो बच्चे विदेशों की यूनिवर्सिटी में एडमिशन लेते हैं, उन्हें हम स्कॉलरशिप पर भेजा करेंगे और उनका पूरा खर्चा उठाएंगे। मुझे बहुत खुशी हो रही है कि सुशांत सिंह आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। सुशांत सिंह ने कहा कि मैं अरविंद केजरीवाल का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने मुझे लंदन भेजा। मेरे माता-पिता जब दिल्ली आए थे तो वह इस सपने के साथ आए थे कि उन्हें शिक्षा नहीं मिली, लेकिन उनके बच्चों को मिले। हम बाबा साहब अंबेडकर को फॉलो करते हैं। इसलिए मेरा एक सपना था कि बाबा साहब की तरह मैं भी विदेश जा पाऊं। दिल्ली सरकार एससी/एसटी स्कॉलरशिप देती है। मुझे दो ही लोगों ने सपोर्ट किया। पहला दिल्ली सरकार से अरविंद केजरीवाल ने और दूसरा मेरे समाज ने मुझे सपोर्ट किया। मैंने देखा है कि बाबा साहब के विचारों पर कोई काम कर रहा है तो वह आम आदमी पार्टी है। उल्लेखनीय है कि सुशांत सिंह एक दलित समुदाय से आते हैं। उनके माता-पिता उत्तर प्रदेश से दिल्ली आए थे। उन्होंने दिल्ली सरकार की एससी/एसटी स्कॉलरशिप की मदद से लंदन यूनिवर्सिटी से मानवाधिकार में एलएलबी की पढ़ाई की। लंदन में, जहां बड़े-बड़े और प्रभावशाली परिवारों के बच्चे पढ़ाई करते हैं, वहां सुशांत सिंह ने इतिहास रचते हुए एसओएएस यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट यूनियन के अध्यक्ष पद का चुनाव दो बार जीता। यह एक दलित छात्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। वहीं, लोकेश बसंल ने कहा कि मैं अरविंद केजरीवाल से अपनी पहली मुलाकात में काफी प्रभावित हो गया। अरविंद केजरीवाल अकेले ऐसे व्यक्ति हैं जो देश, समाज, गरीब और वंचितों के लिए सोचते हैं, वरना कोई नहीं सोचता है। अरविंद केजरीवाल हमेशा लोगों के बीच में रहते हैं और उनकी समस्याओं को सुनते हैं। अरविंद केजरीवाल ही देश का उद्धार कर सकते हैं। आम आदमी पार्टी अकेली ऐसी पार्टी है जो देश, लोगों और गरीबों के लिए काम कर रही है। भाजपा और कांग्रेस सिर्फ नंबर की लड़ाई लड़ रहे हैं। दोनों लड़ाई में कहीं नहीं हैं। भाजपा और कांग्रेस एक ही दल हैं, लेकिन अलग-अलग पक्षों से चुनाव लड़ रहे हैं। ये सिर्फ वोट काटने में लगे हुए हैं। दिल्ली में वोट काटने के अलावा इनका कोई अस्तित्व नहीं दिख रहा है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की ही सरकार रहेगी और आने वाले वक्त में केंद्र में भी आम आदमी पार्टी की सरकार होगी। आम आदमी पार्टी के मुख्यालय में कांग्रेस को छोड़कर आए वरिष्ठ नेता लोकेश बसंल और उनकी टीम ने फूलों की माला पहनाकर अरविंद केजरीवाल का स्वागत किया। इसके बाद कांग्रेस नेता अशोक बैसोया ने अरविंद केजरीवाल को पगड़ी बांधकर उनको सम्मानित किया। इस दौरान आप में शामिल कांग्रेस नेताओं और उनके साथ आए सैकड़ों कार्यकताओं ने फिर लाएंगे केजरीवाल, अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी जिंदाबाद के जमकर नारे लगाए।

# वजीरपुर विधानसभा से पूर्व पार्षद प्रत्याशी समेत कई लोग 'आप' में शामिल



प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के कामों और अरविंद केजरीवाल की नीतियों से प्रभावित होकर वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र से कई सम्मानित लोग आप में शामिल हो गए। मंगलवार को आप के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने इन्हें पटका और टोपी पहनाकर आम आदमी पार्टी में स्वागत किया। मनीष सिसोदिया ने कहा कि सभी लोगों की अपने क्षेत्र में अच्छी छवि है। इनके आने से वजीरपुर विधानसभा में आम आदमी पार्टी को और मजबूती मिलेगी। मंगलवार को आम आदमी पार्टी में शामिल होने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व पार्षद उम्मीदवार महेशा खारी, पूर्व पार्षद प्रत्याशी कुलदीप यादव, अशोक विहार वार्ड के ब्लॉक अध्यक्षा जोगिंदर खारी समेत अन्य लोग हैं। महेश खारी को नगर निगम के पार्षद चुनाव में वजीरपुर गांव से 5500 में से रिकॉर्ड 4600 वोट मिले थे।

इसी तरह कुलदीप यादव ने भी निगम चुनाव में अच्छा प्रदर्शन किया था। इनके साथ ही डीपीसीसी के प्रतिनिधि अनिल खारी (मिंटू) वजीरपुर विधानसभा से महासचिव निखिल राजपूत, नितिन वर्मा और अमित कुमार, वीपी अशोक विहार वार्ड से अमित सिंह, अशोक विहार वार्ड के सचिव इरफान मलिक, बूथ अध्यक्ष कालू, संजय, बालन, सोनू सिसोदिया, अन्ना सिसोदिया, मनोज कश्यप शामिल हुए। इनके अलावा, मोहित कश्यप, दीपक कश्यप, अन्नू कश्यप, विक्की कश्यप, जे.के., रवि, हरीश, चाँद खान, छोटू खान और राजू कश्यप भी आम आदमी पार्टी में शामिल हुए।

# फूड डिलीवरी कंपनी के बैग/जैकेट की आड़ में देता धोखा

**दिल्ली में गुरुग्राम से आकर करता इंग्लिश व्हिस्की सप्लाई**



प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली कैंट थाना की पुलिस ने एक ऐसे युवक को गिरफ्तार किया है, जो कभी स्वीगी का बैग तो कभी जोमैटो का जैकेट पहनकर पुलिस को धोखा देता था। उसकी आड़ में इंग्लिश व्हिस्की की सप्लाई करता था। गिरफ्तार आरोपी से इंग्लिश व्हिस्की की कई महंगी बोतलें बरामद की गई है। एक स्कूटी भी बरामद किया गया है, जिसका इस्तेमाल शराब डिलीवरी में यह करता था। डीसीपी साउथ वेस्ट सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि दिल्ली कैंट थाना के सुब्रतो पार्क चौकी की पुलिस टीम को इस युवक के बारे में एक इनफार्मेशन मिली थी। जिसके आधार पर आरोपी दशरथ कुमार पंडित को पकड़ा गया। यह हरियाणा के वजीराबाद इलाके में रहता था और इस गोरखधंधे में शामिल था। एसएचओ श्योराम यादव, सब इंस्पेक्टर अजीत सिंह, हेड कांस्टेबल ओमवीर, वीरेंद्र और कांस्टेबल रवि कुमार की टीम ने धौला कुआं बस स्टैंड के पास से इसको पकड़ लिया। यह गुरुग्राम से यहां पर पहुंचा था। पुलिस टीम को देखते ही वहां से भाग निकला। लेकिन पुलिस ने कुछ दूर चेज करके इसे पकड़ लिया। तलाशी ली गई तो इसके पास से व्हिस्की के 22 बोतल बरामद किए गए। जो इसने स्विगी के डिलीवरी बैग के अंदर रखा हुआ था। इसके खिलाफ दिल्ली कैंट थाना में दिल्ली एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। स्कूटी और शराब को जप्त करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# फरीदपुरी की लुटेरी चार महिलाओं का यह गैंग दिल्ली में अकेली महिला को करते थे टारगेट मोबाईल, पर्स या ज्वैलरी पर करती थी हाथ साफ

प्रात : किरण/ एजेंसी




नई दिल्ली। चार महिलाओं का एक गैंग दिल्ली की सड़क पर साथ में निकलकर अकेली महिला को टारगेट करके देते थे उनसे मौका देखकर लूटपाट की वारदात को अंजाम। यदि उसमें फेल हुए तो हमला करके कर देते थे घायल। ऐसे ही एक गैंग की लुटेरी महिलाओं को मोती नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह सभी दिल्ली की फरीदपुरी इलाके की रहने वाली हैं।

जिनके पुराने रिकॉर्ड का पता पुलिस लगा रही है। डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर ने बताया कि 17 जनवरी को जब पुलिस टीम पेट्रोलिंग कर रही थी, इस दौरान देर शाम एक महिला ने अपने साथ हुए वारदात के बारे में बताया। वह पुलिस के पास पहुंची और कहा कि उसके साथ नजफगढ़ रोड पर जखीरा बस स्टैंड के पास कई महिलाओं के द्वारा लूटपाट की कोशिश की गई है। विरोध करने पर उसपर हमला करके घायल करने की भी कोशिश की गई। उस सूचना पर एसीपी विजय सिंह की देखरेख में एसएचओ वरुण दलाल, लेडी सब इंस्पेक्टर किरण, हेड कांस्टेबल हैप्पी की टीम ने पीड़ित महिला पूछताछ किया। उसने बताया कि उसका मोबाइल और पर्स उन महिलाओं ने लूटने की कोशिश की थी। पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू की। सीसीटीवी फुटेज से पता लगाना शुरू किया गया। जांच के बाद इन चार महिलाओं के बारे में पुलिस टीम पता लगाने में कामयाब हुई। इनकी पहचान रेशमा, जानवी, कोमल और निशा के रूप में हुई। इनमें से महिला शादीशुदा हैं। पुलिस के अनुसार यह अकेली महिला को टारगेट करते हैं, उनके आसपास खड़े होकर उनके माइंड को डायवर्ट करते हैं। मौका देखकर उनसे लूट की वारदात को अंजाम देने की कोशिश करते हैं। विरोध करने पर सबक सिखाने उनपर हमला करने से भी पीछे नहीं हटते। ये सभी फरीदपुरी इलाके में ही आसपास एक साथ रहती हैं।

# भाजपा हार रही, इसलिए सीएम चेहरा नहीं बता रही, केजरीवाल ही सीएम बनेंगे : भगवंत मान

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को ताबड़तोड़ शकूरबस्ती, त्रिनगर और मंगोलपुरी विधानसभा में मेगा रोड शो किया। रोड शो में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। समर्थकों ने फिर लाएंगे केजरीवाल के जमकर नारे लगाए। इस दौरान सीएम भगवंत मान ने दिल्ली की जनता से एक बार फिर आम आदमी पार्टी को प्रचंड बहुमत देकर सरकार बनवाने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव हार रही है। इसलिए वह अपना सीएम चेहरा नहीं बता रही है। अरविंद केजरीवाल फिर दिल्ली के सीएम बनेंगे। उन्होने कहा कि भाजपा वालों ने आम आदमी पार्टी को खत्म करने की पूरी कोशिश की, लेकिन इनकी सारी कोशिशें बेकार रहीं। वहीं, अब भाजपा वाले महिलाओं को 2500 रुपए देने की बात कर रहे हैं, लेकिन बाद में यही लोग कहेंगे कि यह तो सबके खाते में 15 लाख रुपए देने वाले जुमले की तरह ही एक जुमला था। शकूर बस्ती विधानसभा में रोड शो कर भगवंत मान ने कहा कि सत्येंद्र जैन ने दिल्ली के सरकारी अस्पताल ठीक किए, लेकिन विरोधी पार्टियों को यह बात इतनी चुभी और सबसे पहले सत्येंद्र जैन को अंदर कर दिया। इन्होंने सत्येंद्र जैन को तोड़ने की बहुत कोशिश की, लेकिन सत्येंद्र जैन कहा कि हमें लोगों ने वोट देकर चुना है, हम बिकेंगे नहीं। उन्होंने कहा कि आज जो दिल्ली के कोने-कोने में माहौल है, यही माहौल मैंने 2022 में पंजाब के चुनाव में भी देखा था। लोग यही कह रहे हैं कि केजरीवाल हमारा बेटा है और मतदान के दिन दिल्ली में सिर्फ झाड़ू चलेगी। दिल्लीवालों के इस प्यार की किसी करेंसी में कीमत नहीं है। भाजपा वालों ने पूरी कोशिश की कि आम आदमी पार्टी को खत्म कर दिया जाए। लेकिन इनकी कोशिश बेकार रही। पूरी पार्टी चट्टान की तरह डटी रही। हम राजनीति में पैसा कमाने नहीं आए हैं। लेकिन इनके धंधे जरूर खत्म कर देंगे। 5 फरवरी को वोटिंग बूथ पर जाना और झाड़ू का बटन दबाकर वापस आ जाना। त्रिनगर विधानसभा में रोड शो के दौरान सीएम भगवंत मान ने कहा कि जो नेता आपके बीच रहकर काम करते हैं उन्हें आपकी समस्याओं के बारे में अच्छे से पता होता है। अरविंद केजरीवाल ने आम लोगों को मंत्री और मुख्यमंत्री बनाने का जो सिलसिला चलाया है वो आगे बढ़ना चाहिए। दिल्ली में कांग्रेस ने 15 साल तक राज किया। भाजपा 15 साल एमसीडी में रही और इतने सालों से केंद्र सरकार में है। लेकिन इन्होंने दिल्ली के लिए कोई काम नहीं किया, केवल काम रोके हैं। पहले कहते थे केजरीवाल मुफ्त की रेवड़ियां बांट रहा है। महिलाओं को बस की मुफ्त यात्रा की सुविधा दे रखा है। अब महिलाओं को 2100 रुपए देने जा रहा है। हमने कहा कि ये लोगों के टैक्स का पैसा है और हम इसे उन पर ही खर्च करेंगे। अब मोदी जी भी कह रहे हैं कि मैं 2500 रुपए दूंगा। हमें रेवड़ियां बोलकर अब ये खुद पापड़ बांटने लग गए हैं। अब तक किसी के खाते में 15-15 लाख रुपए नहीं आए।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

वरि. मण्डल यांत्रिक इंजीनियर / उत्तर रेलवे, ट्रेनसेट डिपो, शकूरबस्ती, भारत के राष्ट्रपति की ओर से उनके लिए निम्नलिखित कार्य के लिए GeM पोर्टल (https://gem.gov.in) पर आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा संख्या | GEM/2025/B/5834081, Dated 18.01.2025 |
| कार्य का विवरण | ट्रेनसेट डिपो, शकूरबस्ती में चार साल की अवधि के लिए वंदे भारत रेकों की मशीनीकृत सफाई और ओबीएचएस सेवाओं का प्रावधान। |
| अनुमानित लागत | ₹ 41,17,91,202.80 (GST सहित) |
| बयाना राशि | ₹ 22,08,960.00 |
| कार्य अवधि | 04 वर्ष |
| निविदा खुलने की तिथि, समय | 08.02.2025, 13:30 बजे |
| निविदा प्रपत्र डाउन लोड करने के इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा GeM पोर्टल पर उपलब्ध है जो कि है https://gem.gov.in दिनांक 18.01.2025, 12:54 बजे से प्रभावी है। |

सं. : 25.8.856.DSL.SSBR2 दिनांक 18.01.2025 230/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना**

उप मुख्य अभियंता / टी.एम.सी / ला., उत्तर रेलवे, स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली (भारत की राष्ट्रपति की ओर से) द्वारा मुहरबंद निम्नलिखित कार्य हेतु एक पैकेट खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का विवरण और स्थान | उप मुख्य अभियंता/टी.एम.सी./ला., उत्तर रेलवे स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली के अधीन टीएमएमडी केकेडीई, एलकेओ और टीकेडी में यूटीवी 2001, 2002, 2004, 3061 और 10072 ट्रैक मशीनों का पीओएच। |
| 2 | कार्य समाप्त अवधि | 12 महीने |
| 3 | अनुमानित लागत | रु. 24641384.55 |
| 4 | धरोहर राशि (ऑनलाइन जमा) | रु. 273200.00 |
| 5 | निविदा पत्र का मुल्य (ऑनलाइन जमा) | रु शून्य |
| 6 | निविदा जमा करने व खुलने की तिथि एवं समय | निविदा प्रपत्र दिनांक 21.01.2025 से दिनांक 12.02.2025 तक सायंकाल 15:00 बजे तक रेल वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेगा। निविदा 12.02.2025 को अपराह् 15:00 बजे के बाद खुलेगी। |
| 7 | निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र का पूर्ण विवरण | इस निविदा की सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र बिडिंग के लिए IREPS (www.ireps.gov.in) पर दिनांक 29.01.2025 से दिनांक 12.02.2025 तक उपलब्ध रहेगा। निविदा से संबंधित सभी नियम व शर्त निविदा प्रपत्र में दी गयी है। निविदा सूचना का विवरण इस कार्यालय के सूचना पटल पर भी देख सकते हैं। |

प.सं. 1-डब्ल्यू-उ.मु., अभि.-टी.एम.सी.-ला.-यू.टी.वी.-20-24-25 दिनांक 20.01.2025 225/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, बुधवार, 22 जनवरी, 2025



## संक्षिप्त खबरें

### निगम कर्मचारियों को नहीं मिला वेतन, केजरीवाल की गारंटी झूठी साबित हुईः राजा इकबाल सिंह

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व महापौर राजा इकबाल सिंह ने आम आदमी पार्टी (आप) पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कि 20 जनवरी तक भी निगम कर्मचारियों को दिसंबर माह का वेतन नहीं दिया गया है। कर्मचारियों से झूठे वादे करना आम आदमी पार्टी की फितरत है। चुनाव आते ही ह्यआपह्न ने झूठ की दुकान वापस खोल कर दिल्ली की जनता को बरगलाना शुरू कर दिया है।उन्होंने कहा, इस बार दिल्ली की जनता आम आदमी पार्टी की झूठी एवं नकारात्मक राजनीति से तंग आ गई है। अरविंद केजरीवाल चुनाव जीतने पर सफाई कर्मचारियों को आवास देने की बात करते हैं, लेकिन उन्हें मालूम होना चाहिए कि उन्होंने दिल्ली नगर निगम चुनाव के समय सफाई कर्मचारियों को नियमित करने की गारंटी दी थी। निगम में कार्यरत सफाई कर्मचारी आज भी पक्का होने की बाट जोह रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम में भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में हर महीने सफाई कर्मचारी नियमित होते थे, लेकिन जब से निगम की सत्ता पर आम आदमी पार्टी काबिज हुई है, कर्मचारियों को पक्का करने के नाम पर महज खाना पूर्ति ही हुई है। आम आदमी पार्टी ने पिछले दस वर्षों में जनता कि भलाई के कार्य किया होता तो उन्हें रोज-रोज जनता से झूठे वादे नहीं करने पड़ते। दिल्ली की जनता आम आदमी पार्टी की नाकामयाबी से तंग आ चुकी है।

### कांग्रेस उम्मीदवार मुकेश शर्मा ने किया जनसंपर्क

नई दिल्ली। उत्तम नगर विधानसभा में महापंचायत के कांग्रेस उम्मीदवार मुकेश शर्मा ने आज सैंकडों लोगों के साथ भगवती गार्डन, भगवती गार्डन एक्सटेंशन, जय भारत एन्कलेव आदि क्षेत्रों की पदयात्रा की। इस मौके पर मुकेश शर्मा को कॉलोनी के लोगों ने लडडुओं से तोला। मुकेश शर्मा को व्यापार मंडल की ओर से 1.51 लाख से चुनाव लड़ने के लिए चंदा भी दिया। पदयात्रा के दौरान स्थानीय लोग मुकेश शर्मा से गर्मजोशी के साथ मिल रहे थे। भाजपा और आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार जनता का सामना नही कर पा रहे है। मुकेश शर्मा ने कहा कि मेरा चुनाव एजेंडा क्षेत्र का विकास और अवैध वसूली बंद करवाना है। उन्होंने कहा कि आज अवैध वसूली व महानर्क के खिलाफ उत्तम नगर एक हो गया है। उन्होंने यह भी कहा कि मैं मुकेश शर्मा उत्तम नगर वाला हूं, यह कहकर वोट मांग रहा हूं। उत्तम नगर की जनता मेरे साथ खड़ी हो गई है, यहां की जनता किसी पार्टी को नही, काम करने वाले को लेकर आएेगी।

### मनीष सिसोदिया ने बीजेपी के संकल्प पत्र को लेकर उठाए सवाल

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) नेता व पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने बीजेपी के संकल्प पत्र को निशाना साधा है। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट डालते हुए लिखा कि बीजेपी का संकल्प पत्र गरीबों और दिल्ली वालों के खिलाफ है। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में घोषणा की है कि वो 18 लाख बच्चों की मुफ्त शिक्षा बंद कर देगी। सिसोदिया ने लिखा बीजेपी ने अपने घोषणा पत्र में कहा कि मोहल्ला क्लीनिक और फ्री इलाज खत्म कर देगी। कहा कि बीजेपी सिर्फ झुग्गियां तोड़ना और गरीबों की सुविधाएं छीनना जानती है। उन्होंने कहा दिल्लीवालों को याद रखना चाहिए कि अगर बीजेपी आई तो ये अपने चंद दोस्तों को फायदा पहुंचाने के लिए आपका घर उजाड़ने में दो मिनट नहीं सोचेंगे।

### वजीरपुर विधानसभा से पूर्व पार्षद प्रत्याशी समेत कई लोग आप में शामिल

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के कामों और अरविंद केजरीवाल की नीतियों से प्रभावित होकर वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र से कई लोग आप में शामिल हुए। मंगलवार को आप के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने इन्हें पटका और टोपी पहनाकर आम आदमी पार्टी में स्वागत किया। मनीष सिसोदिया ने कहा कि सभी लोगों की अपने क्षेत्र में अच्छी छवि है। इनके आने से वजीरपुर विधानसभा में आम आदमी पार्टी को और मजबूती मिलेगी। मंगलवार को आम आदमी पार्टी में शामिल होने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व पार्षद उम्मीदवार महेशा खारी, पूर्व पार्षद प्रत्याशी कुलदीप यादव, अशोक विहार वार्ड के ब्लॉक अध्यक्षा जोगिंदर खारी समेत अन्य लोग हैं। महेश खारी को नगर निगम के पार्षद चुनाव में वजीरपुर गांव से 5500 में से रिकॉर्ड 4600 वोट मिले थे। इसी तरह कुलदीप यादव ने भी निगम चुनाव में अच्छा प्रदर्शन किया था। इनके साथ ही डीपीसीसी के प्रतिनिधि अनिल खारी (मिंटू) वजीरपुर विधानसभा से महासचिव निखिल राजपूत, नितिन वर्मा और अमित कुमार, संजय, बालन, सोनू सिसोदिया, अन्ना सिसोदिया, मनोज कश्यप शामिल हुए।

# भाजपा को वोट दिया तो घर का पूरा बजट इतना बिगड़ जाएगा कि दिल्ली में रहने लायक नहीं बचोगे : केजरीवाल

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर हमला बोलते हुए दिल्ली वालों को चेतावनी दी है कि अगर उन्होंने भाजपा को वोट किया तो घर का बजट ऐसा गड़बड़ाएगा कि वह दिल्ली में रहने लायक नहीं बचेंगे।

अरविंद केजरीवाल ने यह आरोप लगाया है कि भाजपा अगर सत्ता में आई तो मोहल्ला क्लीनिक और फ्री शिक्षा को पूरी तरह से बंद कर देगी। जिससे दिल्ली की जनता पर चिकित्सा और शिक्षा का ऐसा भार पड़ेगा कि उनका बजट गड़बड़ा जाएगा और वह दिल्ली में रहने लायक नहीं बचेंगे। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भाजपा दिल्ली ही नहीं बल्कि देश के लिए बेहद खतरनाक है। मुझे खुशी है कि इन लोगों ने ईमानदारी से कबूल कर लिया है कि उनकी असली नियत और असली मंशा क्या है। कोई भी अगर भाजपा के संकल्प पत्र को पढ़ेगा तो उसका खून खौल उठेगा। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमने शिक्षा मुफ्त कर दी है और 18 लाख बच्चों के लिए शानदार शिक्षा का इंतजाम किया है। अगर भाजपा आ गई तो ये लोग मुफ्त शिक्षा बंद कर देंगे, मुफ्त इलाज बंद कर देंगे, मुफ्त बिजली बंद कर देंगे। इन्होंने पहले संकल्प पत्र जो चार दिन पहले जारी किया था, उसमें इन्होंने साफ-साफ लिखा कि दिल्ली के मोहल्ला क्लीनिक को बंद किया जाएगा। आज का इनका यह संकल्प पत्र है। इस संकल्प पत्र में यह लिख रहे हैं कि दिल्ली के स्कूलों में मिलने वाली फ्री शिक्षा को बंद कर दिया जाएगा। इसमें लिखा है कि सरकारी शिक्षण संस्थानों में दिल्ली के जरूरतमंद छात्रों को मुफ्त शिक्षा दी जाएगी। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों में तो सबको मुफ्त शिक्षा मिल रही है। इसका मतलब यह सबको अब मुफ्त शिक्षा बंद करके जरूरतमंदों को देंगे। इसका मतलब लोग उनके नेताओं के घर के चक्कर काटेंगे। आज दिल्ली के 18 लाख बच्चे दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे हैं। सबकी शिक्षा मुफ्त है। केजरीवाल ने आरोप लगाया है कि आज इन्होंने घोषणा कर दी कि दिल्ली में मुफ्त शिक्षा बंद कर दी जाएगी। परसों इन्होंने घोषणा की थी कि दिल्ली में मुफ्त इलाज बंद कर दिया जाएगा। मैं दिल्ली के लोगों को चेतावनी देना चाहता हूं, यह बहुत खतरनाक पार्टी है। गलती से भी इनको वोट मत दे देना। नहीं तो आपके घर का बजट ऐसा गड़बड़ाएगा कि आप दिल्ली में रहने लायक नहीं बचोगे।

एक बच्चे की आज प्राइवेट स्कूल में पढ़ाने की फीस 5000 महीने का खर्चा है। दो बच्चों पर तो आपका 10,000 महीने का सीधा खर्चा बढ़ जाएगा। केजरीवाल ने कहा, आज आपके सरकारी स्कूल में बच्चे दो पढ़ रहे हैं, अच्छी शानदार शिक्षा मिल रही है। एक प्राइवेट डॉक्टर की फीस कम से कम 600 रुपए से कम नहीं है। फिर वह दो-चार दवाइयां लिखता है, एक डॉक्टर की विजिट में सिंपल खांसी जुकाम जैसी बीमारी में भी दो हजार रुपए लग जाते हैं। अगर मोहल्ला क्लीनिक और अस्पतालों में फ्री इलाज बंद कर दिया गया, काम से कम 5000 रुपए तो महीने का आपका यह खर्चा बढ़ेगा। 15,000 तो भाजपा वाले खुद मान रहे हैं कि हम बंद कर देंगे। 15,000 का एक्स्ट्रा खर्चा आएगा। मुझे बेहद खुशी है कि भारतीय जनता पार्टी ने ईमानदारी से कम से कम अपने खतरनाक मंसूबों को दिल्ली की जनता के सामने कबूल किया है।



# भाजपा प्रत्याशी विजेन्द्र गुप्ता ने रोहिणी के सेक्टर-14 में पदयात्रा कर जनता से किया संवाद

**पदयात्रा में निगम पार्षद प्रवेश वाही समेत क्षेत्र की रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों के पदाधिकारी, जिला एवं प्रदेश स्तर के पदाधिकारी, मंडल के कार्यकर्ता, शक्ति केंद्र प्रमुख, त्रिदेव और पन्ना प्रमुख ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पदयात्रा के दौरान भाजपा कार्यकताओं ने स्थानीय जनता के बीच जाकर आम आदमी पार्टी की केजरीवाल सरकार की विफलताओं और मोदी सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा की।**

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। रोहिणी विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी एवं दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता ने ने आज सेक्टर 14, रोहिणी में भव्य पदयात्रा का आयोजन किया। इस पदयात्रा की शुरूआत शीतल अपार्टमेंट से हुई और यह सुंदर अपार्टमेंट, तुलसी अपार्टमेंट, प्रशांत विहार ब्लॉक एफ, ई एवं जी से होती हुई समाप्त हुई। पदयात्रा में निगम पार्षद प्रवेश वाही समेत क्षेत्र की रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों के पदाधिकारी, जिला एवं प्रदेश स्तर के पदाधिकारी, मंडल के कार्यकर्ता, शक्ति केंद्र प्रमुख, त्रिदेव और पन्ना प्रमुख ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पदयात्रा के दौरान भाजपा कार्यकताओं ने स्थानीय जनता के बीच जाकर आम आदमी पार्टी की केजरीवाल सरकार की विफलताओं और मोदी सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा की।

पदयात्रा के अंत में प्रशांत विहार में आयोजित जनसभा में लोगों को संबोधित करते हुए विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार के वादे झूठे साबित हुए हैं और यह सरकार केवल विज्ञापनों तक सीमित रही है। पानी, बिजली और स्वास्थ्य के मुद्दों पर किए गए बड़े-बड़े दावे हकीकत में पूरी तरह से खोखले साबित हुए हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की सड़कों की हालत खस्ता है, मोहल्ला क्लीनिक में मूलभूत सुविधाओं की कमी है और शिक्षा का स्तर गिरता जा रहा है। उन्होंने केजरीवाल सरकार पर भ्रष्टाचार और घोटालों में संलिप्त रहने का आरोप लगाते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी ने जनता के भरोसे को तोड़ा है। सरकार केवल राजनीति के नाम पर लोगों को गुमराह कर रही है, जबकि जनता की बुनियादी समस्याओं को अनदेखा कर दिया गया है। पदयात्रा के दौरान गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा दिल्ली के विकास के लिए किए गए कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने देश और दिल्ली को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। लोकल ट्रांसपोर्ट को बेहतर बनाने के लिए मेट्रो के विस्तार, रोड कनेक्टिविटी से जुड़ी अनेक योजनाओं को तेजी से लागू किया गया। जनधन योजना, उज्ज्वला योजना और हर घर जल जैसी जनहितकारी योजनाओं का लाभ दिल्ली के नागरिकों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि रोहिणी विधानसभा क्षेत्र में साफ-सफाई, सड़कों का विकास और स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी सुविधाओं को भाजपा ने प्राथमिकता दी है। भाजपा ने क्षेत्रीय विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी है, जो केजरीवाल सरकार की उपेक्षापूर्ण नीति के बावजूद संभव हो पाया। पदयात्रा के दौरान स्थानीय नागरिकों ने भाजपा प्रत्याशी और निगम पार्षद प्रवेश वाही का जोरदार स्वागत किया और क्षेत्र की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। उन्होंने कहा कि भाजपा क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और जनता का पूरा समर्थन उनकी पार्टी के साथ है। भाजपा नेताओं ने नागरिकों को आश्वासन दिया कि उनकी सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। गुप्ता ने एक बार फिर से जनता से अपील की है कि आगामी चुनाव में पार्टी को मौका दें ताकि दिल्ली को विकास की एक नई दिशा में आगे बढ़ाया जा सके।



## भाजपा सरकार बनने पर रोहिंग्या और बांग्लादेशियों को दिल्ली में रहने की नहीं होगी इजाजत : रवनीत सिंह बिट्टू

प्रात : किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। आप नेता ऋतुराज झा ने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी को रोहिंग्या घुसपैठियों का रिश्तेदार बताया है। उनके इस बयान को भाजपा ने सिख समाज का अपमान बताया है। केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि आप नेता की ओर से हरदीप सिंह पुरी को रोहिंग्या और घुसपैठियों का रिश्तेदार बताना निंदनीय और शर्मनाक है। जब दिल्ली में हमारी सरकार बनेगी तो एक भी रोहिंग्या व बांग्लादेशियों को दिल्ली में रहने की इजाजत नहीं होगी। उन्होंने कहा कि आज मेरे वरिष्ठ नेता सरदार आरपी सिंह और मैं अपने सिख और पंजाबी समुदाय के सदस्यों के साथ गुरुद्वारा गए। हमने सबसे पहले गुरु का आशीर्वाद लिया और उनकी शरण में जाकर इन दुष्ट और पापी लोगों से लड़ने की शक्ति मांगी। आम आदमी पार्टी के नेता ने जिस तरीके से हरदीप पुरी सिंह को रोहिंग्या का रिश्तेदार बताया है, यह सिखों का अपमान है। ऐसे बयान देने वाले को जनता विधानसभा चुनाव में जवाब देगी। दूसरी बात हमारे गुरुओं ने मुगलों के खिलाफ लड़ाई लड़ी और धर्म की रक्षा की। वहीं आम आदमी पार्टी बांग्लादेशी व रोहिंग्या के वोट बैंक की राजनीति कर रही है। वोट बैंक के लिए सिखों को पंजाबियों को मुगलों से जोड़ना गलत है। मैं अरविंद केजरीवाल और सीएम भगवंत मान से माफी की मांग करता हूं। ये लोग जहां भी जाएंगे, दिल्ली के पंजाबी और सिख उनका विरोध करेंगे। जिन मुगलों ने इस देश पर अत्याचार कर हमारी बहू बेटियों के साथ अभद्रता की, उन मुगलों से सिखों और पंजाबियों को जोड़ना गलत है। आम आदमी पार्टी के नेता अवैध तरीके से देश में घुसे रोहिंग्याओं और बांग्लादेशियों को बचाने में लगे हुए है। ऐसे में जब दिल्ली में हमारी सरकार बनेगी, तो एक भी रोहिंग्या या बांग्लादेशियों को दिल्ली में रहने की इजाजत नहीं होगी, यह मैं आपको विश्वास से कह सकता हूं। दिल्ली में डबल इंजन की सरकार बहुत जरूरी है। उन्होंने हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी दिल्ली में चुनाव प्रचार करने की बजाय विदेश चले गए। उनकी पार्टी ने कहा होगा कि अगर आप चुनाव प्रचार करेंगे, तो और नुकसान होगा। इसलिए उन्होंने विदेश जाना बेहतर समझा। उनकी पार्टी ने ही उन्हें बाहर भेजा होगा, क्योंकि वह मीडिया के सामने आएंगे और कोई ऐसी बात करेंगे, जिससे कांग्रेस पार्टी को नुकसान होगा।

# दिल्ली के हनुमान मंदिर पहुंचे वीरेंद्र सचदेवा, कहा- केजरीवाल ने रामायण की गलत व्याख्या की

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनजर 'आप' और भाजपा के बीच सियासी पारा बढ़ता जा रही है। इसी कड़ी में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर में दर्शन किए। साथ ही राम कथा का गलत विवरण सुनाने का आरोप लगाते हुए जमकर निशाना साधा। साथ ही उन्होंने उपवास रखने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि यह वहीं केजरीवाल हैं, जिन्होंने 2015 से 2023 के बीच न जाने कितनी बार चुनावी सभाओं में अपनी नानी दादी की कहानी सुनाकर बाबरी ढांचा टूटने पर दुख जताया था और मंदिर निर्माण का विरोध किया था। साथ ही मंदिर के स्थान पर अस्पताल बनाने का सुझाव भी दिया गया था। मैं अरविंद केजरीवाल को चेतावनी देता हूं की वह हम हिंदुओं की भावनाओं से खिलवाड़ बंद करें। उन्होंने आगे कहा, श्री रामायण जी की गलत कथा सुनाने से हिंदुओं की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। भगवान श्री राम एवं हनुमान जी की मयार्दा को भी ठेस पहुंची है। आज हमने भगवान से कहा है कि दिल्लीवासियों पर अपना आशीर्वाद बनाए रखें। एक व्यक्ति जिसने दिल्ली का नेतृत्व किया है ऐसे अधर्मी ने रामायण की गलत व्याख्या की और रामायण का मजाक उड़ाया ये निंदनीय है। उपवास इसलिए है कि मेरे दिल्लीवासी सुखी और शांति से रहें- दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा स्वाति मालीवाल ने शेयर किया था वीडियोः गौरतलब है कि राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने अरविंद केजरीवाल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया था, जिसमें उन्होंने लिखा- 'श्री राम वन में जब खाना ढूंढने गये तो रावण सोने का हिरण बनकर आया' - ये कौनसी रामायण में लिखा है अरविंद केजरीवाल जी ? रामायण में तो राक्षस मारीच रावण के साथ आया था और उसने सोने के हिरण का रूप लिया था। सीता माता ने लक्ष्मण जी से नहीं, श्री राम से सोने का हिरण लाने के लिए कहा था। आप चुनाव आते ही हिंदू बन जाते हैं, आज आपसे रट्टा लगाने में थोड़ी गलती हो गई।

## भाजपा का यह संकल्प पत्र भी उतना ही खोखला और झूठा हैं जितना पहला था : कांग्रेस

प्रात : किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। मंगलवार को भाजपा द्वारा जारी किए गए दूसरे संकल्प पत्र पर प्रतिक्रिया देते हुए दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली भाजपा का यह संकल्प पत्र भी उतना ही खोखला और झूठा हैं जितना पहला था। अब भारतीय जनता पार्टी को अपने संकल्प पत्र का नाम जुमला पत्र रख लेना चाहिए। इस मौके पर देवेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में दिल्ली के युवाओं के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 15 हजार रुपये देने तथा डॉ. अंबेडकर के नाम पर दलित छात्रों को एक हजार रुपए देने की आर्थिक मदद की बात कहीं हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण हैं। जो भाजपा सरकारें राज्य दर राज्य भर्ती परीक्षा घोटाले करके युवाओं का भविष्य बेच देती हैं, वहीं एक हजार और 15 हजार रुपये देने झाँसा दे सकती हैं। उन्होंने कहा कि जिस भाजपा ने शिक्षा का व्यवसायीकरण करके शिक्षा इतनी महँगी कर दी कि शिक्षा दलित छात्रों की पहुँच से दूर हो गई है, अब दलित छात्रों की सहानुभूति लूटने के लिए भाजपा चुनावी स्वाँग रच रही हैं। देवेन्द्र यादव ने कहा कि जिस भाजपा की पुलिस ने दिल्ली के स्ट्रीट वेंडर्स को दरबदर की ठोकरें खाने के लिए मजबूर कर दिया और कांग्रेस द्वारा बनाए गए रेहड़ी पटरी कानून को लागू करने की कहीं भी कोई कोशिश नही की, अब रेहड़ी पटरी वालों के वोटों की चिंता भाजपा को क्यों सता रही हैं। श्री यादव ने कहा कि भाजपा जवाब दे कि क्यों मोदी सरकार ने माध्यमिक शिक्षा की राष्ट्रीय प्रोत्साहन योजना (एनएसआईजीएसई) को बंद कर दिया। इस योजना के तहत 8वीं पास करने वाली अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) की छात्राओं को स्कॉलरशिप दी जाती थी, ताकि वो पढ़ाई न छोड़ें। भाजपा बताए क्यों उसने एससी, एसटी, ओबीसी की प्री मैट्रिक स्कॉलरशिप बंद कर दी। देवेन्द्र यादव ने कहा कि जिस भाजपा ने समाज अंतिम पंक्ति के लोगों से अपनी दस साल की केंद्र सरकार में दमन के अलावा कुछ नही किया, उस पर दिल्ली की जनता क्यों भरोसा करेगी।

# आतिशी ने रिटर्निंग ऑफिसर से की सुरक्षाबल तैनात करने की मांग, बोलीं- गुंडागर्दी पर उतरी भाजपा

प्रात : किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान कालकाजी विधानसभा क्षेत्र में आम आदमी पार्टी (आप) की उम्मीदवार और मुख्यमंत्री आतिशी ने रिटर्निंग ऑफिसर को पत्र लिखकर शिकायत की है। उन्होंने गोविंदपुरी क्षेत्र में बीजेपी कार्यकताओं द्वारा आप कार्यकताओं को धमकाने की घटनाओं पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। आतिशी ने इन घटनाओं को चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता और लोकतंत्र के लिए खतरा बताया। उन्होंने कालकाजी विधानसभा क्षेत्र में सुरक्षा बल तैनात करने की मांग की है। आतिशी ने अपने पत्र में बताया कि 20 जनवरी 2025 को गोविंदपुरी में आप कार्यकताओं को बीजेपी कार्यकताओं ने धमकाया और गाली-गलौज की। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी कार्यकताओं ने आप कार्यकर्ता संजय गुप्ता और अन्य को शारीरिक नुकसान पहुंचाने की धमकी दी। बीजेपी कार्यकताओं में कुणाल भारद्वाज, मनीष और ऋषभ बिधूड़ी (बीजेपी उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी के भतीजे) शामिल थे। इन लोगों ने कथित तौर पर कहा घर बैठ जाओ, हाथ-पैर तोड़ देंगे। यह हमारा घर का चुनाव है। इस घटना का एक हिस्सा आप कार्यकताओं ने अपने मोबाइल पर रिकॉर्ड भी किया है। आतिशी ने अपने पत्र में ये भी लिखा कि इससे पहले भी गोविंदपुरी क्षेत्र में 3-4 दिन पहले घर-घर प्रचार कर रहे एक आप कार्यकर्ता को बीजेपी कार्यकताओं ने थप्पड़ मारा था। आतिशी ने रिटर्निंग ऑफिसर से अपील की है कि कालकाजी विधानसभा क्षेत्र में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा बलों की तैनाती की जाए। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती हैं और मतदाताओं के मन में डर पैदा कर सकती है। शिकायत में आतिशी ने बीजेपी उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बिधूड़ी अपने चुनाव प्रचार के दौरान उनके खिलाफ अपमानजनक और अभद्र भाषा का उपयोग कर रहे हैं। ये बीजेपी कार्यकताओं को हिंसा और धमकी देने का साहस दे रहे हैं। आम आदमी पार्टी ने स्पष्ट किया है कि वह ऐसी धमकियों से पीछे हटने वाली नहीं है। पार्टी ने कहा कि लोकतंत्र और चुनाव प्रक्रिया की सुरक्षा के लिए वह हर संभव प्रयास करेंगी। रिटर्निंग ऑफिसर से कार्रवाई की मांगः आतिशी ने रिटर्निंग ऑफिसर से मांग की है कि दोषी बीजेपी कार्यकताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और पूरे क्षेत्र में पर्याप्त सुरक्षा बलों की तैनाती की जाए ताकि चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से हो सके।

**सम्बोधन** संवाददाता सम्मेलन में दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री डॉ. नरेन्द्र नाथ कांग्रेस प्रवक्ता अभय दूबे, ज्योति सिंह, श्रीमती रश्मि सिंह मिगलानी और डॉ. अरुण अग्रवाल मौजूद थे।

# घर पर मौजूद केजरीवाल ने हम दलितों से मिले नही, गिरफ्तार करा दिया : डॉ. उदित राज

प्रात : किरण/एजेंसी






नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को पूर्व सांसद डॉ. उदित राज ने सम्बोधित किया। संवाददाता सम्मेलन में दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री डॉ. नरेन्द्र नाथ कांग्रेस प्रवक्ता अभय दूबे, ज्योति सिंह, श्रीमती रश्मि सिंह मिगलानी और डॉ. अरुण अग्रवाल मौजूद थे। डॉ. उदित राज ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल का दलित विरोधी रवैया और चेहरा दिल्ली वालों के सामने पूरी तरह उजागर हुआ है। मैं दिल्ली के बौद्ध भिक्षुओं, गुरु रविदास और वाल्मीकि मंदिरों के पुजारियों के साथ उनके आवास पर मंदिरों के पुजारी और गुरुद्वारों के ग्रंथि को 18,000 रुपये की सम्मान राशि देने के वादे को दलित पुजारियों को भी शामिल करने के लिए उनसे मिलने गया तो घर पर होने के बावजूद भी केजरीवाल उनसे मिलना तो दूर उन्होंने पुलिस बुलाकर बौद्ध भिक्षुओ, दलित पुजारियों सहित उन्हें गिरफ्तार करके मंदिर मार्ग पुलिस स्टेशन में हिरासत में रखा गया। डॉ. उदित राज ने कहा कि आम आदमी पार्टी को सबसे बड़ी ताकत दलित और वाल्मीकि समाज से ही मिली, लेकिन इन्होंने इस समाज को धोखा दिया। 2014 में कहा था सफाई कर्मचारियों को पक्का किया जाएगा, ठेकेदारी प्रथा खत्म कर देंगे। लेकिन सफाई कर्मचारियों को पक्का करने से साफ मुकर गए। केजरीवाल 10 साल में सिर्फ 429 नौकरी दे पाए और सारा सिस्टम आउटसोर्स करते गए, नई नौकरियां सृजन करने की जगह दिल्ली सरकार के विभागों में निजीकरण कर दिया गया। इतना ही नही आम आदमी पार्टी ने आरक्षण को खत्म करने और उसे कमजोर करने का काम किया। डॉ. उदित राज ने केजरीवाल से वरिष्ठ नागरिकों की पवित्र स्थानों की तीर्थयात्रा को दलित समुदाय के वरिष्ठ नागरिकों तक बढ़ाने का अनुरोध किया था, लेकिन उन्होंने कभी भी उनके सुझाव पर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि केजरीवाल केवल वोट बैंक की राजनीति करने के लिए दलितों के लिए घड़ियाली आंसू बहाते हैं, लेकिन उन्हें दलितों की दुर्दशा की कोई चिंता नहीं है। डॉ. उदित राज ने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान, दिल्लीवासियों के जीवन की रक्षा करते हुए 57 दलित सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी पर मृत्यु हो गई, जिनमें मेन्युअल सीवर सफाई करते वक्त मृत्यु होने वाले सफाई कर्मचारी भी शामिल थे। केजरवाल ने कोविड के दौरान मरने वालों 1 करोड़ रुपये मुआवजे का भुगतान करने की घोषणा की थी, लेकिन इन्हें आज तक कुछ भी नही मिला।

## संक्षिप्त खबरें

### गुरुग्राम पुलिस ने शराब की बोतलों को किया गया नष्ट

गुरुग्राम। गुरुग्राम पुलिस द्वारा थाना न्यू कालोनी व थाना शहर में दर्ज एक्साइज एक्ट के केसों में बरामद की भारी मात्रा में अवैध शराब को मंगलवार को नष्ट किया गया। दोनों स्थानों के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए। अवैध शराब की लगभग 448 बोतल देशी शराब व 211 बोतल अंग्रेजी शराब को नष्ट करने के लिए नगर निगम गुरुग्राम के सहायक इंजीनियर आशीष कुमार की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया। जिनकी मौजूदगी में मंगलवार को थाना न्यू कॉलोनी में दर्ज एक्साइज एक्ट के अभियोगों के तहत बरामद किए गए अवैध शराब की लगभग 448 बोतल देशी शराब व 211 बोतल अंग्रेजी शराब को नष्ट किया गया। इस दौरान कमेटी के सदस्य आशीष कुमार ड्यूटी मजिस्ट्रेट अधिकारी, निरीक्षक अनिल कुमार प्रबंधक थाना न्यू कॉलोनी, मोहर्रर मालखाना विकास थाना न्यू कॉलोनी भी उपस्थित रहे। थाना शहर में एक्साइज एक्ट के तहत बरामद की गई 3650 पव्वे देशी शराब व 7.5 पेटी अंग्रेजी शराब को ड्यूटी मजिस्ट्रेट थाना प्रबंधक शहर गुरुग्राम की मौजूदगी में नष्ट किया गया।

### पशुओं के अवशेष मामले में अज्ञात पर मुकदमा

मुरादनगर। हुसैनपुर ढिड़ार मार्ग पर मिले पशुओं के अवशेष मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। पशु तस्करों की तलाश के लिए पुलिस की पांच टीमों का गठन किया गया है। मामले में हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया था। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि उपनिरीक्षक कपिल देव की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

### दोस्त के साथ जा रहे युवक से मारपीट

मुरादनगर। रावली रोड स्थित गुड़ मंडी के सामने दबंगों ने एक युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। नगर की उखलारसी कॉलोनी निवासी शिवम दोस्त राजू के साथ किसी काम से रावली रोड पर जा रहा था। जब वह गुड़ मंडी के पास पहुंचे तो रविंद्र निवासी मुरादनगर ने साथियों के साथ मिलकर उसे पीट दिया। पुलिस का कहना है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### नालों में कूड़ा डाला जा रहा

गाजियाबाद। गोविन्दपुरम, शास्त्रीनगर, महेंद्रा एन्कलेव आदि कॉलोनी के नालों में कूड़ा डाला जा रहा है। रेहड़ी पटरी वाले सबसे ज्यादा कूड़ा डाल रहे हैं। इस कारण जल निकासी में दिक्कत हो रही है। नाले ओवरफ्लो होने लगते हैं। शास्त्रीनगर निवासी रोहित कुमार ने बताया कि रेहड़ी पटरी वाले नालों में कूड़ा डाल रहे हैं। उन पर कार्रवाई नहीं की जा रही। नालों की सफाई नहीं होने से दुर्गंध आ रही है। इसी तरह गोविन्दपुरम के नालों में भी कूड़ा डाला जा रहा है। लोग निगम से नालों की सफाई कराने के साथ कूड़ा डालने वालों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### वीवीआईपी ब्लू ने अम्बिका बी को 80 रन से मात दी

गाजियाबाद। लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में चल रहे किंग कप क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को खेले गए मैच में वीवीआईपी ब्लू ने सभी विभागों में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अम्बिका बी को 80 रन से मात दी। मैन ऑफ द मैच बने वर्चस्व मलिक ने 51 रन बनाने के साथ दो विकेट भी झटके। मंगलवार को मैच में टॉस जीतकर वीवीआईपी ब्लू ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 35 ओवर में छह विकेट पर 240 रन का स्कोर खड़ा किया।उसकी तरफ से वर्चस्व मलिक ने सबसे ज्यादा 51 रन बनाए।इसके अलावा सार्थक ने 43, आर्य ने 36 और इंदु शेखर ने 34 रन बनाए। विपक्षी टीम की तरफ से गर्वित और कप्तान तन्मय चौधरी को दो-दो विकेट मिला।

## कांग्रेस में खलबली! पार्टी के विधायक उट सैनी के साथ साझा कर रहे मंच; गोकुल सेतिया के बाद शैली चौधरी भी आईं नजर

प्रात: किरण संवाददाता



अनुराग अग्रवाल, चंडीगढ़। हरियाणा में चल रही आंतरिक कलह से अब कांग्रेस विधायक भी तंग आ चुके हैं। सत्तारूढ़ भाजपा कांग्रेस नेताओं की आपसी गुटबाजी का फायदा उठाने का कोई मौका हाथ से नहीं जाने दे रही है। वहीं, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी धीरे-धीरे कांग्रेस विधायकों का भरोसा जीतने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री की दरियादिली और विपक्ष के विधायकों को सम्मान देने की सोच के चलते कांग्रेस विधायक लगातार भाजपा का राजनीतिक मंच साझा कर रहे हैं। कांग्रेस विधायक शैली चौधरी ने उट के साथ साझां किया मंच

पिछले करीब डेढ़ माह के भीतर यह दूसरा मौका है, जब नारायणगढ़ की कांग्रेस विधायक शैली चौधरी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का राजनीतिक मंच साझा किया है। शैली चौधरी से पहले सिरसा के कांग्रेस विधायक गोकुल सेतिया ने मुख्यमंत्री का मंच साझा किया था।

गोकुल सेतिया ने तो मुख्यमंत्री की उनके मंच से ही तारीफ भी की थी और यहां तक कह दिया था कि यदि कोई मुख्यमंत्री अच्छा काम कर रहा है, तो उन्हें पार्टी लाइन से हटकर उनकी तारीफ करने में कोई परहेज नहीं है। गोकुल सेतिया द्वारा मुख्यमंत्री का मंच साझा करने और उनकी सार्वजनिक तारीफ करने से कांग्रेस के राज्य स्तरीय नेता असहज महसूस करने लगे थे।

गोकुल सेतिया और गोपाल कांडा के राजनीतिक रिश्ते ठीक नहीं

कांग्रेस विधायक गोकुल सेतिया और पूर्व मंत्री गोपाल कांडा में राजनीतिक रूप से छत्तीस का आंकड़ा है। हरियाणा लोकहित पार्टी के अध्यक्ष गोपाल कांडा को केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का करीबी माना जाता है। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के साथ भी गोपाल कांडा के राजनीतिक रिश्ते काफी अच्छे हैं।

गोकुल सेतिया को यह समझ आ गया कि गोपाल कांडा की काट के लिए उन्हें सत्ता के करीब पहुंचना होगा, इसलिए उन्होंने मुख्यमंत्री का मंच साझा करने में ही अपनी भलाई समझी, लेकिन मनोहर लाल अथवा नायब सिंह सैनी ने गोकुल सेतिया का हाथ पकड़ते समय गोपाल कांडा को अपने गले से लगाए रखा, यह उनके राजनीतिक कौशल की तरफ इशारा कर रहा है।

कुमारी सैलजा की खेमे की मानी जाती हैं शैली चौधरी

नारायणगढ़ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का पुराना विधानसभा क्षेत्र है। नायब सैनी इस बार कुरुक्षेत्र जिले की लाडवा विधानसभा सीट से चुनाव जीते हैं। उन्होंने नारायणगढ़ से लाडवा के पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी को चुनाव लड़वाया था, लेकिन पूर्व मुख्य संसदीय सचिव रामकिशन गुर्जर की धर्मपत्नी शैली चौधरी कांग्रेस की विधायक चुनी गई। शैली चौधरी को कांग्रेस नेत्री कुमारी सैलजा खेमे की माना जाता है, जबकि गोकुल सेतिया पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा खेमे के हैं।

कांग्रेस विधायक शैली चौधरी सोमवार को मुख्यमंत्री के नारायणगढ़ में आयोजित परियोजनाओं के लोकार्पण और उद्घाटन समारोह में शामिल हुई, जिसकी भाजपा व कांग्रेस के राजनीतिक गलियारों में खूब चर्चा बनी हुई है। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव तरुण भंडारी ने संकेत दिए हैं कि कांग्रेस के कई मौजूदा विधायक भाजपा के संपर्क में हैं। कांग्रेस की आपसी कलह से वे तंग आ चुके हैं और जल्दी ही कई विधानसभा क्षेत्रों के कांग्रेस विधायकों को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मंच पर मौजूद देखा जा सकेगा।

## टीपीडीडीएल ने टाटा पावर ईवी चार्जिंग सॉल्यूशंस लिमिटेड के साथ मिलकर पूरी दिल्ली में ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करेगा

प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली में लगभग 90 लाख की आबादी को बिजली आपूर्ति करने वाली टाटा पावर-डीडीएल यानी टीपीडीडीएल ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की पार्किंग साइट्स पर पब्लिक ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के लिए टाटा पावर ईवी चार्जिंग सॉल्यूशंस लिमिटेड यानी टीपीईवीसीएसएल के साथ एक समझौता किया है।

समझौते के तहत टीपीडीडीएल, दिल्ली नगर निगम के पब्लिक पार्किंग साइट्स पर ईवी चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना करेगी। विदित हो कि दिल्ली में पब्लिक चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में विस्तार के उद्देश्य से, दिल्ली नगर निगम ने अपनी पब्लिक पार्किंग साइट्स पर ईवी चार्जिंग सप्लाई स्टेशनों के लिए इंस्टॉलेशन, टेस्टिंग तथा कमिशनिंग (रक्ळउ) हेतु दिल्ली डिस्कॉम्स एवं पीएसयू को उपलब्ध कराया है। एमसीडी द्वारा उपलब्ध कराए गए इन्ही साइट्स पर इन चार्जिंग स्टेशनों का निर्माण किया जाएगा। टाटा पावर-डीडीएल ईवी चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना के लिए अतिरिक्त साइटों की पहचान करने के लिए एमसीडी के साथ मिलकर काम कर रहा है।

समझौते के समय दोनों संगठनों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। इनमें श्री गजानन एस काले, चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, सुश्री किरण गुप्ताझ चीफ कस्टमर एक्सपीरियंस, कमर्शियल, गवर्नमेंट अफेयर्स, ईएसी एंड कंज्यूमर लिटिगेशन, श्री रश्मिकांतझहेड सीएसए एंड केसीजी एवं श्री अनुराग बंसल, हेड लीगल, टाटा पावर-डीडीएल तथा श्री वीरेंद्र गोयल (हेड बिजनेस डेवलपमेंटझईवी बिजनेस), श्री दीपक जैन (रीजनल हेड झ नॉर्थ), टाटा पावर ईवी चार्जिंग सॉल्यूशंस लिमिटेड शामिल थे।

इस समझौते के चलते, ग्रीन टुमॉरो की टाटा पावर-डीडीएल की विजन और 2070 तक नेट जीरो उत्सर्जन हासिल करने के भारत के लक्ष्य के अनुरूप, दिल्ली में इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। इस पार्टनरशिप के बारे में, श्री गजानन एस काले, चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर ने कहा, ह्महम इस महत्वपूर्ण पहल के लिए, टाटा पावर ईवी चार्जिंग सॉल्यूशंस लिमिटेड के साथ भागीदारी करते हुए गर्व महसूस कर रहे हैं। यह पार्टनरशिप भरोसेमंद तथा सस्टेनेबल पावर सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने तथा राष्ट्रीय राजधानी में ईवी इकोसिस्टम में विस्तार करने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

## मंडी परिसर में लगी भयावह आग, लपटें देख रिहायशी इलाकों में भी सहमे लोग

प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा। मंडी समिति परिसर में देर रात भयावह आग लग गई। आसमान छूती आग की ऊंची लपटों को देख आसपास की आबादी भी सहम गई। पूरा मंडी परिसर आग की लपटों से घिर गया। मंडी समिति परिसर में ही पुलिस लाइन भी संचालित होने के चलते आला पुलिस-प्रशासनिक अफसरों के स्तर तक हड़कंप मच गया। काफी मशक्कत से दमकल टीमें ने आग पर काबू पाया। गौरतलब है कि जिला मुख्यालय पर गुलड़िया मार्ग पर कृषि उत्पादन मंडी समिति का संचालन होता है। बड़ी संख्या में सब्जी एवं फल आढ़तियों के साथ ही गुड़ व अन्य खाद्य पदार्थों से जुड़े व्यापारी भी यहां आढ़त संचालित करते हैं। जिला आपूर्ति कार्यालय के साथ ही अस्थायी रिजर्व पुलिस लाइन का संचालन भी फिलहाल मंडी समिति परिसर में ही किया जा रहा है। सोमवार देर रात समिति परिसर में चहल-पहल से दूर सन्नाटा पसरा था। इसी बीच करीब 10:30 बजे परिसर के एक हिस्से में आग धधक उठी। कुछ ही देर में आग ने आसपास के इलाके को भी चपेट में ले लिया। आग की लगातार ऊंची उठती लपटों और धुएं के गुबार के बीच पास ही रिहायशी इलाके तक हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची दमकल टीमें आग पर काबू पाने की जद्दोजहद में जुट गई। नुकसान का आंकलन आग लगने का कारण अभी साफ नहीं हो सका है। आपको बता दे की जरूरत होने के बावजूद मंडी समिति परिसर में दमकल वाहन मौजूद नहीं रहता है, लिहाजा भड़की आग ने लम्हों में भयंकर रूप धारण कर लिया। पपीते के गोदामों की तरफ से फैली आग का दायरा देखते ही देखते बढ़ता चला गया, सुबह में आढ़त लगाने की तैयारियों में जुटे व्यापारियों के बीच भी हड़कंप मच गया। शुरूआत में दमकल की एक गाड़ी ने मौके पर पहुंचते हुए आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन धुएं के गुबार के साथ आसमान छूती लपटों को देख व्यापारियों की रूह कांप उठी। वहीं, इसके बाद अमरोहा और गजरौला से वाटर टैंक बुलाकर आग बुझाने के प्रयास शुरू किए गए। देर रात हुए अग्निकांड ने पुलिस-प्रशासनिक अफसरों की भी नींद उड़ा दी। हालात बेकाबू होने की सूचना मिलते ही करीब 11:30 बजे एसडीएम सदर सुधीर कुमार सिंह को मौके पर पहुंचना पड़ा। बाद में तीन थानों का फोर्स भी मौके पर बुला लिया गया। जिम्मेदार अफसर देर रात तक पल-पल की अपडेट लेते रहे। मंडी समिति के सचिव अरविंद कुमार ने बताया कि मंडी समिति परिसर में आग किस वजह से लगी, फिलहाल साफ नहीं हो सका है।

## छात्रों की नेत्र जांच कर मुफ्त बाटें चश्मे, चश्मा पा कर खिले छात्रों के चेहरे




प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा। आई एम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ जमशेद कमल ने बताया कि स्कूलों में नेत्र की समस्या के वजह से बच्चों की पढ़ाई बाधित होती है, इसलिए सरकार ने यह एक अच्छा कदम उठाया है। यहाँ यह भी बता दें कि प्रत्येक वर्ष सरकारी अस्पताल की ओर से एक नेत्र शिविर का आयोजन होता है ।इन दिनों बच्चों में दृष्टि दोष एक बड़ी समस्या है। कुछ बच्चे क्लास में बोर्ड पर लिखा प्रश्न और उत्तर को नहीं लिख पाते हैं और यही कारण है कि ऐसे बच्चे पढ़ाई में पिछड़ते जाते हैं। आगे छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि मोबाइल और टी वी का अधिक इस्तेमाल करने से भी आँखों पर जोर पड़ता है, और नुकसान होता है। हम देख रहे हैं, परिवार के लोग बच्चों को खेलने के लिए मोबाइल दे देते हैं, जिससे उनको मोबाइल की लत लग जाती है। जो कि काफी नुक्सान दे साबित हो रही है। समय समय पर चिकित्सक भी अपील करते नजर आते हैं। इसी दिक्कत को लेकर सरकार ने अपना बेहतरीन कदम आगे बढ़ाया, और छात्रों कि आँखों का टेस्ट कर कमजोर आँखों वाले छात्रों को मुफ़्त चश्मों का वितरण किया। मुफ्त चश्मा पाकर छात्रों में एक अलग ही मुस्कान देखी गई। छात्र कक्षा में चश्मा लगाकर पढ़ाई करते नजर आए। प्रधानचार्य डॉ॰ जमशैद कमाल ने डॉ॰ सारस्वत का आभार व्यक्त किया ।इस मौके पर सहायक अध्यापक नदीम रजा, अनवर सिब्तैन, नियाज हसन, हँसनैन नवाज,मुजाहिद अब्बास, मुर्तजा आगा आदि रहे।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह मे एक दूजे के हुए 156 जोड़े

- जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने नव विवाहित जोड़ो को दी शुभकामनाएं

प्रात: किरण संवाददाता



धनौरा। नगर के उत्सव बैंक्वेट हाल में विधायक राजीव तरारा, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की उपस्थिति में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन भयव्यता के साथ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भव्यता के साथ हिन्दू और मुस्लिम रीति रिवाजों को अलग अलग अपनाते हुये विधिवत हवन पूजन मंत्रोच्चार रस्मो को निभाते हुए गाजे बाजे के साथ किया गया। कार्यक्रम में विधायक धनौरा राजीव तरारा, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स सहित अन्य उपस्थित अधिकारियों ने वर बधुओं पर पुष्प वर्षा कर बधाई शुभकामनाएं मंगल कामनाएं कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर आशीर्वाद दिया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक राजीव तरारा ने सभी नव विवाहित जोड़ों को बधाई शुभकामनाएं देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया कहा कि आज जो हमारी बहनें बहू बनकर जा रही हैं उनके साथ ससुर भी उनको अपनी बेटी की तरह मानकर रखें और बहू भी अपने सास ससुर का ध्यान रखते हुए इस वैवाहिक जीवन को सुखमय व्यतीत करें। कहा कि बहुत ही विधि विधान से और धर्म की रीति रिवाज के अनुसार ही यह मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का कार्यक्रम संपन्न कराया जा रहा है मुख्यमंत्री की यह बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है जो वहन बेटियों के हाथ पीले करने का कार्य सरकार कर रही। कहा की सरकार हम सब के अभिभावक के रूप में कार्य कर रही है गरीबों का ध्यान रख रही है उनके सभी तरह की सुविधाओं का ध्यान रखा जा रहा है ।कोई भी व्यक्ति परेशान ना हो चिंतित ना हो सरकार सबके भले के लिए दिन-रात कार्य कर रही है। अनेक तरह की गरीबों के हितार्थ कल्याणकारी योजनाएं चला रखी है जिससे देश विकास के पथ पर अग्रसर हो सके और उन्नति कर सके। सरकार को इस सब की बहुत ही चिंता है। बहू को बेटी की तरह मानकर घर मे प्रवेश दें बेटी जिस घर मे बहु बनकर जा रही आपका जीवन खुशहाल हो आपने जो सपना संजोयें हों उसकी पूर्ति हों। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के अंतर्गत 156 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ जिसमें 106 हिन्दू और 50 मुस्लिम वैवाहिक जोड़े रहे। कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्र, जिला विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण, अधिकारी महिला कल्याण अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी सहित अन्य मौजूद रहे।

## गुरुग्राम पुलिस ने फरीदाबाद से गुजरात जा रही अवैध शराब पकड़ी

### 169 पेटी व आठ बोतल अवैध शराब सहित दो आरोपी गिरफ्तार



गुरुग्राम। स्थानीय पुलिस ने अवैध शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। पुलिस प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि आरोपियों के कब्जा से 169 पेटी व 8 बोतल अवैध शराब पकड़ी गई है। मंगलवार को अपराध शाखा सेक्टर-39 गुरुग्राम की पुलिस टीम को अपने विश्वसनीय सूत्रों के माध्यम से अवैध शराब सप्लाई की सूचना मिली। पुलिस ने अवैध शराब सहित दो आरोपियों मुछा शेख निवासी गांव अपशतीबारी जिला कोकराझार (असम) व अजमल हुसैन निवासी गांव कुरमानपुर जिला उत्तर दिनाजपुर (पश्चिम-बंगाल) को सेक्टर-57 गुरुग्राम से काबू करने में सफलता हासिल की। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जा से एक कार, 68 पेटी कैन बीयर, 8 बोतल व 101 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई। आरोपियों के खिलाफ थाना सेक्टर-56 गुरुग्राम में एक्साईज एक्ट की सम्बन्धित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ में पता चला कि आरोपी अवैध रूप से शराब को अलग-अलग जगह से लाकर मकान में रखते थे। वहां से अलग-अलग जगह पर भेजते थे। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों से अन्य साथी आरोपियों के बारे में जानकारी प्राप्त की जा रही है।

## पूर्व एमएलसी ने किया सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास



प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा। सपा नेता पूर्व एमएलसी परवेज महबूब अली ने ने सदर विधायक/लोक लेखा समिति के चेयरमैन महबूब अली कि विधायक निधि से निर्मित होने वाले मार्ग अमरोहा नगर मौहल्ला कुरैशी छत्तरी वाला बाग गली न॰ 1 में हाजी सरफराज के मकान से मुन्नी के स्कूल तक, मौहल्ला कुरैशी गली न॰ 2 राशिद के मकान से तहसीन के मकान तक मौहल्ला कुरैशी गली न॰ 3 शकील के मकान से इंतजार के मकान तक, मौहल्ला कुरैशी गली न॰ 5 असलम सलमानी के मकान से अरशद मंसूरी के मकान तक, मौहल्ला कुरैशी गली न॰ 7 जुम्मा के मकान से अरमान के मकान तक सी॰सी॰ रोड व नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इन सड़को की काफी जर्जर हालत थी व पिछले काफी समय से जनता द्वारा इन को दुरूस्त कराने की मॉग उठ रही थी श्री अली जी के प्रयास से अमरोहा की काफी सड़को का निर्माण होता आ रहा है। नगर के विकास के लिये सड़को का सही होना अति आवश्यक है। उक्त सड़को के निर्माण से मौहल्लेवासियो को आवागमन में सुविधा होगी। श्री अली सदैव ही जनता की सेवा के लिये तत्पर रहते है। इस मौके पर इकरार मैम्बर, अंसार मैम्बर, अतीक अहमद, सलीम अंसारी, तहसीन ठेकेदार, शाहिद सैफी, अनवर मलिक, दिलशाद अली आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 25 जनवरी को मनाया जाएगा 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस

बदायूँः । जिला निर्वाचन अधिकारी निधि वास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि 25 जनवरी 2025 को 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा तथा डायट स्थित ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु कार्यक्रम स्थल पर दायित्वों का विभाजन किया है तथा नगर मजिस्ट्रेट प्रवर्धन शर्मा, डिप्टी कलेक्टर कल्पना जायसवाल, नायब तहसीलदार कादरचौक एच0एस0बोनाल, डिप्टी कलेक्टर नम्रता सिंह तथा तहसीलदार बदायूँ को दायित्व सौंपते हुए प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि प्रातः 09.30 से 10.00 बजे तक राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर प्रभातफेरी का शुभारम्भ जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, बदायूँ के मुख्य द्वार से अपने निर्धारित रूट पर जाकर एवं प्रभातफेरी में सम्मिलित छात्र-छात्राएँ कार्यक्रम स्थल पर आकर पण्डाल में अपना स्थान ग्रहण करेगें। प्रभातफेरी के उपरान्त प्रातः 10 बजे सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलन हेतु दीपक, तेल, वाती प्रतिमा की व्यवस्था व फूल, माला एवं बुके आदि की व्यवस्था कर स्वागत कार्यक्रम करायेगें। प्रातः 10:30 बजे से 11 बजे तक मिनट टू मिनट कार्यक्रम के अनुसार मंच का संचालन एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम 11 बजे करवाने की व्यवस्था करेगें। पूर्वान्ह 11 से अपरान्ह 01.00 तक मतदाता जागरूकता सम्बन्धित सांस्कृतिक कार्यक्रम पूर्व तैयारी कराकर मंच पर मंच संचालक के साथ समन्वय स्थापित कर छात्र-छात्राओं से प्रस्तुतिकरण एवं आवश्यक संगीत के आवश्यक उपकरण तबला, हारमोनियम आदि की व्यवस्था कर कार्यक्रम करायेगें।

## संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत कार्यकर्ताओ एवं पदाधिकारीयो की हुई बैठक

- विपक्ष द्वारा फैलाए गए दुष्प्रचार को खत्म करने को जनता के बीच जाना जरूरीः हरिओम शर्मा

प्रात: किरण संवाददाता



रामपुर। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर संविधान गौरव अभियान के अंतर्ग वरिष्ठ पदाधिकारी की बैठक लेने के लिए और अभियान को गति देने के लिए मुख्य अतिथि के तौर पर क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा उपस्थित रहे। बैठक में उन्होंने सभी वरिष्ठ पदाधिकारी को संबोधित करते हुए कहा यह अभियान बहुत ही महत्वपूर्ण है और इस अभियान को गति देना हम सबके लिए बहुत ही आवश्यक है विपक्ष के फैलाए हुए दुष्प्रचार को जड़ से खत्म करने के लिए हमें जनता के बीच जाना है और सच को उनके सामने लाना है हमारा संविधान हम सबके लिए गौरव है और बाबा साहब भीमराव रामजी आंबेडकर हम सभी समाज के वर्गो के लिए एक आदर्श है हमको अपने लोगों को टूटने से बचाना है और हम लोगों के बीच जो विपक्ष ने जातिवाद का जहर खोलने का प्रयास हो रहा है उसको जड़ से खत्म करना है। 25 जनवरी तक पूरे प्रदेश भर में संविधान गौरव अभियान को हमें हर गांव तक और अंतिम बूथ तक पहुंचना है, और भाजपा ने जो काम किए है वो भी लोगों तक पहुंचना है, जैसे बाबा साहब भीमराव रामजी आंबेडकर के पांच तीर्थ बनने का काम करना, और कांग्रेस जैसी पार्टी जो कि स्वर्गीय प्रधानमंत्री श्री मनमोहन जी की प्रतिमा बने की बात कही, जबकि उनकी पार्टी के प्रधानमंत्री स्वर्गीय प. वी. नसीमा राव जी के निधन पर उनके पार्थिव शरीर को अपने पार्टी ऑफिस में जगह तक नहीं दी। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष हंसराज पप्पू, पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी, बैंक चेयरमैन मोहन लाल सैनी, पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष भटनागर, सुरेश गंगवार, अभियान संयोजक महेश मौर्य, जिला महामंत्री रविंद्र सिंह रवि, अशोक विश्नोई, जगपाल यादव, प्रेम शंकर पांडे, संजय सिंह, पंकज लोधी, शकुंतला लोधी, रघुवीर जाटव, अर्जुन रस्तोगी, भारत भूषण गुप्ता, संजय पाठक, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी, ओबीसी जिला मीडिया प्रभारी संजीव वर्मा, दिनेश शर्मा, राजकुमार चौहान, ऋषि पांडे, पारुल अग्रवाल, अनु सक्सेना, राजू सुमन, भव्य उप्पल, देवेंद्र दिवाकर, ओमप्रकाश सैनी, रोहताश सिंह, वेद प्रकाश सागर, ममता अत्रि, नरेंद्र सिंह, नवनीत चौहान, रोहित सैनी, योगेश सैनी, सुबोध श्रीवास्तव ,कमल तुरैहा, कृपाल तुरैहा, नवनीत चौधरी, आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## हरियाणा में मुख्य मार्गों पर बनाए जाएंगे ट्रॉमा सेंटर : आरती राव

### गुरुग्राम में सडक सुरक्षा सप्ताह के तहत जागरुकता कार्यक्रम में कही यह बात

प्रात: किरण संवाददाता




गुरुग्राम। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती राव ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग ने निर्णय लिया है कि मुख्य मार्गों पर हर निश्चित दूरी पर एक ट्रॉमा सेंटर स्थापित किया जाएगा। सडक दुर्घटना के दौरान घायल की जान बचाने के लिए पहला एक घंटा अति महत्वपूर्ण माना गया है। इस अवधि में घायल का उचित उपचार शुरू हो जाए तो उसकी जान को बचाया जा सकता है। सडकों की सुविधा के साथ गुरुग्राम सहित प्रदेश के बाकी हिस्सों में वाहनों की संख्या में इजाफा हुआ है।

यह बात उन्होंने मंगलवार को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण तथा सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की ओर से मनाए जा रहे सडक सुरक्षा सप्ताह के तहत होटल रामाडा में जागरुकता कार्यक्रम में कही। कार्यक्रम में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती राव के अलावा लोक निर्माण व जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने भी नागरिकों को यातायात नियमों की पालना करने के लिए प्रेरित किया।

मंत्री आरती राव ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में भी 24 घंटे इमरजेंसी की सुविधा उपलब्ध रहती है। इसलिए कोई भी दुर्घटना हो जाए तो सर्वप्रथम घायल को सरकारी अस्पताल में पहुंचाने का प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि चिकित्सा अधिकारियों को सरकार ने निर्देश दिए हैं कि पहले घायल का इलाज शुरू किया जाए, पुलिस कार्यवाही बाद में होगी। जो व्यक्ति घायल को अस्पताल में लेकर आता है, उसको भी रेडक्रास सोसाइटी की ओर से मानदेय दिया जाता है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यह घोषणा की है कि सडक दुर्घटनाओं में घायल होने वाले व्यक्ति को सरकार की ओर से आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। अटेली से विधायक एवं मंत्री आरती राव ने बताया कि रेवाड़ी में एम्स का निर्माण कार्य जोरों पर है। अप्रैल माह तक उसमें ओपीडी सेवाएं शुरू हो जाने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में करीब एक हजार करोड़ रुपये की लागत से 700 बिस्तरों का सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का निर्माण करवाया जाएगा। मुख्यमंत्री के प्रयासों से प्रदेश के सभी 22 जिलों में मेडिकल कालेज बनवाए जा रहे हैं।

3700 किलोमीटर की दूरी में लगाई सफेद पट्टी

लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि सडक सुरक्षा के लिए धुंध के मौसम को देखते हुए प्रदेश में मुख्य मार्गों पर 3700 किलोमीटर की दूरी में तथा अन्य मार्गों पर 14 हजार किलोमीटर तक सफेद पट्टी बना दी गई है। उन्होंने कहा कि सडकों पर बेसहारा पशुओं की संख्या को कम करने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गौसेवा आयोग का बजट बढ़ाकर अब 400 करोड़ रूपए का कर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सडक निर्माण के कार्य में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस अवसर पर डीसीपी ईस्ट गौरव राजपुरोहित और सीएमओ डॉ. वीरेंद्र यादव ने भी विचार रखे। कार्यक्रम में सुमन दहिया, विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी, ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी, रोड सेफ्टी ऑगेर्नाइजेशन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## ब्लॉकों में लगेंगे रोजगार मेलों के शिविर

बदायूँः । मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री संदीप महतो कमान्डेन्ट क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र देहरादून उ०प्र० के पत्र के द्वारा सुरक्षा कार्यों में प्रशिक्षण उपरान्त रोजगार देने के लिए इच्छुक उम्मीदवारों के पंजीयन हेतु समस्त विकासखण्डों में ऑनलाइन रोजगार मेलों का शिविर लगाए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों से कम्पनी द्वारा प्रशिक्षण हेतु 350 रुपए प्रोफाईल फीस तथा 10 हजार रुपए प्रशिक्षण शुल्क लिया जायेगा, जिसमें उन्हें कैन्टीन, यूनीफार्म, बोर्डिंग एवं लॉजिंग आदि सुविधा अनुमन्य होगी। इस सम्बन्ध में कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा। सुरक्षा जवान हेतु वेतनमान 15000 रुपए से 20 हजार रुपए एवं सुरक्षा सुपरवाइजर हेतु वेतनमान 18 हजार रुपए से 25 हजार रुपए दिया जायेगा।

उन्होंने बताया कि विकास खण्ड सालारपुर में 22 एवं 23 जनवरी 2025 को, उझानी में 24 एवं 24 जनवरी 2025 को, कादरचौक में 27 एवं 28 जनवरी 2025 को, म्याऊँ में 29 एवं 30 जनवरी 2025 को, उसावां में 31 जनवरी एवं 02 फरवरी 2025 को, जगत में 03 एवं 04 फरवरी 2025 को, वजीरगंज में 05 एवं 06 फरवरी 2025 को, बिसौली में 07 एवं 10 फरवरी 2025 को, आसफपुर में 11 एवं 12 फरवरी 2025 को, सहसवान में 13 एवं 14 फरवरी 2025 को, दहगवां में 15 एवं 17 फरवरी 2025 को, इस्लामनगर में 18 एवं 19 फरवरी 2025 को, अम्बियापुर में 20 एवं 21 फरवरी 2025 को, दातागंज में 24 एवं 25 फरवरी 2025 को तथा समरेर में 25 एवं 27 फरवरी 2025 को ऑनलाइन रोजगार मेलों का शिविर लगाए जाएंगे।

जिला रोजगार सहायता अधिकारी सचिन कुमार ने जानकारी देते हुए अवगत है कि इस रोजगार मेला में 02 कम्पनियॉ प्रतिभाग कर रही है। इस रोजगार मेलें में हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक, स्नातकोत्तर एवं आई0टी0आई0 एवं जी0टी0आई0 उत्तीर्ण समस्त ट्रैडों के अभ्यर्थी मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। यह योजना उत्तर प्रदेश सरकार के युवाओं के लिए निजी क्षेत्र की कम्पनियों में रोजगार उपलब्ध कराने की सौगात है। अतः समस्त अभ्यर्थियों से अपील है कि वे अपने सभी प्रमाण पत्रों एवं शैक्षिक योग्यता वॉयोडाटा सहित अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। रोजगार मेला उ0प्र0 शासन की महत्वाकांक्षी योजना है।

# पूरे मंत्रिमंडल के साथ त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाएंगे सीएम योगी

प्रात: किरण संवाददाता



महाकुंभ नगर। प्रयागराज महाकुंभ में बुधवार को योगी सरकार की कैबिनेट बैठक हो रही है। इस बैठक में योगी सरकार के सभी 54 मंत्रियों को बुलाया गया है। इस बैठक में प्रदेश को कई सौगात देने वाली योजनाओं और प्रस्तावों को मंजूरी दी जाएगी। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूरे मंत्रिमंडल के साथ त्रिवेणी संगम की पावन धारा में डुबकी भी लगाएंगे।

इससे पूर्व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2019 कुंभ मेले में भी अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ संगम में डुबकी लगाई थी, तब मुख्यमंत्री के साथ अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र गिरि और अन्य साधु-संतों ने भी संगम में स्नान किया था।

महाकुंभ में योगी सरकार की बैठक में शामिल होने के लिए यूपी सरकार के सभी 54 मंत्रियों को बुलाया गया है। यह बैठक अरैल के त्रिवेणी संकुल में दोपहर 12 बजे शुरू होगी। संगम में स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा न हो, इसके लिए अरैल में बैठक करने का फैसला लिया गया है।

पहले यह बैठक मेला प्राधिकरण के सभागार में होनी थी, लेकिन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए बाद में बैठक का स्थान बदल दिया गया। अगर मेला प्राधिकरण के सभागार में मंत्रियों की बैठक की जाती है तो वीआईपी सुरक्षा के चलते श्रद्धालुओं को दिक्कत हो सकती थी।

बैठक के बाद सभी मंत्री अरैल वीआईपी घाट से मोटर बोट के जरिए संगम जाएंगे। यहां सीएम योगी समेत सभी मंत्री विधिवत पूजन करेंगे। इसके बाद संगम तट पर बनी जेटी के जरिए त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाएंगे।

जानकारी के मुताबिक, सीएम योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह, बेबी रानी मौर्य, जयवीर सिंह, लक्ष्मी नारायण चौधरी, धर्मपाल, नंदगोपाल नंदी और अनिल राजभर सहित सभी 21 मंत्री और बाकी स्वतंत्र प्रभार वाले और राज्यमंत्री सहित कुल 54 मंत्री कैबिनेट बैठक में शामिल होने के बाद विधिवत संगम में स्नान करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### बरेली में नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल कारावास की सजा

बरेली। बरेली जिले की एक अदालत ने सात वर्षीय नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म मामले के आरोपी को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष कारावास की सजा सुनाई और 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया। एक अधिवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह मामला करीब पांच साल पुराना है। विशेष लोक अभियोजक (पाक्सो अधिनियम) राजीव तिवारी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में खेत पर ताऊ-ताई को खाना देने जा रही सात साल की बच्ची से दुष्कर्म करने के आरोपी झब्बू को विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) उमाशंकर कहार की अदालत ने सोमवार को दोषी करार देते हुए 20 साल कैद की सजा सुनाई और साथ ही, 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने आदेश दिया कि जुर्माने की धनराशि पीड़िता को दी जाएगी। विधि विज्ञान प्रयोगशाला में कराई गई जांच में पीड़िता की फ्रॉक पर अभियुक्त का वीर्य पाया गया था। तिवारी ने बताया कि दुष्कर्म की घटना छह अप्रैल 2020 में थाना हाफिजगंज के एक गांव की है। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट थाना हाफिजगंज में दुष्कर्म की धारा और पाक्सो अधिनियम के तहत दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी झब्बू (24) को गिरफ्तार कर लिया था। मामले में विवेचना पूरी होने के बाद पुलिस ने आरोपपत्र दाखिल किया। अभियोजन पक्ष की ओर से 10 गवाह और 15 दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। अदालत ने झब्बू को दोषी पाते हुए 20 साल कैद की सजा सुनाई और साथ ही, 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। विशेष लोक अभियोजक ने बताया कि पीड़िता की मां ने अपनी तहरीर में आरोप लगाया था कि उसकी सात वर्षीय बेटी सुबह नौ बजे खेत पर अपने छोटे भाई बहनों के साथ ताऊ-ताई को खाना देने जा रही थी। रास्ते में झब्बू ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान अन्य बच्चे वहां से भागकर सूचना देने घर पहुंचे। परिजन घटनास्थल पर पहुंचे तो झब्बू बच्ची का गला दबा रहा था। परिजनों को देखकर वह भाग गया। इसके बाद पुलिस कार्रवाई हुई और सोमवार को सुनवाई पूरी करने के बाद अदालत ने सजा सुनाई।

### पॉक्सो एक्ट हटाने को बनवाई दुष्कर्म पीड़िता की फर्जी टीसी

अमरोहा। हसनपुर के बाद अब डिडौली कोतवाली से जुड़े दुष्कर्म के एक मुकदमे में पॉक्सो एक्ट हटाने को पीड़िता की फर्जी टीसी बनवाने का मामला सामने आया है। जेल से छूटकर आए दुष्कर्म के आरोपी ने एक प्रधानाचार्य से सांठगांठ कर इस काम को अंजाम दिया और फर्जी टीसी कोर्ट में दाखिल भी करा दी। मामले में सीजेएम कोर्ट के आदेश पर आरोपी और प्रधानाचार्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज है। मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। यहां पर रहने वाले एक किसान की मृत्यु हो चुकी है। उनकी नाबालिग बेटी गांव में ही अपने चाचा की देखभाल में रहती है। साल 2022 में डिडौली क्षेत्र के गांव इकौंदा का रहने वाला युवक हितेश गांव से किशोरी को बहला-फुसलाकर ले गया था। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर बाद में किशोरी को बरामद कर लिया था और फिर उम्र से संबंधित प्रमाणपत्र और बयानों पर केस में दुष्कर्म, अपहरण व पॉक्सो एक्ट की धारा की बढ़ोतरी कर आरोपी हितेश का चालान किया था। फिलहाल वह जमानत पर जेल से बाहर है। पीड़िता के चाचा के मुताबिक आरोपी हितेश ने मुकदमे में पॉक्सो एक्ट हटाने को कोर्ट में दुष्कर्म पीड़िता की फर्जी टीसी दाखिल कर दी। जिसे जाली तरीके से मंडी धनौरा ब्लॉक के गांव सूनगढ़ स्थित डा. आंबेडकर पूर्व माध्यमिक कॉलेज से बनवाया गया। आरोप है कि उनके गांव से इस कॉलेज की दूरी करीब 60 किमी है ऐसे में इस कॉलेज में पीड़िता का पढ़ाई करना किसी सूरत में मुमकिन नहीं है, जबकि उसकी पढ़ाई जोया ब्लॉक के गांव इकौंदा स्थित जनता जूनियर हाईस्कूल में हुई है, जिसकी टीसी कोर्ट में दाखिल की जा चुकी है। मामला संज्ञान में आने पर पीड़ित पक्ष ने कोतवाली में शिकायत की थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, लिहाजा उन्होंने कोर्ट की शरण ली। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने सीजेएम कोर्ट के आदेश पर दुष्कर्म के आरोपी हितेश और प्रधानाचार्य के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

### फाउंडेशन पदाधिकारियों ने शाह विलायत शाह दरगाह में की चादरपोशी

अमरोहा। जिले में रक्तदान की मुहिम चला रही संस्था इंसानियत का पैगाम फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने सोमवार रात दरगाह शाह विलायत पहुंचकर चादर पेश की और मुल्क में अमन चैन की दुआ की। फाउंडेशन के उपाध्यक्ष गुल मोहम्मद ने बताया कि इस दरगाह की पूरी दुनिया में बिच्छू वाली जियारत के नाम से पहचान है। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष अबसार सिद्दीकी, फहीम नबी, आमिर आफताब, मजहर मालिक, आजम सिद्दीकी, अत्यब अब्बासी, अब्दुल अहद खान, हस्सान सिद्दीकी, फैज खान, नूर आलम, फाजिल आदि रहे।

# बीपीएम के स्थानांतरण पर एनएमएम संघ ने जताया विरोध,सौंपा ज्ञापन



प्रात: किरण संवाददाता

स्योहारा। बीते सोमवार को सीएचसी परिसर में एनएमएम संघ तथा अन्य सी एच सी कर्मचारियों द्वारा कार्य बहिष्कार करते हुए अपना रोष प्रकट किया और इसके साथ ही धरना देकर एक ज्ञापन सी. एम .ओ. बिजनौर को भेजा गया। एन.एम.एम. ने बताया कि स्थानीय सी एच सी पर तैनात सी एच ओ के द्वारा एन एम एम तथा अन्य कर्मचारियों पर अनायास ही आरोप लगाए जा रहे हैं साथ ही जाती धर्म के नाम पर पक्षपात भी किया जाता है जिसकी शिकायत कई बार मौखिक रूप से की जा चुकी है.परंतु कोई भी जांच नहीं की गई। जबकि उल्टा इसी मामले में बीपी एम का स्थानांतरण भी सी एच ओ की शिकायत पर नूरपुर कर दिया गया जो कि न्योचित नहीं है और एन एम एम तथा अन्य कर्मचारी संघ इसकी घोर निंदा करता है।और मांग की जाती है कि इस स्थानांतरण पर रोक लगाई जाए और जब तक मांग पूरी नहीं होती ये धरना चलता रहेगा। वहीं सी एच ओ ने बताया कि उनपर लगे आरोप निराधार है। इस मौके पर धरना देने वालों में आदेश कुमारी, मुक्लेश,पूजा,अमृता गीता,प्रियंका ,अंजलि, अनिता आदि मौजूद रहीं।

# हजरत शाह विलायत साहब उर्स के तीसरे दिन डिप्टी कलक्टर, विधायक व कांग्रेसी नेता ने की चादरपोशी

## कव्वालों ने अपने-अपने कलाम पेश कर खूब वाह-वाही लूटी

प्रात: किरण संवाददाता



अमरोहा। विश्व प्रसिद्ध दरगाह हजरत सैयद हुसैन शरफउद्दीन नकवी शाह विलायत साहब रह. का चार दिवसीय उर्स के तीसरे दिन मंगलवार को डिप्टी कलेक्टर मसीह नजम, नौगांवा सादात से विधायक चौधरी समरपाल व कांग्रेसी नेता डॉ. मेराज हुसैन सहित बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने दरगाह पर हाजिरी लगाकर चादरपोशी की और मन्नतें मांगी। इस दौरान दरगाह पर आने वाले मेहमानों की दस्तारबंदी दरगाह कमेटी पदाधिकारियों द्वारा की गई। चादरपोशी कर मुल्क व कौम की तरक्की की दुआ मांगी। दरगाह परिसर में आयोजित महफिल में कव्वालों ने हजरत शाह विलायत साहब की शान में कलाम पेश करते कहा....सैकड़ों हो गए कहते कहते वली या अली या अली या अली या अली। कभी दीवार हिलती है कभी दर कांप जाता है, अली का नाम सुनके अब भी खैबर कांप जाता है। अली इमामे मन अस्तो मनम गुलामे अली, हजार जाने गिरामी फिदा बनामे अली। अली जी वीर हो बलवान हो धरती पिता तुम हो, नही तुम सा कोई सारे जगत में सूरमा तुम हो, अजब सी तुमरी लीला है नहीं मालूम क्या तुम हो, कहीं धर्मात्मा तुम हो कही परमात्मा तुम हो आदि कलाम पेश कर खूब वाह-वाही लूटी। सुबह से ही दरगाह पर हर धर्म के लोगो ने हाजिरी लगाई।

बड़ी संख्या में जायरीनों ने दरगाह पर चादरपोशी कर मंन्नते मांगी। मुतावल्ली हसन शुजा नकवी ने बताया कि दरगाह हजरत शाह विलायत साहब पर चार दिवसीय उर्स चल रहा है। यह वह मजार है जहां पर आज तक किसी भी बिच्छू ने डंक नहीं मारा है। देश-विदेश से लोग इस चमत्कार को देखने के लिए आते हैं। हर धर्म का अनुयायी यहां आकर मन्नत मांगता है और उसकी दुआ कबूल होती है। बीमार को शिफा मिलता है। इन्हीं की दुआओं से देवीय आपदाओं से नगर महफूज रहता है। उर्स के तीसरे दिन दरगाह पर नगर के तमाम पत्रकारों ने पहुंचकर चादरपोशी कर मन्नत मांगे। इस दौरान मुतावल्ली हसन शुजा ने पत्रकारों के दस्तारबंदी कर सम्मानित किया। कल यानी आज बुधवार को मगरिब की नमाज बाद कुल शरीफ रस्म अदा की जाएगी। इस दौरान दरगाह परिसर में भारी भीड़ जुटी रही।

# मेरठ में गोलीबारी कर वीडियो साझा करने वाले आरोपियों की पुलिस से मुठभेड़, एक के पैर में गोली लगी

प्रात: किरण संवाददाता



मेरठ । मेरठ में पिस्तौल से गोलीबारी कर उसका वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करने के आरोपियों से पुलिस दल की मंगलवार को मुठभेड़ हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि एक बदमाश जवाबी कार्रवाई में घायल हो गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राकेश कुमार मिश्र ने बताया कि मंगलवार की सुबह जानी पुलिस दल द्वारा वीडियो से जुड़े आरोपियों को पकड़ने के लिए वाहनों की जांच की जा रही थी और उसी दौरान यह घटना हुई।

मिश्रा ने बताया कि आज सुबह जांच के दौरान बिना नंबर प्लेट वाली एक सफेद कार ने पुलिस से बचने के लिए तेज गति से भागने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस ने उसका पीछा किया। उन्होंने बताया कि कार अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई, जिसके बाद दो लोगों ने पुलिस पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। मिश्रा ने बताया, पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक आरोपी के दायें पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। एएसपी ने बताया घायल आरोपी की पहचान सागर (27) के रूप में हुई है, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उसका साथी भाग गया, जिसे पकड़ने के प्रयास जारी हैं। सागर ने पूछताछ के दौरान बताया कि सोशल मीडिया पर आए वीडियो को उसके साथी, टिमकिया गांव के निवासी नवनीत उर्फ मीनू ने रिकॉर्ड किया था। मिश्रा ने बताया कि सागर बरामद कार से संबंधित सटीक जानकारी या दस्तावेज नहीं दे सका। सागर को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल भेजा गया है।

अधिकारी ने बताया कि पिस्टल, कुछ कारतूस और वाहन को जब्त कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि शस्त्र अधिनियम और अन्य संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

# महाकुंभ में हार्ट अटैक के 100 से ज्यादा श्रद्धालुओं की जान बचाने में मिली सफलता




महाकुंभ नगर। महाकुंभ में हार्ट अटैक वाले 100 से ज्यादा श्रद्धालुओं की जान बचा ली गई है। इसके साथ ही आईसीयू में 183 मरीजों का इलाज और 580 का माइनर ऑपरेशन किया गया है। यही नहीं, अब तक 1,70,727 ब्लड टेस्ट और 1,00,998 लोगों ने खुद को ओपीडी में दिखाया है। सेंट्रल हॉस्पिटल में देश की सबसे आधुनिक तकनीक से इलाज किया जा रहा है। महाकुंभ मेला के नोडल चिकित्सा स्थापना डॉक्टर गौरव दुबे ने बताया कि देश-विदेश से आ रहे श्रद्धालु महाकुंभ नगर में स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। इसके पहले मध्य प्रदेश के दो श्रद्धालुओं को सेंट्रल हॉस्पिटल में जीवनदान मिला। दोनों श्रद्धालुओं का सीने में दर्द होने पर आईसीयू में इलाज किया गया।

डॉक्टर एसके पांडे के नेतृत्व में उनकी जांच की गई और उनका सफलतापूर्वक उपचार किया गया। अब दोनों श्रद्धालु पूरी तरह से स्वस्थ हैं। डॉ. पांडे ने बताया कि दोनों श्रद्धालुओं की ईसीजी की गई और बाद में उनका इलाज किया गया। अब वे पूरी तरह से स्वस्थ हैं और इस इलाज के लिए उन्होंने सीएम योगी आदित्यनाथ और डॉक्टरों का धन्यवाद किया। इनके अलावा महाकुंभ में पहुंचे 105 साल के बाबा राम जाने दास, जो हनुमानगंज, फूलपुर के रहने वाले हैं, पेट दर्द की समस्या के चलते सेंट्रल हॉस्पिटल पहुंचे थे, जहां उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उन्होंने यहां की चिकित्सा सुविधाओं की तारीफ की और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया।

सेंट्रल हॉस्पिटल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने कमान संभाली है, जिसमें फिजिशियन, डेंटल सर्जन, आर्थो, चाइल्ड, गायनो और पीडियाट्रिशियन विशेषज्ञ तैनात हैं। यहां 10 बेड का आईसीयू तैयार किया गया है। साथ ही मरीजों की निगरानी के लिए एआई-आधारित कैमरों का उपयोग किया जा रहा है।

# संभल दंगों की जांच के लिए न्यायिक आयोग ने मौके का दौरा कर सुनवाई शुरू की

संभल। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित न्यायिक आयोग ने 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हुए दंगों से प्रभावित इलाकों का मंगलवार को निरीक्षण किया और लोगों के बयान दर्ज करने के लिए सुनवाई शुरू की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पिछले साल के अंत में गठित आयोग ने शाही जामा मस्जिद क्षेत्र सहित इन स्थानों का फिर से दौरा किया, जहां 24 नवंबर को हिंसा हुई थी। न्यायिक आयोग में उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश देवेंद्र अरोड़ा, उप्र के पूर्व पुलिस महानिदेशक अरविंद कुमार जैन और राज्य के पूर्व अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद शामिल हैं। सरकार ने आयोग का गठन दंगों की जांच करने और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए किया है। इसके पहले भी आयोग ने संभल का दौरा किया था। आयोग के प्रतिनिधिमंडल के साथ जिलाधिकारी (डीएम) राजेंद्र पेंसिया, पुलिस अधीक्षक (एसपी) कृष्ण कुमार विश्नोई और मुरादाबाद रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) मुनिराज जी भी थे। आयोग के सदस्यों के नेतृत्व में टीम ने एक घंटे से अधिक समय तक व्यापक निरीक्षण किया। इसके बाद, उन्होंने संभल में चंदौसी रोड पर पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में पहुंचकर सुनवाई शुरू की। आयोग के सदस्य आज शाम चार बजे तक लोगों का बयान दर्ज करेंगे। पत्रकारों से बात करते हुए आयोग के सदस्य और पूर्व डीजीपी अरविंद कुमार जैन ने कहा, हमने यह शिविर इसलिए लगाया है ताकि जो लोग अपना पक्ष रखना चाहते हैं और जानकारी देना चाहते हैं, उन्हें लखनऊ न जाना पड़े। यह उनकी सुविधा के लिए है। हम उनकी बात सुनने के लिए 4-5 घंटे यहां रहेंगे।

# शामली मुठभेड़ : उप्र के बाहर भागने के प्रयास में था अरशद, असलहे और कार बरामद

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के शामली जिले के झिंझाना में सोमवार की रात मुठभेड़ में एसटीएफ ने चार बदमाशों को ढेर कर दिया जबकि एसटीएफ इंस्पेक्टर सुनील घायल हो गए। उन्हें करनाल के अमृतधारा अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से उन्हें गुरुग्राम के मेदांता हॉस्पिटल रेफर किया गया है। बीती रात करीब दो बजे एसटीएफ मेरठ के साथ बदमाशों की हुई मुठभेड़ मुस्तफा गैंग का एक लाख रुपये का इनामी अरशद और उसके तीन साथी सोनीपत निवासी मंजीत, करनाल निवासी सतीश और एक अन्य अपराधी को मार गिराया गया है। चारों बदमाश कार में सवार होकर उत्तर प्रदेश के बाहर भागने के प्रयास में थे। एसटीएफ के एएसपी बृजेश कुमार ने मीडिया को बताया कि सहारनपुर जिले के थाना गंगोह के बाहड़ी माजरा गांव के निवासी अरशद के झिंझाना में छिपे होने की सूचना पर टीम ने उनकी घेरबंदी की। इस दौरान बदमाशों की तरफ से चलाई गई गोलियों के जवाब में एसटीएफ टीम की ओर से गई फायरिंग में अरशद और उसके तीन साथी ढेर हो गए।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सफाई के प्रति किया जागरूक



गजरौला। नगर पालिका परिषद गजरौला द्वारा बाहर से बुलाए गए कलाकारों के माध्यम से जगह-जगह नुक्कड़ नाटक कर सफाई के प्रति लोगों को जागरूक किया गया सात सदस्यीय नाटक मंडली टीम द्वारा कन्या प्राइमरी पाठशाला गजरौला इंदिरा चौक गजरौला शिव मंदिर इंदिरा चौक चौराहा एवं शिव इंटर कॉलेज गजरौला में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक आयोजित किए गए जिसमें काफी संख्या में जनमानस एवं स्कूली छात्र-छात्राओं ने भाग लिया शिव इंटर कॉलेज गजरौला में लगभग 500 छात्र छात्राएं एवं शिव इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य आचार्य एवं नगर पालिका परिषद गजरौला का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# अदालत ने गर्भवती महिला पर हमले के चार आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया

प्रात: किरण संवाददाता



वाराणसी। वाराणसी की एक अदालत ने एक गर्भवती महिला पर हमला करने और भूत-प्रेत की आशंका में उसके अजन्मे बच्चे की मौत के आरोप में चार व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है। एक अधिवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिवक्ता विकास सिंह ने बताया कि विशेष मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) अश्विनी कुमार की अदालत ने सोमवार को भेलूपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) को पीड़ित पूनम कुमारी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के बाद यह आदेश जारी किया। भेलूपुर के रानीपुर की निवासी पूनम कुमारी की याचिका उनके वकील विकास सिंह के माध्यम से भारतीय न्याय संहिता की धारा 175(3) के तहत प्रस्तुत की गई थी।

शिकायत के अनुसार, यह घटना दो सितंबर, 2024 की रात करीब साढ़े दस बजे हुई, जब पूनम ने अपने घर के बाहर गाली-गलौज और तोड़फोड़ की आवाजें सुनीं।

पूनम ने बाहर निकलकर देखा तो आरोपी गौतम बिंद, उसके भाई सरोज बिंद, हरि बिंद और राजा बिंद उनके पति के ई-रिक्शा के शीशे को तोड़ रहे थे। जब पूनम ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उन्हें और उनकी सास को ह्यभूतहीह्न कहते हुए गालियां दीं और आरोप लगाया कि वे उनके परिवार पर भूत-प्रेत (जादू-टोना) कर रही हैं। इसी दौरान गौतम बिंद छत पर चढ़ गया और वहां से ईंट उठाकर पूनम के पेट पर मारी। इस हमले से पूनम अचेत होकर जमीन पर गिर गईं और गंभीर चोट के कारण उनके दो महीने के गर्भस्थ शिशु का गर्भपात हो गया। घटना के बाद शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर जुटे, लेकिन हमलावर धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। पूनम को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस में शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई न होने पर पूनम ने अदालत की शरण ली। विकास सिंह ने बताया कि अदालत ने मामले को गंभीरता से लेते हुए भेलूपुर थाना प्रभारी को गौतम बिंद, सरोज बिंद, हरि बिंद और राजा बिंद के खिलाफ तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करने का आदेश दिया है।

# गोंडा में दहेज हत्या के दोषी पति को आजीवन कारावास की सजा

गोंडा। गोंडा जिले की एक अदालत ने दहेज हत्या के करीब तीन साल पुराने एक मामले में आरोपी पति को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास और 45 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) अभिनव चतुर्वेदी ने मंगलवार को बताया कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (त्वरित अदालत) नम्रता अग्रवाल ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों और गवाहों के बयान तथा अधिवक्ताओं के तर्कों के आधार पर आरोपी पति वसीम को दहेज हत्या का दोषी ठहराते हुए सश्रम आजीवन कारावास तथा 45 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। जुमार्ने की रकम अदा न करने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अदालत ने मृतका के ससुर रोज अली को दोषमुक्त करार दिया। चतुर्वेदी ने घटना का ब्यौरा देते हुए कहा कि खरगूपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भटपुरवा निवासी रजीउद्दीन ने नौ सितंबर 2022 को स्थानीय थाने पर अपने दामाद व समधी के खिलाफ अपनी पुत्री को दहेज के लिए जलाकर मार डालने का मुकदमा दर्ज कराया था। प्राथमिकी में कहा गया था कि उन्होंने अपनी बेटी शबनम की शादी ग्राम नरहरिया कल्लूपुरवा निवासी वसीम के साथ की थी। शादी के बाद पति वसीम, ससुर रोज अली, ननद फसीना और वसीना दहेज में बुलेट मोटर साइकिल, सोने की चेन तथा अंगूठी की मांग को लेकर शबनम को प्रताड़ित करने लगे और अंततः उसे मारकर जला दिया गया। विवेचना के दौरान साक्ष्य के आधार पर विवेचक ने अभियुक्त रोज अली व वसीम के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र प्रेषित किया। चतुर्वेदी के अनुसार, सुनवाई पूरी करने के बाद अदालत ने दोषी पति वसीम को सजा सुनाई और उसके पिता को दोषमुक्त कर दिया।

# उप्र : मुजफ्फरनगर में ट्रक की चपेट में आने से महिला की मौत, पति गंभीर रूप से घायल

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर जिले के बुढ़ाना थाना क्षेत्र में तेज गति से जा रहे एक ट्रक की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गयी और उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, बुढ़ाना थाना अंतर्गत बड़ौदा गांव के पास सोमवार शाम एक तेज गति से जा रहे एक ट्रक की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार सायरा बानो (34) की मौत हो गई और उसका पति इकराम गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) आनन्द मिश्रा ने बताया कि घटना उस समय हुई जब महिला अपने पति के साथ मोटरसाइकिल पर बुढ़ाना से बड़ौदा गांव जा रही थी। उन्होंने कहा कि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# योगी आदित्यनाथ ने मणिपुर, त्रिपुरा और मेघालय के स्थापना दिवस पर बधाई दी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को तीन पूर्वोत्तर राज्यों मणिपुर, त्रिपुरा और मेघालय के स्थापना दिवस पर इन राज्यों के लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा त्रिपुरा के स्थापना दिवस की त्रिपुरा वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं! लोक-संस्कृतियों से समृद्ध यह राज्य विकास पथ पर सतत गतिमान रहे, मां त्रिपुर सुंदरी से यही प्रार्थना है। अपने श्रृंखलाबद्ध पोस्ट में आदित्यनाथ ने कहा मणिपुर राज्य के स्थापना दिवस की मणिपुर वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं! प्राकृतिक संपदाओं से परिपूर्ण यह राज्य प्रगति करे, उन्नति करे, प्रभु श्री राम से यही प्रार्थना है। योगी आदित्यनाथ ने अगले पोस्ट में कहा मेघालय राज्य के स्थापना दिवस की सभी मेघालय वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं! अद्भुत प्राकृतिक सौंदर्य से अलंकृत, लोक-परंपराओं से समृद्ध यह राज्य प्रगति के नित नए प्रतिमान गढ़े, यही कामना है।

# मुजफ्फरनगर में पारिवारिक विवाद में व्यक्ति ने भाई की चाकू घोंपकर हत्या की

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में पारिवारिक विवाद में एक व्यक्ति ने अपने सगे भाई की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जिले के शाहपुर थाना इलाके के बरवाला गांव में सोमवार रात पारिवारिक विवाद के चलते कृष्णपाल (45) की उसके सगे भाई प्रेमपाल ने चाकू घोंपकर हत्या कर दी। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) आदित्य बंसल ने मंगलवार को यहां संवाददाताओं को बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। बंसल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है और उनकी गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई है।

# भूटान की राजमाता ने शाही परिवार के सदस्यों के साथ ताजमहल देखा

आगरा। भूटान की राजमाता शेरिंग यांगदोन ने भूटान शाही परिवार के सदस्यों के साथ ताजमहल देखा और परिसर में करीब डेढ़ घंटे तक बिताया। राजमाता ने ताज महल के अंदर शाही परिवार के साथ फोटो खिंचवाईं। भूटानी शाही परिवार को टूरिस्ट गाइड शमशुद्दीन ने ताज महल दिखाया और इसके बारे में जानकारी दी। शमशुद्दीन ने बताया, राजमाता 30 साल पहले भी ताजमहल देखने आई थीं और यह उनकी दूसरी यात्रा है। उन्होंने बताया कि इस यात्रा के दौरान यांगदोन ने एक बार फिर ताजमहल के इतिहास के बारे में जाना। शाही परिवार के सदस्यों ने स्मारक के बारे में, इसके निर्माण और नक्काशी सहित कई सवाल भी पूछे। वे ताजमहल की खूबसूरती को लेकर बहुत उत्सुक थे। ताज सुरक्षा के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) सैयद अरीब अहमद ने बताया, ह्यभूटान के शाही परिवार की यात्रा प्रोटोकॉल के तहत तय की गई थी। प्रोटोकॉल के अनुसार उन्हें पूरी सुरक्षा मुहैया कराई गई थी। अहमद ने बताया कि पर्यटन पुलिस थाना और ताज सुरक्षा पुलिस के कर्मियों के अलावा कई अन्य पुलिस अधिकारी उनकी सुरक्षा में तैनात थे। शाही परिवार ने कड़ी सुरक्षा के बीच सुरक्षित रूप से ताजमहल का दीदार किया।

# उन्नाव में दम घुटने से एक महिला और दो बच्चों की मौत

उन्नाव। उन्नाव जिले के बांगरमऊ क्षेत्र में एक महिला और उसके दो बच्चों की कथित तौर पर दम घुटने से मौत हो गयी। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि ठंड से बचने के लिए बंद कमरे में अंगीठी जलाकर सोने के कारण यह हादसा हुआ। बांगरमऊ के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अरविंद कुमार ने बताया कि बांगरमऊ के न्यू कटरा मोहल्ला निवासी और फौज में सूबेदार आलोक सिंह वर्तमान में लद्दाख में तैनात हैं और यहां घर पर उनकी पत्नी रचना (35) अपने सात वर्षीय बेटे वैभव और चार वर्षीय बेटी वैष्णवी के साथ रह रही थी। उन्होंने बताया सोमवार सुबह 10 बजे के लगभग जब इनके घर दूध वाला आया और उसके बार बार आवाज देने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तो उसने इनके परिजनो को सूचना देकर पूरी बात बताई। परिजन एफ चौरासी थाना क्षेत्र के मुन्नीखेड़ा गांव में रहते हैं। सीओ ने बताया कि मुन्नीखेड़ा गांव से पति के परिजनों के पहुंचने पर दरवाजा तोड़ा गया। बिस्तर पर रचना और वैष्णवी के शव पड़े थे और पलंग के नीचे वैभव का शव पड़ा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्यवाही शुरू की। आलोक सिंह के भाई पंकज सिंह ने बताया कि उनके भाई ने सोमवार को कई बार भाभी को फोन किया, लेकिन जब किसी ने भी फोन नहीं उठाया तो उन्होंने यह मानकर दुबारा फोन नहीं किया कि सभी सो रहे होंगे । सीओ कुमार ने बताया कि कमरे में अंगीठी जल रही थी और पूरे कमरे में धुआं भरा हुआ था जिससे प्रथम द्दष्टया लग रहा है कि दम घुटने से तीनों की जान गई। उन्होंने कहा कि मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# सांसद राकेश राठौर की पत्नी ने कहा- पति पर आरोप निराधार, हमें कोर्ट पर पूरा भरोसा

सीतापुर। कांग्रेस सांसद राकेश राठौर पर दुष्कर्म का केस दर्ज होने के बाद मंगलवार को पहली बार उनकी पत्नी नीलम राठौर ने कहा कि जो भी आरोप मेरे पति पर लगे हैं, वह निराधार हैं। उन्होंने कहा कि हमें कोर्ट पर पूरा भरोसा है। वहां से हमें न्याय मिलेगा। नीलम राठौर ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यह समय हमारे लिए बहुत कठिन है। जो आरोप मेरे पति पर लगाए गए हैं, वह सब निराधार हैं। मुझे अपने पति पर पूरा भरोसा है। वह सही हैं और हर तरीके से लोगों की मदद करते हैं। हमें कोर्ट पर पूरा भरोसा है और अदालत जरूर न्याय देगी। ज्ञात हो कि यूपी की सीतापुर लोकसभा सीट से कांग्रेस सांसद राकेश राठौर पर एक महिला ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है। शहर कोतवाली पहुंचकर महिला ने सांसद के खिलाफ शादी का झांसा देकर रेप का आरोप लगाया। कोतवाली में दर्ज कराए मुकदमे में महिला ने कहा, ह्वसांसद राकेश राठौर ने उनसे शादी का वादा और राजनीतिक करियर में सहायता देने के आश्वासन के नाम पर कई बार बलात्कार किया।

**संक्षिप्त खबरें**

## रोजगार न मिलने पर युवक ने लगाई फांसी

दादरी,। सूर्य सिटी कॉलोनी में नौकरी नहीं लगने से तनाव को लेकर युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि वाराणसी के भोहर गांव निवासी आशीष पाल छपरौला गांव के समीप सूर्य सिटी कॉलोनी में रहता था। उसकी आठ माह पहले नौकरी छूट गई थी। जिससे वह बेरोजगार था। काम न मिलने के तनाव को लेकर सोमवार को फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जब शाम तक दरवाजा नहीं खुला तो पड़ोसियों ने दरवाजा खटखटाया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने गेट को तोड़कर फंदे पर लटके शव को उतारा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## फरीदाबाद : नगर निगम ने अलग अलग मामलों में किए 43 चालान

फरीदाबाद,। नगर निगम फरीदाबाद द्वारा अलग-अलग जॉन में सफाई विभाग द्वारा खुले में गंदगी फैलाने और प्रतिबंधित पॉलीथिन सहित लगभग 43 चालान किए हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश भर में स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी दिशा में नगर निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास के मार्गदर्शन में फरीदाबाद नगर निगम द्वारा भी लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है और नियम तोडे वाले लोगों पर कार्रवाई भी लगातार की जा रही है। नगर निगम सेकेट्री जयदीप सिंह ने बताया कि विभाग के वरिष्ठ सफाई निरक्षक बिशन तेवतिया और उनकी टीम ने नगर निगम के एनआईटी 8 बडखल क्षेत्र में 10 चालान ,ओल्ड जॉन 1 और 10 और बल्लभगढ़ जॉन में 13 चालान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। निगम सेकेट्री ने लोगों से अपील की है कि खुले में जगह जगह कूड़ा न डालें और प्रतिबंधित पॉलिथीन के प्रयोग से बचे,ताकि फरीदाबाद शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके।

## जिला अस्पताल के शैक्षणिक क्षेत्र का दायरा बढ़ेगा

नोएडा,। जिला अस्पताल के शैक्षणिक क्षेत्र का दायरा बढ़ाया जाएगा। इसे सातवीं मंजिल पर बनाया गया है। यहां से दवा स्टोर को जल्द नीचे शिफ्ट किया जाएगा। जिला अस्पताल में इसी सत्र से डीएनबी कोर्स शुरू हो जाएगा। इसके लिए तीन सीट निर्धारित हैं। इसके स्लॉट खोल दिए गए हैं। लिहाजा सातवीं मंजिल पर प्रशासनिक और एकेडमिक एरिया बनाने का काम चल रहा है। इसके लिए छठी मंजिल का उपयोग किया जा सकता है, क्योंकि एकेडमिक एरिया में लाइब्रेरी सहित अन्य सुविधाओं पर काम चल रहा है। इसी कारण दवा स्टोर के लिए नीचे एक भवन बनाया जा रहा है। इसका निर्माण लगभग पूरा हो गया है। जल्द ही इसका भी उपयोग किया जाएगा।

## पौवारी गोशाला में बायोगैस संयंत्र स्थापित होगा

ग्रेटर नोएडा,। पौवारी गांव के पास स्थित नंदी गोशाला में गोबर और अन्य अपशिष्ट से कंप्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) बनाने के लिए संयंत्र स्थापित किया जाएगा। इसकी क्षमता 50 टीपीडी (टन प्रतिदिन) होगी। इच्छुक कंपनियों से प्रस्ताव मांगे गए हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 जनवरी है। प्राधिकरण ने पौवारी गांव में गोशाला का निर्माण किया है। इसकी क्षमता फिलहाल 500 गोवंश की है। इसका संचालन जल्द शुरू कर दिया जाएगा। गोवंश से उत्सर्जित होने वाले गोबर और अन्य अपशिष्ट का निस्तारण के लिए बायोगैस संयंत्र लगाया जाएगा। इसके लिए आरएफपी (प्रस्ताव का अनुरोध) जारी की गई है। इच्छुक कंपनियां 30 जनवरी तक आवेदन कर सकती हैं। प्राधिकरण अधिकारी के मुताबिक संयंत्र स्थापित करने पर आने वाला खर्च संबंधित कंपनी ही उठाएगी। गोबर और अन्य अपशिष्ट प्राधिकरण मुहैया कराएगा। संयंत्र लगाने में करीब 17 करोड़ रुपये खर्च होने का आकलन है, जिसे कंपनी खुद वहन करेगी। रोजाना 50 टन गोबर नहीं होने पर आसपास के गांवों से गोबर और घरेलू कचरा लेकर प्रक्रिया की जाएगी। बायो गैस बनाने से कंपनी को जो आमदनी होगी, उसका कुछ हिस्सा प्राधिकरण को देना होगा। बड़ी बोली लगाने वाली कंपनी को जिम्मेदारी दी जाएगी। बायोगैस संयंत्र से होने वाली आमदनी गोशाला के रखरखाव पर खर्च की जाएगी।

## हरियाली के बीच सेक्टर-89 की सड़क से गुजरेंगे शहर के लोग

फरीदाबाद,। सेक्टर-89 की सड़क के दोनों ओर ग्रीन बेल्ट पर पौधे लगाकर सेक्टर को हरा भरा किया जाएगा। फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण (एफएमडीए) की योजना को हरी झंडी मिलने के बाद इसकी निविदा निकाली जानी है। इसके बाद एफएमडीए का बागवानी विभाग एजेंसी का चयन कर इसका कार्य शुरू कराएगा। ग्रेटर फरीदाबाद में ऊंची इमारतों और सोसाइटियों के इतर हरियाली की कमी है। इसके लिए फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण को सेक्टरों के अंदर और बाहर खाली पड़े स्थानों को ग्रीन बेल्ट में तब्दील करने की योजना है।

# यूपी में ट्रैक्टर-ट्रॉली और ट्रेलर के रजिस्ट्रेशन नियमों में बड़े बदलाव, योगी सरकार ने जारी की नई SOP

प्रात : किरण, संवाददाता



लखनऊ। ट्रैक्टर ही नहीं अब उसकी ट्रॉलियों व ट्रेलर का पंजीकरण भी कराना जरूरी होगा। हर ट्रॉली व ट्रेलर पर उसका चार अंकों का अपना पंजीयन नंबर दर्ज होगा। यही नहीं उनपर 17 अंकों का चेसिस नंबर भी दर्ज किया जाएगा। इससे ट्रॉली व टेलर मालिकों का पता लगाना आसान हो जाएगा। बिना मानकों और अवैध रूप से दौड़ रहीं ट्रैक्टर ट्राली व ट्रेलर से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रदेश सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। शासन ने ट्रैक्टर ट्रॉली व ट्रेलर के पंजीयन और निर्माण में सड़क सुरक्षा के मानकों को शामिल करते हुए नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी कर दी है। ट्रेलर के चार मानक हैं तय एआईएस 112 के मानकों के तहत कृषि कार्य के लिए ट्रेलर के चार मानक तय हैं। इसमें आर-1, आर-2,आर-3 और आर-4 शामिल हैं। आर-2, आर-3 और आर-4 मॉडल का पंजीयन एग्रीकल्चर ट्रेलर के रूप में किया जाएगा। अब किसी भी मॉडल की ट्रॉली में एक एक्सल नहीं होंगी। उनमें दो एक्सल होंगे। आर-2 और आर-3 मॉडल में टायरों की संख्या चार होगी, आर-4 मॉडल आठ टायर होंगे। इसमें हर एक्सल में चार टायर लगाए जाएंगे। आर-2 मॉडल ट्राली की अधिकतम चौड़ाई दो मीटर होगी, शेष आर-3 और आर-4 मॉडल की अधिकतम चौड़ाई 2.5 मीटर होगी। तीनों ही मॉडल के ट्रेलर की ऊंचाई जमीन से अधिकतम 2.2 मीटर होगी। बॉडी की हुक को छोड़कर आर-2 मॉडल की ट्रॉली की अधिकतम लंबाई चार मीटर, आर-3 मॉडल की अधिकतम लंबाई पांच मीटर और आर-4 मॉडल की अधिकतम लंबाई 6.7 मीटर होगी। आर-2 मॉडल की ट्राली का सकल वाहन भार (जीवीडब्ल्यू) छह टन तक, आर-3 मॉडल का 6 से 9.3 टन तक और आर-4 मॉडल का 10 से 12.56 टन तक होगा। जीवीडब्ल्यू की गणना का मानक 750 किलोग्राम प्रति वर्ग मीटर होगी। वर्तमान में तीन प्रकार की बॉडी के दौड़ रहे हैं ट्रेलर इस समय तीन प्रकार की बॉडी के ट्रेलर दौड़ रहे हैं। पहला खुली बॉडी वाले ट्रेलर, दूसरा जल टैंकर वाले ट्रेलर और तीसरा प्लेटफॉर्म टाइप के ट्रेलर। सुरक्षा मानकों को देखते हुए स्थानीय निर्मित ट्रेलर में रियर व साइड अंडर प्रोटेक्शन डिवाइस, बैक लाइट फीटिंग, रिफ्लेक्टिव टेप व कंटूर मार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। सभी प्राविधानों को पूरा करने वाले विनिमार्ता को परिवहन विभाग से आवंटित चार अंकों का निमार्ता कोड दर्ज कराना होगा। इसका पहला अक्षर अल्फाबेट होगा शेष तीन अंक होंगे। चार अंक के कोड में अंतिम संख्या 999 होगी। यह संख्या पूरी होने के बाद अगला अल्फाबेट अंकित किया जाएगा। ट्रेलर विनिमार्ता ट्रेलर पर 17 अंकों/शब्दों का चेसिस संख्या अंकित करेगा। चेसिस संख्या में पहले दो अक्षर राज्य का कोड होगा। उत्तर प्रदेश के लिए यूपी पहला दो अक्षर होगा। पहले दो अक्षर के बाद परिवहन आयुक्त कार्यालय आवंटित चार अंक का विनिमार्ता कोड, इसके पश्चात दो अक्षर में ट्रेलर का मॉडल , अगले दो अक्षर में एक्सल में टायरों की संख्या दर्ज होगी। बाएं से 11वां अक्षर निर्माण वर्ष और फिर माह दर्ज किया जाएगा। सड़क सुरक्षा को देखते हुए स्थानीय निर्मित ट्रेलर की अधिकतम आयुसीमा 15 वर्ष होगी। स्थानीय निर्मित ट्रेलर विनिमार्ता व डीलर को ट्रेलर के विक्रय के लिए संबंधित पंजीयन अधिकारी से व्यवसाय प्रमाण पत्र प्राप्त करना आवश्यक होगा। ट्रेलर विनिमार्ता को प्रत्येक तीन वर्ष में अपने मॉडल के उत्पादन का कंफरमिटी आफ प्रोडक्शन (सीओपी) परिवहन आयुक्त कार्यालय से प्राप्त करना होगा।

## महाकुंभ के लिए पलवल से सीधी बस शुरू

प्रात : किरण, संवाददाता




पलवल,। पलवल से प्रयागराज महाकुंभ के लिए सीधी बस सेवा की शुरूआत हो गई है। खेल मंत्री गौरव गौतम की माता रतन देवी ने मंगलवार को हरी झंडी दिखाकर पहली बस को रवाना किया। यह बस सेवा महाकुंभ के समापन तक प्रतिदिन उपलब्ध रहेगी। मिली जानकारी के अनुसार बस प्रतिदिन सुबह 8 बजे पलवल से रवाना होकर मथुरा, आगरा, इटावा, कानपुर और कौशांबी होते हुए 645 किलोमीटर का सफर तय करके रात 8 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दिव्यांग, वरिष्ठ नागरिकों और छोटे बच्चों के लिए विशेष सीटों की व्यवस्था की गई है। यात्रा का किराया प्रति व्यक्ति मात्र 890 रुपए रखा गया है। वापसी के लिए बस प्रयागराज से भी सुबह 8 बजे रवाना होगी। इस अवसर पर रतन देवी ने कहा कि 144 वर्षों के बाद यह विशेष अवसर आया है और सभी को अपने परिवार के साथ महाकुंभ में स्नान का लाभ उठाना चाहिए। कार्यक्रम में पार्षद भक्ति शर्मा, पूर्व पार्षद इंद्रपाल, भरतलाल, परमानंद सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## गाजियाबाद भवानी टाइगर्स ने 23 रन से अफगानिस्तान इलेवन को हराया

प्रात : किरण, संवाददाता

नोएडा,। सेक्टर-127 स्थित एनएस मैदान पर खेले जा रहे एनएस वर्ल्ड कप क्रिकेट टूनार्मेंट में सोमवार को गाजियाबाद भवानी टाइगर्स ने 23 रन से अफगानिस्तान इलेवन को हराकर जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गाजियाबाद भवानी टाइगर्स ने 20 ओवर में 203 रन बनाए। बल्लेबाज रजनीश रंजन ने 55, अमित नागर 41, जीत चौधरी 24 और प्रतीक ने 22 रन की पारी खेली। गेंदबाज जियाउर रहमान ने 3, टी गौहर, आतिफ ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया। जवाब में अफगानिस्तान इलेवन की टीम ने 20वें ओवर में 180 रन पर ढेर हो गई। बल्लेबाज वसीम खान ने 70, शफान ने 25 और नबील अहमद ने 15 रन की पारी खेली। सईद मोहम्मद खुर्शीद असरफ ने 17 रन की नाबाद पारी खेली।

गेंदबाज संजीव अधाना, अमित नागर, रोहित कुलबे और विनीत दुबे ने दो-दो विकेट लिए।

14 गेंदों में 41 रन और दो बल्लेबाजों को आउट करने वाले अमित नागर को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

## फरीदाबाद को नशा मुक्त बनाने में पुलिस का करें सहयोग : सतेंद्र कुमार

**पुलिस आयुक्त की मौजूदगी में करोड़ों के नशीले पदार्थ को आग के हवाले कर किया नष्ट**

प्रात : किरण, संवाददाता



फरीदाबाद,। फरीदाबाद पुलिस द्वारा विभिन्न मुकदमों में बरामद किए गए मादक पदार्थों को मंगलवार को पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्त की देखरेख में आग के हवाले कर नष्ट किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने मामले में जानकारी देते हैं बतलाया कि 21 जनवरी को जिला फरीदाबाद की ड्रग डिस्पोजल कमेटी ने फरीदाबाद पुलिस के विभिन्न थानों के 217 मुकदमों में बरामद 381.433 किलोग्राम गांजा, 282 ग्राम चरस, 34 किलोग्राम चुरा डोडा पोस्त, 7 ग्राम एमडीएमए, हेरोइन 17.35 ग्राम, 162 नशीले इंजेक्शन व 34 कैप्सूल मादक पदार्थों को गोल्डन ईगल वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी तिगांव रोड गांव जसाना में नष्ट किया गया। जिला फरीदाबाद की ड्रग डिस्पोजल कमेटी में पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता (चेयरमैन), पुलिस उपायुक्त मुख्यालय अभिषेक जोरवाल (सदस्य) व सहायक पुलिस आयुक्त, मुख्यालय अभिमन्यु गोयत(सदस्य) है। कार्यवाही के दौरान बरामद किए गए नशीले पदार्थ को पुलिस आयुक्त महोदय ने अपनी देखरेख में फोटोग्राफी करवाकर सुरक्षित तरीके से कानूनी प्रक्रिया के तहत नष्ट करते हुए आग के हवाले करवाया, नष्ट किए गए मादक पदार्थों के मामलों में गांजा के 194 व स्मैक/ इंजेक्शन, हेरोइन, मेथमहेटामाइन ड्रग, गोलियां और कैप्सूल इत्यादि के 23 मुकदमें शामिल है। जिनमें 3 मुकदमें फरीदाबाद के जीआरपी थाने के भी शामिल है। नष्ट किए गए मादक पदार्थों के अभियोग वर्ष 2021, 2022, 2023 व 2024 से संबंधित है। सतेंद्र कुमार गुप्ता, पुलिस आयुक्त ने कहा कि नशा, मनुष्य को धीरे-धीरे अपराध की दुनिया में धकेल देता है, नशीले पदार्थ मनुष्य को शरीर के साथ-साथ मानसिक रूप से भी अपाहिज बना देता है। इसीलिए नशे से दूर रहकर समाज कल्याण में अपना योगदान दे। नशे का आदी होने उपरांत उसको छोड़ पाना बहुत मुश्किल हो जाता है इसीलिए नशे से दूर रहे ताकि आप अपने आने वाले भविष्य को उज्जवल बना सके। पुलिस आयुक्त ने कहा कि फरीदाबाद पुलिस द्वारा नशे के आदी लोगों की सहायता के लिए अभियान चलाए हुए हैं, जिसमें उनकी काउंसलिंग कराई जाती है तथा चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती हैं जिनसे उनका नशा छोड में मदद मिलती है। नशे का आदी अपने नजदीकी थाना/चौकी में संपर्क कर सकता है। फरीदाबाद पुलिस के द्वारा स्कूल, कॉलेज, नुक्कड सभा व आमजन के बीच जाकर लगातार जागरुकता कार्यक्रम किया जा रहे हैं साथ ही विभिन्न साधनों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों बारे लोगो को जागरुक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद पुलिस द्वारा नशा तस्करों पर भी लगातार प्रहार किया जा रहा है, वर्ष 2024 में 356 मामले पंजीकृत करते हुए 456 नशा तस्करों को काबू किया है। इस दौरान कमेटी के अतिरिक्त छ्स्क्क स्टेट क्राइम विवेक चौधरी, प्रबंधक थाना तिगांव सहित गवाह के तौर पर समाज के गणमान्य व्यक्तियों गांव जसाना से मनोहर नागर व धेरु नम्बरदार के साथ गोल्डन ईगल वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी तिगांव रोड गांव जसाना फरीदाबाद में मौजूद रहे।

## हाई-फाई शहर नोएडा में गंदे पानी की सप्लाई, लोग परेशान

प्रात : किरण, संवाददाता



नोएडा,। शहर को नंबर-1 बनाने के लिए नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉक्टर लोकेश एम जी-जान से जुटे हुए हैं पर लगता है नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों को यह रास नहीं आ रहा है। नोएडा के पॉश सेक्टर-104 में पिछले कुछ दिनों से गंदे पानी की सप्लाई हो रही है जिससे निवासी परेशान है। निवासियों का आरोप है कि अधिकारी उनकी बात सुनने को तैयार नहीं है। क्या है पूरा मामला सेक्टर-104 के निवासी एडवोकेट गौरव अवाना ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से घरों में एकदम गंदा पानी आ रहा है। इसमें मिट्टी की मात्रा अधिक है। उन्होंने बताया कि पानी से बदबू भी आ रही है जिसका इस्तेमाल लोग घर के कार्य में भी नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में महिलाओं को भी खाना बनाने में कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गंदे पानी से बिगड़ सकती है लोगों की तबियत सेक्टर के एक निवासी ने बताया कि गंदे पानी की सप्लाई से सेक्टर के निवासियों की तबीयत पर भी असर पड़ेगा। क्योंकि इस बात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि आरओ से पानी ट्रीट होने के बाद भी पानी से बदबू आ रही है। लोग बाहर से पानी खरीद कर पीने को मजबूर हैं। हाजीपुर गांव के निवासियों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से नोएडा प्राधिकरण के सफाई कर्मचारी हाजीपुर गांव के मुख्य रास्ते पर बने सामुदायिक केंद्र के बाहर कूडा डाल रहे हैं जिससे आसपास रहने वालों लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव के निवासियों का कहना है कि जहां नोएडा प्राधिकरण (Noid Authority) के सीईओ डॉ. लोकेश एम शहर को स्वच्छ और नंबर वन बनाने में जुड़े हैं तो वहीं प्राधिकरण के अधिकारी कूड़ा फैलवा रहे हैं।

## बीके अस्पताल में लोरिया प्रगतिशील फाउंडेशन ने बच्चों को बांटे गर्म वस्त्र



फरीदाबाद,। लोरिया प्रगतिशील फाउंडेशन की तरफ से बीके सिविल अस्पताल में लेबर रूम और बच्चा वार्ड में मौजूद बच्चों को गर्मी और सर्दी के वस्त्र वितरित किए। यह कार्य बी के अस्पताल में तैनात डॉक्टर शीला भगत और मैटर्न मधु तथा अन्य मेडिकल स्टाफ की उपस्थिति में किया गया। इस मौके पर लोरिया प्रगतिशील फाउंडेशन के अध्यक्ष कृष्णा अदलक्खा ने बताया कि फाउंडेशन सोशल कार्य करती है। अस्पताल में मंगलवार को 150 से अधिक ब्रांडेड कंपनी की ड्रेस और कंबल डोनेट किए। इस मौके पर लोरिया प्रगतिशील फाउंडेशन के अध्यक्ष कृष्णा अदलक्खा ने बताया कि उनकी संस्था समय-समय पर जरूरतमंदों को कम्बल, गर्म वस्त्र, स्कूली छात्र-छात्राओं को स्वेटर आदि भेंट करती रहती है। इस कड़ी में पिछले 13 सालों में करीब 10000 शवों की अस्थियों को गंगा नदी में प्रभावित किया गया है। उन्होंने बताया कि संस्थाओं के द्वारा पहले से 12वीं तक के बच्चों को ट्रांसपोर्ट सहित निशुल्क शिक्षा, निशुल्क पुस्तकालय आदि की सुविधा उपलब्ध की जाती है। रक्तदान के जरिए लोगों को जीवनदान देने का काम किया जाता है। इसके अलावा स्लम इलाके में मौजूद लोगों को भोजन और कपड़ों के अलावा कई तरह की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती है।

## सफाईकर्मी वेतन के लिए हड़ताल पर बैठे

प्रात : किरण, संवाददाता

ग्रेटर नोएडा,। ग्रेनो वेस्ट के सेक्टर-16 सी स्थित महागुन माइवूड्स सोसाइटी में मंगलवार को वेतन न मिलने पर सफाईकर्मी भी हड़ताल पर बैठ गए। बीते कई दिनों से वेतन के मुद्दे पर सुरक्षाकर्मी भी हड़ताल पर हैं। हर दिन 15 से 20 सुरक्षाकर्मी ड्यूटी पर नहीं आ रहे। लोगों ने बताया कि सोसाइटी में करीब 21 टावर बने हुए हैं। इनमें 4700 से अधिक परिवार रहते हैं। दो महीने का वेतन न मिलने के कारण पहले सुरक्षाकर्मियों ने हड़ताल शुरू की। सुरक्षा एजेंसी का आरोप है कि चार महीने से बिल्डर प्रबंधन ने वेतन नहीं दिया। कई सुरक्षाकर्मी काम पर नहीं आ रहे, इससे इनकी संख्या आधी हो चुकी है। अब दिसंबर से वेतन न मिलने पर सफाई कर्मियों ने भी हड़ताल शुरू कर दी है। लोगों का आरोप है कि लिफ्ट एजेंसी पर भी बिल्डर का 42 लाख रुपये बकाया है। उसने भुगतान न होने पर 31 जनवरी के बाद सर्विस पूरी तरह से बंद करने की चेतावनी दी है। अगर ऐसा हुआ तो लोगों की परेशानी और बढ़ जाएगी।

## प्राधिकरण की जमीन पर अवैध निर्माण करने वाले 12 लोगों पर केस

प्रात : किरण, संवाददाता

ग्रेटर नोएडा, ।सलेमपुर गुर्जर गांव में प्राधिकरण की जमीन पर अवैध निर्माण करने वाले 12 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। प्राधिकरण के सहायक प्रबंधक की तरफ से इस बारे में शिकायत की गई थी। आरोप है कि प्राधिकरण के मना करने के बावजूद आरोपी जबरन अवैध निर्माण कर रहे थे।

कासना कोतवाली प्रभारी के मुताबिक ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सहायक प्रबंधक ने अवैध निर्माण के मामले में शिकायत की थी।

उनका आरोप है कि सलेमपुर गुर्जर गांव के खसरा संख्या-442 और 445 पर अवैध निर्माण किया जा रहा है, जबकि यह जमीन प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में आती है। प्राधिकरण के कर्मचारियों ने कई बार अवैध निर्माण को रुकवाया। इसके बावजूद आरोपी अवैध निर्माण कर रहे थे।

पुलिस ने अब इस मामले में आरोपी राजेंद्र सिंह, ममता, सरिता, प्रताप सिंह, रामपाल सिंह, सतपाल सिंह, सुनील कुमार, सतीश कुमार, संता सिंह, जय सिंह, शरबती और राजकुमारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। इसके बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## एडवोकेट राजेश चौधरी बने भाजपा इन्द्रप्रस्थ मंडल (सराय) के अध्यक्ष



प्रात : किरण, संवाददाता

फरीदाबाद,। सैक्टर-15 स्थित भाजपा अटल कमल कार्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा की उपस्थिति में तिगांव विधानसभा के 6 भाजपा मंडल अध्यक्षों का चुनाव सर्वसम्मति से सम्पन्न हुआ। चुनावी प्रक्रिया के दौरान पूर्व विधायक सत्यप्रकाश जरावता, भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, महामंत्री मनोज वशिष्ठ, प्रवीन जैन सहित अन्य गणमान्य पदाधिकारी मौजूद रहे। जिसमें एडवोकेट राजेश चौधरी को तिगांव विधानसभा के इन्द्रप्रस्थ मंडल (सराय)का अध्यक्ष चुना गया। इससे पहले राजेश चौधरी पूर्व में भाजपा के युवा मोर्चा सराय मंडल अध्यक्ष रह चुके है। अपनी नियुक्ति पर एडवोकेट राजेश चौधरी ने अपने सभी शीर्ष नेताओं का आभार व्यक्त किया है।

## जलपुरा गोशाला के लिए कंपनी का चयन



प्रात : किरण, संवाददाता

प्राधिकरण ने जलपुरा गोशाला के लिए एस 3 फ्यूल कंपनी का चयन कर लिया गया है। कंपनी जल्द ही संयंत्र लगाने का काम शुरू करेगी। संयंत्र को बनाने में लगभग डेढ़ साल का समय लगेगा। क्या है कम्प्रेस्ड बायो गैस कम्प्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) एक प्रकार का ईंधन है। यह अत्यंत ज्वलनशील पदार्थ है, जिसका उपयोग वाहनों को चलाने के साथ ही खाना पकाने और अन्य कई कामों के लिए किया जा सकता है। बायो गैस गोबर, कृषि अपशिष्ट, ठोस अपशिष्ट आदि को शोधित करने के बाद बनाई जाती है। गोबर और अन्य अपशिष्ट के निस्तारण की समस्या को दूर करने के लिए पौवारी गोशाला में 50 टीपीडी क्षमता का बायो गैस संयंत्र स्थापित किया जाएगा। इसके लिए इच्छुक कंपनियों से प्रस्ताव मांगे गए हैं। बायो गैस संयंत्र बनने से गोशाला के साथ-साथ क्षेत्र के गांवों में भी गोबर के निस्तारण की समस्या दूर हो जाएगी। इससे आमदनी भी होगी। श्रीलक्ष्मी वीएस, एसीईओ, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण।

## फरीदाबाद : बीस हजार की रिश्वत लेता हेड कांस्टेबल गिरफ्तार



प्रात : किरण, संवाददाता

फरीदाबाद,। फरीदाबाद जिले के डबुआ थाने में एक भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। एंटी करप्शन ब्यूरो ने सोमवार देर सायं थाने के बाहर हेड कॉन्स्टेबल अनिल को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। ब्यूरो के प्रवक्ता ने मंगलवार को जारी जानकारी में बताया कि आरोपी पुलिसकर्मी ने 9 जनवरी के एक लड़ाई-झगड़े के मामले में गिरफ्तार युवक की जमानत के बाद भी उससे 20 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा था। पीड़ित धर्मेंद्र ने एंटी करप्शन ब्यूरो में शिकायत दर्ज कराई थी। उनका आरोप था कि हेड कॉन्स्टेबल अनिल ने पहले ही 2 हजार रुपए की रिश्वत ली थी और अब 5 हजार रुपए की अतिरिक्त मांग कर रहा था। शिकायत के आधार पर एंटी करप्शन ब्यूरो ने एक योजना बनाई और आरोपी को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। एंटी करप्शन ब्यूरो ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी पुलिसकर्मी के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। यह घटना पुलिस विभाग की छवि को धूमिल करने वाली है, जहां एक कानून का रक्षक ही कानून का उल्लंघन करता पाया गया। एसीबी ने सोमवार की देर शाम जाल बिछाया और आरोपी हेड कॉन्स्टेबल को रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया। एसीबी अब आरोपी पुलिसकर्मी के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## युवती के आपत्तिजनक फोटो वायरल किए

नोएडा,। परिचित युवक ने सेक्टर-73 में किराये पर रहने वाली युवती के आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। पीड़िता ने जब आरोपी से कहा तो उसने युवती को हत्या की धमकी दी। पीड़िता की शिकायत पर सेक्टर-113 पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह मूलरूप से जिला आजमगढ़ की रहने वाली हैं। वर्तमान में सेक्टर-73 स्थित अपार्टमेंट में किराये पर रहती हैं। उसने वर्ष 2022 से सितंबर 2024 तक जिला सहारनपुर में एक पॉलिटेक्निक से पढ़ाई की। इसी दौरान जिला सहारनपुर निवासी बसंत सैनी नामक युवक से परिचय हुआ। युवक से मोबाइल फोन पर बातचीत होती थी। पीड़िता ने बताया कि पिछले दो माह से आरोपी बसंत सैनी सोशल मीडिया पर अपनी इंस्टाग्राम आईडी से आपत्तिजनक फोटो वायरल कर रहा है। यही नहीं युवती के परिचितों को भी फोटो भेज रहा है। इसके चलते पीड़िता की बदनामी हो रही है। इसकी सूचना पीड़िता ने महिला हेल्पलाइन पर भी की। इसके बाद आरोपी ने उसे धमकी दी। उसके बाद भी वह आपत्तिजनक पोस्ट कर रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# पुष्पा 2 निमार्ता नवीन यरनेनी, रविशंकर और दिल राजू के कार्यालयों पर आईटी की रेड

प्रात: किरण,/ एजेसी




हैदराबाद। आईटी ने हैदराबाद में पुष्पा 2 के निमार्ता नवीन यरनेनी, वाई रविशंकर और मैथ्री मूवी मेकर्स के कार्यालयों पर मंगलवार को छापे मारे हैं। जानकारी के अनुसार, आईटी ने हैदराबाद में टॉलीवुड प्रोड्यूसर और तेलंगाना फिल्म विकास निगम (टीएफएफडीसी) के चेयरमैन दिल राजू की संपत्तियों पर भी छापा मारा है। आईटी अधिकारी पुष्पा 2ः द रूल के निमार्ता नवीन यरनेनी के आवास के साथ प्रोडक्शन हाउस मैथ्री मूवीज के दफ्तरों की भी तलाशी ले रहे हैं। छापे के लिए आईटी की 50 से ज्यादा टीमें संबंधित स्थानों की तलाशी ले रही हैं, जिसमें दिल राजू के आवास और मैथ्री मूवीज ऑफिस के साथ अन्य स्थान शामिल हैं। हालांकि, आयकर छापों का कारण अभी तक सामने नहीं आया है। बता दें, हैदराबाद में हुए थिएटर भगदड़ विवाद को लेकर टॉलीवुड प्रतिनिधिमंडल ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी से मुलाकात की थी। तेलंगाना राज्य फिल्म विकास निगम के अध्यक्ष और मशहूर फिल्म निमार्ता दिल राजू के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने बंजारा हिल्स स्थित पुलिस कमांड एंड कंट्रोल रूम में मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधियों में अल्लू अर्जुन के पिता और निमार्ता अल्लू अरविंद, अभिनेता नागार्जुन, वेंकटेश, दिग्गज अभिनेता मुरली मोहन, फिल्म निमार्ता राघवेंद्र राव, सी. कल्याण, बीवीएन प्रसाद, निर्देशक वामशी पेडिपल्ली, त्रिविक्रम, नवीन, हरीश शंकर, कोराताला शिवा और बोयापति श्रीनू का नाम था। बैठक के दौरान उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क, सिनेमेटोग्राफी मंत्री कोमाटीरेड्डी वेंकट रेड्डी, गृह सचिव रवि गुप्ता, पुलिस महानिदेशक जितेंद्र समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2ः द रूल के प्रीमियर के दौरान संध्या थिएटर में हुई भगदड़ को लेकर हुए विवाद के मद्देनजर यह मुलाकात महत्वपूर्ण थी। इस भगदड़ में एक महिला की मौत हो गई थी और उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया था। दिल राजू ने पहले ही स्पष्ट किया था कि मुख्यमंत्री के साथ बैठक का आयोजन फिल्म विकास निगम की ओर से किया जा रहा है। दिल राजू ने बताया था,हमने सभी से संवाद किया है, जो लोग शहर में उपलब्ध हैं, वे बैठक में भाग लेंगे। बैठक में फिल्म उद्योग से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी॥ दिल राजू ने बताया था कि वह फिल्म उद्योग और सरकार के बीच एक सेतु का काम करेंगे। बैठक से एक दिन पहले बुधवार को अल्लू अर्जुन, माइथ्री मूवी मेकर्स और निर्देशक सुकुमार ने भगदड़ में मारी गई महिला रेवती के परिवार को 2 करोड़ रुपये की सहायता राशि दी थी। अल्लू अरविंद ने दिल राजू को 2 करोड़ रुपये का चेक सौंपा था।

### महाकुंभ की ऊर्जा अद्भुत : अविनाश तिवारी

मुंबई, । अभिनेता अविनाश तिवारी अपने दोस्तों के साथ महाकुंभ मेला में पहुंचे, जहां के अनुभव को उन्होंने शानदार बताया। उन्होंने कहा कि इस जगह की ऊर्जा अद्भुत थी और वह यह देखकर हैरान रह गए कि सब कुछ सुव्यवस्थित था। अपने महाकुंभ के अनुभव को साझा करते हुए अविनाश ने कहा, इतने सालों के बाद महाकुंभ मेले का दौरा करना वास्तव में शानदार और कभी ना भूलने वाला था! मैं बिहार का हूं और इस वजह से मुझे इसके सांस्कृतिक और पारंपरिक महत्व के बारे में जानकारी थी। लेकिन इसे पहली बार देखना एक अलग ही तरह का अनुभव रहा। उन्होंने कहा,महाकुंभ को और भी खास बनाने वाली बात यह थी कि मैंने इसे अपने दोस्तों के साथ अनुभव किया। हमने एक साथ मेले का दौरा किया, कुछ स्वादिष्ट स्थानीय व्यंजनों का स्वाद चखा, मस्ती की और इससे हमें काफी मजा आया। अविनाश ने महाकुंभ की ऊर्जा को अद्भुत बताते हुए कहा, इस जगह की ऊर्जा अद्भुत थी और यह देखकर हम हैरान रह गए कि सब कुछ कितना सुव्यवस्थित था। उन्होंने कहा,इतनी बड़ी संख्या में लोग एक साथ आए और फिर भी सब कुछ इतनी सहजता से चल रहा था। यह उल्लेखनीय था! हम गंगा आरती में शामिल हुए।

# फिल्म छावा से रश्मिका मंदाना का लुक रिलीज




प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई, । बॉलीवुड अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की आने वाली फिल्म छावा से उनका लुक रिलीज कर दिया गया है। मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बन रही फिल्म छावा में विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना की अहम भूमिका है। इस फिल्म में विक्की कौशल,महान मराठा योद्धा छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका में हैं, वहीं रश्मिका मंदाना संभाजी महाराज की पत्नी येसूबाई की भूमिका में हैं। कुछ दिन पहले फिल्म छावा से विक्की कौशल का संभाजी महाराज के किरदार में कई नए पोस्टर जारी किए गए थे। अब आज रश्मिका मंदाना का महारानी येसूबाई के किरदार में लुक जारी किया गया है। मैडॉक फिल्म्स ने फिल्म छावा से रश्मिका का दो पोस्टर शेयर किया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, हर महान राजा के पीछे, एक शक्तिशाली रानी की मजबूती होती है, पेश है महारानी येशूभाई के रोल में रश्मिका मंदाना, स्वराज्य का गर्व।पहली तस्वीर में रश्मिका मंदाना मराठी रीति-रिवाज में पहनी जाने वाली साड़ी और हार-श्रृंगार में मुस्कुराती हुई दिख रही हैं, दूसरी तस्वीर में रश्मिका को इंटेंस लुक में देखा जा रहा है। 22 जनवरी को फिल्म छावा का ट्रेलर रिलीज होगा। लक्ष्मण उटेकर के निर्देशन में बन रही फिल्म छावा के निमार्ता दिनेश विजान हैं और दिग्गज संगीतकार एआर रहमान ने इस फिल्म में संगीत दिया है। यह फिल्म 14 फरवरी को रिलीज होगी।

# सैफ अली हमला : सद्गुरु शरण बिल्डिंग से फॉर्चून हाइट्स में शिफ्ट हो सकता है अभिनेता का परिवार

प्रात: किरण,/ एजेसी



मुंबई, । अभिनेता सैफ अली खान आज अस्पताल से डिस्चार्ज हो जाएंगे। सैफ और उनका परिवार सद्गुरु शरण बिल्डिंग से बांद्रा स्थित फॉर्चून हाइट्स अपार्टमेंट में शिफ्ट हो सकता है। सैफ अली के परिवार के साथ दूसरे घर में शिफ्ट होने की चर्चा है। जानकारी के अनुसार दंपति के बच्चों तैमूर और जेह के खिलौनों और सामान को सद्गुरु शरण अपार्टमेंट से रात को ही फॉर्चून हाइट्स पहुंचा दिया गया है। हालांकि, सैफ अली खान, करीना या उनके परिवार की ओर से इस बात की पुष्टि नहीं की गई है। बता दें कि सैफ अली का आलीशान अपार्टमेंट फॉर्चून हाइट्स मुंबई के टर्नर रोड पर स्थित है। अस्पताल में भर्ती अभिनेता आज डिस्चार्ज हो जाएंगे। लीलावती अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि सैफ अली खान को दोपहर तक डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। डॉक्टरों ने अभिनेता को कुछ दिनों तक काम से दूर रहने और आराम करने की सलाह दी है। पहले डॉक्टरों उन्हें सोमवार को ही डिस्चार्ज करने वाले थे, जिसे उन्होंने एक दिन बढ़ा दिया था। सैफ अली पर हुए हमले को लेकर पुलिस सचेत है और जांच में जुटी हुई है। इस बीच आए दिन नए-नए खुलासे हो रहे हैं। पुलिस आरोपी शहजाद के पास से वारदात के वक्त पहने कपड़े और ईयरफोन को फॉरेंसिक जांच के लिए भेज चुकी है। पुलिस के अनुसार, सैफ के छोटे बेटे जहांगीर के कमरे के बाथरूम की खिड़की में लगी जाली टूटी हुई मिली है। आरोपी वहीं से घर में घुसा और वारदात को अंजाम दिया। पुलिस को आरोपी के पास से कोई भी डॉक्यूमेंट नहीं मिला है। पुलिस ने आरोपी शहजाद के फोन से उसके माता-पिता का नंबर लेकर बांग्लादेश फोन किया तो उन्होंने बताया कि आरोपी उनका बेटा है। शहजाद ने 12वीं कक्षा तक पढ़ाई की है और नेशनल लेवल रेसलर भी रह चुका है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह बांग्लादेश में कुश्ती का खिलाड़ी था। वह जिला के साथ ही नेशनल स्तर पर भी कुश्ती लड़ चुका है।आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह कम भार वर्ग में खेलता था। आरोपी शहजाद को लेकर मुंबई क्राइम ब्रांच ने यह भी बताया कि सैफ पर हमले के बाद उसने तीन से चार बार अपने कपड़े बदले थे। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी लगातार घूम रहा था। वह बांद्रा स्टेशन गया। वहां से दादर, वर्ली, अंधेरी और फिर ठाणे चला गया। क्राइम ब्रांच के अनुसार, आरोपी पिछले साल सितंबर में मुंबई आया था। पूछताछ में यह भी सामने आया कि उसने सैफ अली खान के घर में घुसने से पहले कई मशहूर हस्तियों के घरों की रेकी की थी। वह रिक्शा चालक से फिल्मी हस्तियों के घरों के बारे में जानकारी लेता था। उसने शाहरुख खान, सैफ अली के अलावा अन्य कई हस्तियों के घर की रेकी की थी। 30 वर्षीय आरोपी शहजाद को पुलिस ने रविवार सुबह ठाणे शहर से पकड़ा था। अदालत ने आरोपी को पांच दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया है।

# दिलजीत दोसांझ की फिल्म पंजाब 95 की रिलीज डेट टली



प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई, । पंजाबी फिल्मों के सुपरस्टार गायक-अभिनेता दिलजीत दोसांझ की बहुप्रतीक्षित फिल्म ह्यपंजाब 95ह्ल की रिलीज डेट टल गयी है। दिलजीत दोसांझ की फिल्म ह्यपंजाब 95ह्ल का बेसब्री से इंतजार कर रहे प्रशंसकों को अभी और इंतजार करना होगा, क्योंकि फिल्म की रिलीज टाल दी गई है। जसवंत सिंह खालरा के जीवन पर आधारित फिल्म पंजाब 95 ,पहले सात फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। दिलजीत ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर जसवंत सिंह खालरा की एक तस्वीर के साथ एक नोट साझा किया। उन्होंने नोट में लिखा है, हमें बहुत खेद है, आपको यह बताते हुए दुख हो रहा है कि फिल्म पंजाब 95 हमारे नियंत्रण से परे परिस्थितियों के कारण सात फरवरी को रिलीज नहीं होगी। फिल्म पंजाब 95 का निर्देशन हनी त्रेहान ने किया है, और फिल्म का निर्माण रोनी स्क्रूवाला ने किया है। यह फिल्म जसवंत सिंह खालरा की कहानी बताती है।जसवंत सिंह खालरा समाजसेवी और मानवाधिकार कार्यकर्ता थे।अमृतसर में एक बैंक के निदेशक रहे जसवंत हक की लड़ाई लड़ते थे।

# कृति सेनन ने फिल्म देवा के ट्रेलर की तारीफ की



प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई, । बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन ने फिल्म देवा के ट्रेलर की तारीफ की है। शाहिद कपूर बहुत जल्द एक्शन ड्रामा फिल्म देवा में नजर आएंगे। इस फिल्म का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है, जो दर्शकों को बहुत पसंद आया है। ट्रेलर को देख कर कृति सेनन ने इसकी तारीफ की और इसे बेहद इंटेन्स बताया है। कृति सेनन ने शाहिद कपूर के साथ ह्यतेरी बातों में उलझा जिया में काम किया है। कृति ने इंस्टाग्राम पर ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा, इंटेन्स!!! इसे देखकर बहुत मजा आ रहा है! बड़े पर्दे पर इसे देखने का इंतजार नहीं कर सकती!!! पूरी टीम को ढेर सारी शुभकामनाएं और प्यार! वहीं शाहिद ने भी कृति के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा,सिफरा और दिल वाला इमोजी भेजा। जाने-माने मलयालम फिल्म निर्देशक रोशन एंड्रयूज निर्देशित और जी स्टूडियोज और सिद्धार्थ रॉय कपूर निर्मित फिल्म देवा में शाहिद कपूर के अलावा पूजा हेगड़े की भी अहम भूमिका है। फिल्म देवा, 31 जनवरी को रिलीज होगी।

## श्रद्धा ने सिद्धांत संग क्लिक कराई तस्वीर, कैप्शन में लिखा,गोगो के बच्चे देखो कितने अच्छे



प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई, । बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने अपने भाई-अभिनेता सिद्धांत कपूर के साथ सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा की। अभिनेत्री ने तस्वीर के साथ अंदाज अपना अपना में निभाए अपने पिता शक्ति कपूर के किरदार का भी जिक्र किया। अभिनेत्री श्रद्धा कपूर सोशल मीडिया पर सक्रिय रहती हैं और अक्सर एक से बढ़कर एक पोस्ट साझा करती रहती हैं। श्रद्धा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर सिद्धांत के पोस्ट की गई तस्वीर को री-पोस्ट करते हुए कैप्शन में लिखा,गोगो के बच्चे देखो कितने अच्छे। साझा की गई तस्वीर किसी शादी पार्टी की लग रही है, जिसमें श्रद्धा और सिद्धांत ने भारतीय पोशाक पहन रखा है। 1994 में सिनेमाघरों में रिलीज अंदाज अपना अपना में अभिनेता शक्ति कपूर ने खलनायक क्राइम मास्टर गोगो की भूमिका निभाई थी। फिल्म का निर्देशन राजकुमार संतोषी ने किया है। इसमें शक्ति कपूर के साथ आमिर खान, सलमान खान, रवीना टंडन, करिश्मा कपूर, परेश रावल (दोहरी भूमिका में) अहम भूमिका में थे। श्रद्धा ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें साझा करते हुए प्रशंसकों को अपने नए हेयरस्टाइल की झलक दिखाई थी। पहली तस्वीर में अभिनेत्री बाल कटवाने के बाद सैलून में मिरर सेल्फी लेती हुई दिखाई दीं। दूसरी तस्वीर में श्रद्धा लिफ्ट में सेल्फी लेती हुई नजर आई थीं।तस्वीरों को साझा करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा,बाल बाल जंच गई। वर्कफ्रंट की बात करें तो पिछले साल सिनेमाघरों में रिलीज स्त्री 2 बॉक्स ऑफिस पर कमाल दिखाने में सफल रही। अभिनेत्री के पास धूम फ्रैंचाइजी है, जिसमें वह रणबीर कपूर के साथ अभिनय का जादू चलाती नजर आएंगी।

### कंतारा: चैप्टर 1 में होगा भव्य वॉर सीक्वेंस

मुंबई, । दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार ऋषभ शेट्टी की आने वाली फिल्म कंतारा: चैप्टर 1 में भव्य वॉर सीक्वेंस होगा। होम्बले फिल्म्स की फिल्म कंतारा में ऋषभ शेट्टी ने मुख्य भूमिका निभायी थी। इस फिल्म ने दुनियाभर में जबरदस्त सफलता हासिल की। फिल्म को शानदार रिव्यूज मिले, जहां क्रिटिक्स और ऑडियंस दोनों ने इसके दमदार एक्शन, दिलचस्प कहानी और ऋषभ शेट्टी की बेहतरीन परफॉर्मेंस की खूब तारीफ की। उनकी एक्टिंग ने हर सीन को यादगार बना दिया और फिल्म को एक सिनेमैटिक मास्टरपीस का दर्जा दिलाया। कंतारा की जबरदस्त सफलता के बाद मेकर्स ने कंतारा: चैप्टर 1 का अनाउंसमेंट कर दिया। मेकर्स इस फिल्म को भव्य बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। इस समय एक बड़े पैमाने पर वॉर सीक्वेंस की शूटिंग चल रही है, जिसमें कई इंटरनेशनल स्पेशलिस्ट और भारी-भरकम क्रू शामिल है।होम्बले फिल्म्स इस समय कंतारा: चैप्टर 1 के लिए एक बड़े लेवल का वॉर सीक्वेंस शूट कर रही है। प्रोडक्शन हाउस ने इसके लिए एक बड़े क्रू और कई इंटरनेशनल स्पेशलिस्ट्स के साथ काम किया है। यह वॉर सीक्वेंस कुछ ऐसा होगा, जैसा पहले कभी नहीं देखा गया है।यह फिल्म का क्लाइमैक्स सीक्वेंस होगा, जिसे शूट करने में पूरे तीन महीने लगेंगे।

# सतीश कौशिक संग बिताए पलों को मिस कर रहे अनुपम खेर, दिखाई दोस्ती के 47 साल की झलक

प्रात: किरण,/ एजेसी



मुंबई, । दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर दिवंगत अभिनेता और खास दोस्त सतीश कौशिक को बहुत मिस कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट साझा कर अभिनेता ने अपने दर्द को बयां किया। सोशल मीडिया पर सक्रिय अभिनेता अनुपम खेर अक्सर एक से बढ़कर एक पोस्ट साझा करते रहते हैं। इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट साझा करते हुए उन्होंने लिखा, मेरी और सतीश की इन दो तस्वीरों में 47 साल साथ बिताई जिंदगी का अंतर है। ऊपर वाली तस्वीर 1978 में मंचित नाटक ह्यलॉन्ग डेज जर्नी इनटू नाइटह्ल की है और नीचे वाली तस्वीर फिल्म इमरजेंसी की शूटिंग के दौरान की है। अभिनेता ने सतीश कौशिक के साथ बिताए पलों को खूबसूरत बताते हुए लिखा,तस्वीरें भले ही ब्लैक एंड व्हाइट हैं लेकिन हमारे ये साथ गुजरे साल इंद्रधनुष के रंगों से ज्यादा रंगीन थे! कमबख्त बहुत जल्दी चला गया सतीश कौशिक! तुम्हें और तुम्हारे साथ बिताए पलों को बहुत मिस करता हूं।ह्ल अभिनेता ने इससे पहले एक वीडियो साझा किया था, जिसमें खेर कश्मीर घाटी में 90 के दशक में हिंदुओं के पलायन की दर्दनाक घटना को याद करते हुए एक कविता सुनाई। भावुक कविता के एक-एक शब्द में विस्थापितों का दर्द छलका। कविता सुनाते हुए अनुपम खेर की आंखें भी भर आईं। अनुपम खेर ने कवि और फिल्म लेखिका सुनयना काचरू की एक कविता सुनाई थी। सुनयना काचरू भी विस्थापित कश्मीरी पंडित हैं। अनुपम खेर ने कैप्शन में लिखा था,19 जनवरी, 1990 कश्मीरी हिंदुओं का पलायन दिवस। 35 साल हो गए हैं, जब 5,00,000 से ज्यादा हिंदुओं को उनके घरों से बेरहमी से निकाल दिया गया था। वे घर अभी भी वहीं हैं, लेकिन उन्हें भुला दिया गया है। वे खंडहर हैं। इस त्रासदी की शिकार सुनयना काचरू ने उन घरों की यादों के बारे में दिल छूने वाली एक कविता लिखी। कविता की ये पंक्तियां उन सभी कश्मीरी पंडितों को वह मंजर याद दिला देंगी, जो इस भीषण त्रासदी के शिकार हुए थे। यह दुखद और सत्य दोनों है।ह्ल कश्मीरी पंडितों के घर शीर्षक वाली कविता को अनुपम खेर ने पढ़ा, जिसमें डल झील, केसर की महक, पश्मीना शॉल और झेलम का जिक्र था। अनुपम खेर के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेता इन दिनों कंगना रनौत की फिल्म ह्यइमरजेंसीह्ल में अपने अभिनय से चर्चा में हैं, जिसमें उन्होंने जयप्रकाश नारायण का किरदार निभाया है।

# मैत्री मूवी मेकर्स प्रस्तुत फिल्म पिंटू की पप्पी, 21 मार्च 2025 को होगी रिलीज




प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई, । मैत्री मूवी मेकर्स प्रस्तुत रोम-कॉम फिल्म पिंटू की पप्पी, 21 मार्च 2025 को रिलीज होगी। विधि आचार्य के वी2एस प्रोडक्शन के निर्माण से बनी, मैत्री मूवी मेकर्स की फिल्म पिंटू की पप्पी का ट्रेलर रिलीज होने के बाद से ही चर्चा में है। फिल्म में तीन होनहार नवागंतुकों का परिचय दिया गया हैः सुशांत, जान्या जोशी और विधि, जिन्होंने ट्रेलर में अपने प्रदर्शन के लिए दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया है। निमार्ताओं ने अब पिंटू की पप्पी की रिलीज डेट को लेकर बड़ी घोषणा की है,और बताया है की फिल्म अब 21 मार्च 2025 को सिल्वर स्क्रीन पर आएगी। यह फिल्म शुरू में 21 फरवरी 2025 को रिलीज होने वाली थी। शिव हरे निर्देशित और लिखित फिल्म पिंटू की पप्पी हास्य, नाटक और दिल को छू लेने वाले क्षणों का एक आदर्श मिश्रण होने का वादा करती है। फिल्म पिंटू की पप्पी में विजय राज, मुरली शर्मा, सुनील पाल, अली असगर, पूजा बनर्जी, अदिति सांवाल, रिया एस सोनी, उर्वशी चौहान, प्युमोरी मेहता दास, मुक्तेश्वर ओझा और गणेश आचार्य जैसे सितारे हैं।

# मंगलवार दोपहर मिलेगी सैफ अली खान को अस्पताल से छुट्टी




मुंबई, । अभिनेता सैफ अली खान को मंगलवार दोपहर अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। इस बारे में लीलावती अस्पताल के डॉक्टरों ने जानकारी दी है। डॉक्टरों ने अभिनेता को उनकी हालत देखते हुए कुछ दिनों तक आराम करने की भी सलाह दी है। 16 जनवरी को सैफ अली खान पर चाकू से हमला किया गया था। इसके बाद अभिनेता को लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी सर्जरी की गई थी। उनकी सर्जरी सफल हुई। जिसके बाद अब उन्हें डिस्चार्ज किया जा रहा है। वहीं, पुलिस इस हमले की जांच कर रही है। पुलिस ने अब तक इस मामले में कई लोगों पूछताछ की है। पुलिस ने पहले अभिनेता के घर पर काम करने वाली दो घरेलू सहायिकाओं को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की थी, जिसके बाद उन्हें छोड़ दिया गया था। इसके बाद पुलिस ने अभिनेता के घर पर काम करने वाले अन्य लोगों से भी पूछताछ की थी। उधर, मंगलवार सुबह पुलिस आरोपी को लेकर अभिनेता के घर पर पहुंची और पूरे क्राइम सीन को रिक्रिएट किया गया, ताकि पूरी घटना को समझा जा सके। इस दौरान पुलिस ने आरोपी से यह भी जानना चाहा कि आखिर उसने कैसे अभिनेता को निशाने पर लिया था। इससे पहले पुलिस ने अपने बयान में स्पष्ट कर दिया था कि जिस अंदाज में आरोपी ने अभिनेता पर हमला किया है, उससे साफ जाहिर हो रहा है कि वो पूरे घर के ले-आउट से वाकिफ है। इससे पहले फॉरेंसिक विभाग की टीम अभिनेता के घर पर पहुंची थी और इस मामले के संबंध में पूरे सबूत एकत्रित किए थे। पुलिस ने सैफ पर हमला करने वाले आरोपी मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद को गिरफ्तार कर लिया था, जिसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया था। पुलिस उससे इस पूरे मामले के संबंध में पूछताछ कर रही है। आरोपी के बारे में बताया जा रहा है कि वह बांग्लादेशी है और राष्ट्रीय स्तर पर कुश्ती का खिलाड़ी भी रह चुका है।

### सुरक्षा चूक के बाद होटल में घुसे फैंस, दुआ लीपा हुईं परेशान

लॉस एंजिल्स, । गायिका-गीतकार दुआ लीपा को एक डरावने पल का सामना करना पड़ा। होटल में सुरक्षा चूक होने की वजह से प्रशंसक उनके होटल में घुस आए और उनके बेडरूम के बाहर इंतजार करने लगे। दुआ लीपा ने हाल में ही भारत में परफॉर्मेंस की थी। मिरर की रिपोर्ट के अनुसार 29 वर्षीय न्यू रूल्स गायिका चिली के सैंटियागो में एक होटल में ठहरी हुई थीं, जब प्रशंसक उनके निजी क्वार्टर में घुसने में सफल रहे। ब्रिटिश गायिका एक विज्ञापन की शूटिंग के लिए शहर में थीं। हालांकि, घटना के बाद दुआ को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है, लेकिन बताया गया है कि वह इस घटना से घबरा गई हैं और उनकी सुरक्षा को टीम फिर से कड़ी कर रही है।

# पॉकेट में आसमान एक बहुत ही अलग और खास कहानी : फरमान हैदर

मुंबई, । स्टार प्लस के शो पॉकेट में आसमान में दिग्विजय की भूमिका निभा रहे अभिनेता फरमान हैदर का कहना है कि इस शो में बहुत ही अलग और खास कहानी है और यही बात हमारे शो को बाकी से अलग बनाती है। स्टार प्लस भावनात्मक रूप से दमदार और दिल को छू लेने वाले कंटेंट के साथ नया शो पॉकेट में आसमान लेकर आया है।यह शो रुद्राणी उर्फ रानी की यात्रा को दर्शाएगा, जिसे अभिका मलाकर निभा रही हैं। रानी की जिंदगी में बड़ा मोड़ तब आता है, जब उसके पति दिग्विजय (फरमान हैदर द्वारा निभाया गया किरदार) उसे एक मुश्किल फैसला लेने को कहते हैं,करियर को चुनना या मां बनना। लेकिन रानी हार मानने वाली नहीं है। वह ठान लेती है कि न तो वह अपने सपनों को छोड़ेगी और न ही अपने परिवार को। फरमान हैदर, जिन्होंने इससे पहले सावी की सवारी में अपनी पहचान बनाई थी, इस शो में दिग्विजय का किरदार निभा रहे हैं। फरमान हैदर ने कहा, पॉकेट में आसमान एक बहुत ही अलग और खास कहानी है। यही बात हमारे शो को बाकी से अलग बनाती है।अपने किरदार दिग्विजय में जान डालने के लिए, मैंने अपने बचपन के उस समय को याद किया, जब हम सबके अंदर एक गुस्सा और बेचैनी होती है। मैंने उस गुस्से और जोश को अपने किरदार में शामिल किया जिससे वह असली और खास लगे।मैं मानता हूं कि अब समय आ गया है कि हम अपने शो पॉकेट में आसमान के जरिये दुनिया को दिखाएं कि लड़कियां और महिलाएं कुछ भी कर सकती हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### भारत, बेल्जियम ने औषधि व कृषि उत्पादों में व्यापार बढ़ाने के तरीकों पर की चर्चा

नई दिल्ली,। भारत और बेल्जियम ने द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए औषधि तथा कृषि उत्पादों जैसे क्षेत्रों में व्यापार मुद्दों को सुलझाने के लिए तंत्र स्थापित करने पर सहमति व्यक्त की है। मंगलवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और बेल्जियम के विदेश एवं विदेश व्यापार मंत्री बर्नार्ड क्विंटिन के बीच ब्रसेल्स में हुई बैठक के दौरान इन मुद्दों पर चर्चा की गई। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, औषधि तथा कृषि उत्पादों के लिए अनुमोदन प्रक्रियाओं में नियामक बाधाओं पर भी चर्चा की गई और दोनों पक्षों ने निरंतर बातचीत के जरिये इन चुनौतियों से निपटने पर सहमति व्यक्त की। इसमें कहा गया कि दोनों मंत्रियों ने व्यापार मुद्दों के समाधान के लिए मजबूत तंत्र स्थापित करने पर सहमति व्यक्त की। नेताओं ने यूरोपीय संघ-भारत मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) वार्ता की प्रगति पर भी चर्चा की। वार्ता को सुचारू बनाने तथा आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए व्यापार मुद्दों को प्राथमिकता देने के महत्व पर बल दिया गया। नवीकरणीय ऊर्जा, जीवन विज्ञान, बुनियादी ढांचे, डिजिटल प्रौद्योगिकियों और खाद्य उत्पादों जैसे उभरते क्षेत्रों को दोनों देशों के बीच सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों के रूप में रेखांकित किया गया। इसमें कहा गया, बेल्जियम ने अपने व्यापार संबंधों में विविधता लाने के लिए भारत के साथ रणनीतिक साझेदार के रूप में जुड़ने के महत्व को स्वीकार किया। भारत-बेल्जियम व्यापार 2023-2024 में 15.07 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था।

### यूको बैंक का तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 27 प्रतिशत बढ़कर 639 करोड़ रुपये पर

नई दिल्ली,। सार्वजनिक क्षेत्र के यूको बैंक का चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 27 प्रतिशत बढ़कर 639 करोड़ रुपये रहा। यूको बैंक ने मंगलवार को वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही के नतीजे की जानकारी देते हुए कहा कि एक वर्ष पूर्व इसी तिमाही में उसे 503 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। कोलकाता के बैंक का परिचालन लाभ 1,586 करोड़ रुपये हो गया, जो दिसंबर 2023 तिमाही में 1,119 करोड़ रुपये था। यूको बैंक शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कुल आय आलोच्य तिमाही में बढ़कर 7,406 करोड़ रुपये हो गई है जो पिछले वर्ष की समान तिमाही में 6,413 करोड़ रुपये थी। ब्याज आय 6,220 करोड़ रुपए हो गई, जो पिछले वर्ष इसी तिमाही में 5,552 करोड़ रुपए थी। तिमाही के दौरान शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) 20 प्रतिशत बढ़कर 2,378 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में 1,988 करोड़ रुपये थी। परिसंपत्ति की गुणवत्ता के मामले में बैंक की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) दिसंबर 2024 के अंत तक कुल कर्ज का 2.91 प्रतिशत रह गई, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 3.85 प्रतिशत थी। इसी प्रकार, शुद्ध एनपीए यानी फंसा कर्ज दिसंबर तिमाही में घटकर 0.63 प्रतिशत पर आ गया जो बीते साल इसी तिमाही में 0.98 प्रतिशत पर था।

### चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-सितंबर के दौरान छह पीएलआई योजनाओं में 1,596 करोड़ रुपये वितरित

नई दिल्ली,। सरकार ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-सितंबर अवधि में इलेक्ट्रॉनिक, औषधि सहित छह क्षेत्रों की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं के तहत 1,596 करोड़ रुपये वितरित किए हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। सरकार ने 2021 में दूरसंचार, व्हाइट गुड्स यानी एसी व एलईडी लाइट, वस्त्र, चिकित्सकीय उपकरणों के विनिर्माण, मोटर वाहन, विशेष इस्पात, खाद्य उत्पादों, उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूल, उन्नत रसायन सेल बैटरी, ड्रोन और औषधि जैसे 14 क्षेत्रों के लिए 1.97 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ पीएलआई योजनाओं की घोषणा की थी। कुल 1,596 करोड़ रुपये में से अधिकतम 964 करोड़ रुपये बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण के लिए पीएलआई योजना के तहत वितरित किए गए। इसके अलावा औषधि के लिए 604 करोड़ रुपये, खाद्य उत्पाद के लिए 11 करोड़ रुपये, दूरसंचार के लिए नौ करोड़ रुपये, थोक दवाओं के लिए छह करोड़ रुपये और ड्रोन के विनिर्माण के लिए दो करोड़ रुपये वितरित किए गए। अधिकारी ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 तक वितरित प्रोत्साहन राशि 9,721 करोड़ रुपये थी।

# सराफा बाजार में तेजी का रुख, सोना और चांदी की बढ़ी चमक

प्रात: किरण/एजेंसी



नई दिल्ली, । एक दिन की कमजोरी के बाद घरेलू सराफा बाजार में आज फिर तेजी लौटती हुई नजर आ रही है। सोने की कीमत में आज आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 81,380 रुपये से लेकर 81,230 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 74,650 रुपये से लेकर 74,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी मामूली तेजी आई है, जिसके कारण दिल्ली सराफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 96,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 81,380 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 74,650 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 81,230 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 74,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 81,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 74,550 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 81,230 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 74,500 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 81,230 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 74,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 81,380 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 74,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 81,280 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 74,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 81,380 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 74,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी आज सोने के भाव में तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 81,230 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सराफा बाजारों में 22 कैरेट सोना आज 74,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार पर बिकवाली का दबाव, सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट

प्रात: किरण/एजेंसी




नई दिल्ली,। घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान कमजोरी का रुख बना हुआ है। आज बाजार मजबूती के साथ खुला था, लेकिन कारोबार की शुरूआत होते ही मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों में गिरावट आ गई। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.51 प्रतिशत और निफ्टी 0.34 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से अपोलो हॉस्पिटल, बीपीसीएल, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के शेयर 2.76 प्रतिशत से लेकर 0.77 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर ट्रेंट लिमिटेड, अडाणी एंटरप्राइजेज, अडाणी पोर्ट्स, कोटक महिंद्रा और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर 1.87 प्रतिशत से लेकर 1.11 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,378 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,158 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,220 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 11 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 19 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 20 शेयर हरे निशान में और 30 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 188.28 अंक की तेजी के साथ 77,261.72 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 77,297.72 अंक के स्तर तक पहुंचा, लेकिन थोड़ी देर बाद ही बाजार में मुनाफा वसूली शुरू हो गई। बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से ये सूचकांक गिर कर लाल निशान में पहुंच गया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 393.96 अंक की गिरावट के साथ 76,679.48 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 76.90 अंक की मजबूती के साथ 23,421.65 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से इस सूचकांक ने अपनी सारी बढ़त गंवा कर लाल निशान में गोता लगा दिया। हालांकि खरीदारों ने बीच-बीच में लिवाली का जोर बनाने की कोशिश भी की, लेकिन बिकवाली का दबाव इतना अधिक था कि ये सूचकांक गिरता चला गया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 80.15 अंक टूट कर 23,264.60 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन सोमवार को सेंसेक्स 454.11 अंक यानी 0.59 प्रतिशत की मजबूती के साथ 77,073.44 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 141.55 अंक यानी 0.61 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,344.75 अंक के स्तर पर सोमवार के कारोबार का अंत किया था।

# सेमीकॉन इंडिया स्कीम से देश में पैदा होंगे 85,000 रोजगार के अवसरः केंद्र

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली, । अगले महीने की शुरूआत में आने वाले आम बजट से पहले केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को केंद्र सरकार के सेमीकंडक्टर प्रोग्राम और इलेक्ट्रॉनिक्स गुड्स मैन्युफैक्चरिंग के लिए लाई गई प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम के तहत हुए निवेश और पैदा हुए रोजगार के अवसरों के बारे में जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि प्रोग्राम फॉर डेवलपमेंट ऑफ सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम का उद्देश्य सेमीकंडक्टर पैकेजिंग और सेमीकंडक्टर डिजाइनिंग कंपनियों को आकर्षक प्रोत्साहन सहायता प्रदान करना है। 15 दिसंबर, 2021 को अप्रूव किए गए सेमीकॉन इंडिया प्रोग्राम ने वैश्विक सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री में भारत की स्थिति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस प्रोग्राम के तहत सरकार ने पांच सेमीकंडक्टर प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है और 16 सेमीकंडक्टर डिजाइन कंपनियों को सपोर्ट दिया है। इन प्रोजेक्ट्स से 1.52 लाख करोड़ रुपये का कुल निवेश आने की उम्मीद है। इन सेमीकंडक्टर प्रोजेक्ट्स से 25,000 के करीब प्रत्यक्ष रोजगार और 60,000 अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर मिलेंगे। सरकार द्वारा इलेक्ट्रॉनिक्स गुड्स मैन्युफैक्चरिंग के लिए लाई गई पीएलआई स्कीम से इंडस्ट्री में बड़ा बदलाव आया है। भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स गुड्स प्रोडक्शन 6.14 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है और निर्यात 3.12 लाख करोड़ रुपये पर हो गया है। इससे करीब 1.28 लाख प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं। मंत्रालय ने आगे कहा कि कन्वर्जेंस, कम्युनिकेशन और ब्रॉडबैंड से जुड़ी टेक्नोलॉजी आने वाले वर्षों में विकसित भारत के सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। मंत्रालय ने बयान में आगे कहा कि एक मजबूत नीतिगत ढांचे और निवेश के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग में अग्रणी बनने की भारत की यात्रा गति पकड़ रही है। जैसे-जैसे देश इन महत्वपूर्ण टेक्नोलॉजी में प्रगति को अपना रहा है, यह वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में बड़ा योगदान देने और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए तैयार है।

# भारत में कारोबारी डील की संख्या 2024 में 33 प्रतिशत बढ़ीः रिपोर्ट

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली,। भारत में कारोबारी डील गतिविधियों में 2024 में सालाना आधार पर बड़ा इजाफा देखने को मिला है। पिछले साल 116 अरब डॉलर की 2186 डील हुई हैं। सालाना आधार पर डील की संख्या में 33 प्रतिशत और वैल्यू में 76 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है। ग्रांट थॉर्नटन भारत ह्यवार्षिक डीलट्रैकर 2024 के मुताबिक, भारत जी20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है। मजबूत घरेलू मांग के चलते देश की जीडीपी 7 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। इसके कारण देश में कारोबारी डील गतिविधियां उच्च स्तर पर पहुंच गई हैं। यह वैश्विक अनिश्चितता के बीच अर्थव्यवस्था की मजबूत को दिखाती है। ग्रांट थॉर्नटन भारत में ग्रोथ पार्टनर, शांति विजेता ने कहा,हम 2025 में सरकारी सुधारों, स्थिर अर्थव्यवस्था और संपन्न टेक्नोलॉजी इकोसिस्टम के कारण निरंतर मजबूत डील गतिविधि की संभावनाओं के बारे में आशावादी हैं, जो वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत को निवेशकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनाते हैं।ह्व विलय और अधिग्रहण के लिए भी यह साल काफी बेहतर रहा है। 2024 में कुल 44.1 अरब डॉलर की 683 विलय और अधिग्रहण डील हुई है। इस दौरान सालाना आधार पर डील की संख्या में 37 प्रतिशत और वैल्यू में 75 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। घरेलू कंसोलिडेशन के कारण भी विलय और अधिग्रहण को बढ़ावा मिला है। इस तरह की 23.5 अरब डॉलर की 479 डील हुई हैं। इनकी वैल्यू में सालाना आधार पर 64 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। इनका नेतृत्व अदाणी ग्रुप, आदित्य बिड़ला समूह और नजारा टेक्नोलॉजीज जैसे कारोबारी समूहों ने किया। रिपोर्ट में कहा गया कि आउटबाउंड विलय और अधिग्रहण में 121 डील हुई हैं और इनकी वैल्यू 16.9 अरब डॉलर रही। इसमें दो बिलियन डॉलर डील थी। रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में हाई-वैल्यू डील (100 मिलियन डॉलर से अधिक) में 26 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। रिपोर्ट में आगे कहा कि 2024 में 86 कंपनियों ने आईपीओ के जरिए शेयर बाजार से 21 अरब डॉलर की राशि जुटाई थी। यह 2023 में आईपीओ के जरिए जुटाई गई 6.2 अरब डॉलर की राशि से तीन गुना से भी अधिक है।

# ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत, एशियाई बाजारों में तेजी का रुख

प्रात: किरण/एजेंसी



नई दिल्ली,। ग्लोबल मार्केट से आज पॉजिटिव संकेत लगातार दूसरे दिन मिल रहे हैं। मार्टिन लूथर किंग जूनियर डे होने के कारण सोमवार को अमेरिकी बाजार में कारोबार नहीं हुआ था। हालांकि आज डाउ जॉन्स फ्यूचर्स मजबूती के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान बढ़त के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों में भी आज आमतौर पर खरीदारी का माहौल बना हुआ है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार पॉजिटिव माहौल बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.18 प्रतिशत की मजबूती के साथ 8,520.54 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.31 प्रतिशत उछल कर 7,733.50 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.41 प्रतिशत की तेजी के साथ 20,990.31 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में भी आज आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है। एशिया के 9 बाजारों में से 8 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि सिर्फ एक सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बना हुआ है। अभी तक के कारोबार में स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.48 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 3,789.83 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ दिख रहा है। दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 0.07 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,370.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह निक्केई इंडेक्स 0.06 प्रतिशत की बढ़त के साथ 38,927.35 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। हैंग सेंग इंडेक्स ने आज जोरदार छलांग लगाई है। फिलहाल ये सूचकांक 228.29 अंक यानी 1.15 प्रतिशत की मजबूती के साथ 20,154.10 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसी तरह सेट कंपोजिट इंडेक्स 1.03 प्रतिशत उछल कर 1354.27 अंक के स्तर पर आ गया है। इसके अलावा ताइवान वेटेड इंडेक्स 0.23 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,320.95 अंक के स्तर पर, कोस्पी इंडेक्स 0.16 प्रतिशत की मजबूती के साथ 2,524.19 अंक के स्तर पर, जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ 7,186.78 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.17 प्रतिशत की तेजी के साथ 3,249.85 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

# भारत, बेल्जियम ने औषधि एवं कृषि उत्पादों में व्यापार बढ़ाने के तरीकों पर की चर्चा



प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली,। भारत और बेल्जियम ने द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए फार्मा और कृषि उत्पादों जैसे क्षेत्रों में व्यापार मुद्दों को हल करने के लिए तंत्र स्थापित करने पर सहमति व्यक्त की है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और बेल्जियम के विदेश एवं विदेश व्यापार मंत्री बर्नार्ड क्विंटिन के बीच ब्रसेल्स में हुई बैठक के दौरान इन मुद्दों पर चर्चा की गई। इस बैठक में औषधि तथा कृषि उत्पादों के लिए अनुमोदन प्रक्रियाओं में नियामक बाधाओं पर भी चर्चा की गई। इसके साथ ही दोनों पक्षों ने निरंतर बातचीत के जरिए इन चुनौतियों से निपटने पर सहमति व्यक्त की। मंत्रालय ने कहा कि दोनों मंत्रियों ने इस बैठक के दौरान व्यापार मुद्दों के समाधान के लिए मजबूत तंत्र स्थापित करने पर सहमति व्यक्त की। इन नेताओं ने यूरोपीय संघ-भारत मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) वार्ता की प्रगति पर भी चर्चा की। इसके साथ ही बातचीत को सुचारू बनाने तथा आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए व्यापार मुद्दों को प्राथमिकता देने के महत्व पर बल दिया गया। बैठक के निष्कर्ष के तौर पर भारत और बेल्जियम के बीच लोकतंत्र, कानून के शासन और स्वतंत्र न्यायपालिका के साझा मूल्यों पर आधारित दीर्घकालिक संबंधों को मजबूती मिली। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक इस बैठक में नवीकरणीय ऊर्जा, जीवन विज्ञान, बुनियादी ढांचे, डिजिटल प्रौद्योगिकियों और खाद्य उत्पादों जैसे उभरते क्षेत्रों को दोनों देशों के बीच सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों के रूप में रेखांकित किया गया। इसके अलावा बेल्जियम ने अपने व्यापार संबंधों में विविधता लाने के लिए भारत के साथ रणनीतिक साझेदार के रूप में जुड़ने के महत्व को स्वीकार किया। वाणिज्य मंत्री ने एक्सर पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि ब्रुसेल्स में बेल्जियम के विदेश मंत्री, यूरोपीय मामले, विदेश व्यापार और संघीय सांस्कृतिक संस्थानों के मंत्री बर्नार्ड क्विंटिन से मिलकर बहुत खुशी हुई। हमने भारत में आगामी बेल्जियम आर्थिक मिशन पर उपयोगी चर्चा की। इसके साथ ही टिकाऊ प्रौद्योगिकियों, अर्धचालकों, रत्न और आभूषण, स्वास्थ्य सेवा और कृषि उत्पादों पर ध्यान केंद्रित करते हुए आपसी व्यापार और निवेश संबंधों को गहरा करने के अवसरों की खोज की। उल्लेखनीय है कि वित्तद वर्ष 2023-2024 में भारत और बेल्जियम व्यापार 15.07 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक होने का अनुमान है, जबकि बेल्जियम से भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 3.94 अरब अमेरिकी डॉलर से ज्या-दा होने का अनुमान है।

# दुनिया की कुल खपत में 2050 तक 16 प्रतिशत हो सकती है भारत की हिस्सेदारीः रिपोर्ट




नई दिल्ली,। दुनिया की कुल खपत में भारत की हिस्सेदारी 2050 तक बढ़कर 16 प्रतिशत हो सकती है, जो कि 2023 में 9 प्रतिशत थी। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। मैकिन्से ग्लोबल इंस्टिट्यूट की रिपोर्ट में बताया गया कि 2050 तक 17 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ केवल उत्तरी अमेरिका ही भारत से आगे होगा। यह अनुमान क्रय शक्ति समता के आधार पर लगाया गया है, जो देशों के बीच मूल्य अंतर को बराबर करता है। दुनिया की कुल खपत में भारत की हिस्सेदारी बढ़ने की वजह यहां अधिक युवा आबादी होना है। रिसर्च में बताया गया कि डेमोग्राफिक शिफ्ट के कारण फर्स्ट-वेव रीजन में प्रजनन दर में गिरावट आई है, जिसके परिणामस्वरूप जनसंख्या वृद्ध हो रही है। 2050 तक केवल 26 प्रतिशत ही वैश्विक आबादी इन इलाकों में रहेगी, जो कि 1997 में 42 प्रतिशत से अधिक थी। आगे कहा गया कि लेटर-वेव रीजन, जिसमें भारत लैटिन अमेरिका, पश्चिम एशिया और अफ्रीका आते हैं। इन देशों की वैश्विक खपत में हिस्सेदारी आधे से अधिक होगी। इसकी वजह युवा आबादी और आय का बढ़ना है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि विश्व जनसंख्या में भारत की हिस्सेदारी 2023 में 23 प्रतिशत थी, जो कि 2050 तक घटकर 17 प्रतिशत रह जाएगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि डेमोग्राफिक डिविडेंड ने 1997 से 2023 के बीच भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) प्रति व्यक्ति वृद्धि में औसतन 0.7 प्रतिशत की वृद्धि की है। डेमोग्राफिक डिविडेंड कुल आबादी की तुलना में कार्यशील आबादी में वृद्धि के परिणामस्वरूप प्रति व्यक्ति जीडीपी वृद्धि है। कार्यबल में अधिक महिलाओं को लाने से बहुत बड़ा अंतर आ सकता है।

# रुपया 17 पैसे की बढ़त के साथ 86.28 डॉलर पर



प्रात: किरण/एजेंसी

मुंबई,। अमेरिकी डॉलर सूचकांक और कच्चे तेल की कीमतों के अपने उच्च स्तर से पीछे हटने से रुपया मंगलवार शुरूआती कारोबार में 17 पैसे की बढ़त के साथ 86.28 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.28 प्रति डॉलर पर खुला, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 17 पैसे की बढ़त दशार्ता है। शुरूआती कारोबार में स्थानीय मुद्रा डॉलर के मुकाबले 86.43 पर भी पहुंची। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.45 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.94 प्रतिशत की गिरावट के साथ 108.31 पर रहा।

# तमिलनाडु का विकास, भारत का विकास हैः मंत्री टीआरबी राजा

दावोस,। तमिलनाडु के उद्योग मंत्री टीआरबी राजा ने राज्य को वैश्विक प्रथाओं के अनुरूप सर्वोत्तम निवेश गंतव्य के रूप में पेश करते हुए कहा कि उनकी सरकार दुनिया के सर्वश्रेष्ठ लोगों से सीखने के बाद अपनी आर्थिक तथा औद्योगिक नीतियों को लागू करती है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक में भाग लेने के लिए यहां पहुंचे द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) के नेता कहा कि तमिलनाडु में आने वाला कोई भी निवेश अंततः भारत में निवेश होगा। तमिलनाडु के अलावा अन्य भारतीय राज्यों ने भी इस वर्ष केंद्र सरकार के दो मंडपों के साथ-साथ यहां अपने मंडप स्थापित किए हैं। दावोस से अपनी अपेक्षाओं के बारे में राजा ने कहा,हम नई शुरूआत की उम्मीद कर रहे हैं। तमिलनाडु ने दावोस में नियमित रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है और हम यहां दावोस में विश्व अर्थव्यवस्था तथा दुनिया भर के उद्योगों के लिए कई नीतिगत पहल तथा नए खाके देखते रहे हैं। उन्होंने कहा,हम यहां नियमित रूप से आते रहे हैं, यहां होने वाली चचाओं से हम सीखते रहे हैं और तदनुसार हम तमिलनाडु के विकास के लिए अपना खाका तैयार करते रहे हैं। इन सभी वर्षों में दावोस से मिली सीख ने हमारी मदद की है। मंत्री ने कहा कि उनके राज्य ने मोटर वाहन जैसे विभिन्न विनिर्माण क्षेत्रों के साथ-साथ कपड़ा जैसे क्षेत्रों में अपनी क्षमता साबित की है।

# एलएंडटी मुंबई ओपन डब्ल्यूटीए 125 का चौथा संस्करण फरवरी में, एमएसएलटीए, सीसीआई करेंगे मेजबानी

मुंबई,। महाराष्ट्र राज्य लॉन टेनिस एसोसिएशन (एमएसएलटीए) और क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया (सीसीआई) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाला एलएंडटी मुंबई ओपन डब्ल्यूटीए 125 के सीरीज का चौथा संस्करण फरवरी 2025 में शुरू होगा।
टूनार्मेंट 1 फरवरी से क्वालीफाइंग राउंड के साथ शुरू होगा।
जबकि मुख्य ड्रॉ 3 फरवरी से होगा और फाइनल मुकाबला 9 फरवरी को सीसीआई के कोर्ट पर खेला जाएगा।
इस इवेंट में दुनिया के शीर्ष और उभरते हुए खिलाड़ी भाग लेंगे।
आयोजन समिति के सदस्य, आईएएस अधिकारी संजय खंडारे और प्रवीण दराडे ने कहा,हम चौथी बार एलएंडटी मुंबई ओपन की मेजबानी करते हुए रोमांचित हैं।
पिछले तीन संस्करणों की सफलता के बाद, हमें इस बार भी दिलचस्प मुकाबलों की उम्मीद है।
मुंबई हमेशा खिलाड़ियों और प्रशंसकों के लिए खास रही है।
और हमें विश्वास है।
कि यह संस्करण भी यादगार होगा।
प्रतिभागी और प्रतियोगिता का स्तर इस बार टूनार्मेंट में कई शीर्ष खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।
इनमें शामिल हैंः तात्जाना मारिया (जर्मनी)ः वर्तमान विश्व रैंकिंग 89।
अपने करियर का चौथा एकल खिताब जीतने के इरादे से उतरेंगी।
रेबेका मैरिनो (कनाडा)ः विश्व रैंक 98। 2024 में डॉव टेनिस क्लासिक जीतने वाली मैरिनो




अपने दूसरे डब्ल्यूटीए खिताब के लिए प्रयास करेंगी।
नूरिया पैरिजास-डियाज (स्पेन)ः विश्व रैंक 104।
तीन डब्ल्यूटीए चैलेंजर खिताब अपने नाम कर चुकीं नूरिया हाल ही में वर्कडे कैनबरा इंटरनेशनल के सेमीफाइनल में पहुंची थीं।
गत विजेता दार्जा सेमेनिस्टाजा (लातविया), जो विश्व रैंकिंग में 120वें स्थान पर हैं।
अपने खिताब की रक्षा करेंगी।
इसके अलावा, ग्रेट ब्रिटेन की हैरियट डार्ट (रैंक 113) और फिलीपींस की युवा खिलाड़ी एलेक्जेंड्रा एला (रैंक 138) भी मुकाबले का हिस्सा होंगी।
पिछले संस्करण और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि 2024 में मुंबई ओपन ने छह साल बाद वापसी की थी।
पिछले एकल खिताब लातवियाई खिलाड़ी दार्जा सेमेनिस्टाजा ने जीता था।
जबकि युगल में डेलिला जाकुपोविक और सबरीना सांतामारिया की जोड़ी विजेता रही थी।
इस प्रतिष्ठित टूनार्मेंट के पूर्व चैंपियंस में 2017 की विजेता विश्व नंबर 2 आर्यना सबालेंका और 2018 की विजेता थाईलैंड की लुक्सिका कुमखुम शामिल हैं।
एलएंडटी मुंबई ओपन 2025 से न केवल प्रतिभागियों, बल्कि मुंबई के टेनिस प्रशंसकों को भी जबरदस्त उम्मीदें हैं।
आयोजकों का कहना है।
कि यह टूनार्मेंट खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए यादगार अनुभव साबित होगा।

# इंग्लैंड के खिलाफ नये सिरे से शुरूआत करने उतरेगी टीम इंडिया

प्रात: किरण,/ एजेसी

## शमी की वापसी पर फोकस



कोलकाता,। फिट होकर टीम में लौटे मोहम्मद शमी की वापसी पर सभी की नजरें होंगी जब सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली भारतीय टी20 टीम इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में उतरेगी। भारतीय टीम का लक्ष्य आस्ट्रेलिया के टेस्ट दौरे पर शर्मनाक हार से मिले जख्मों पर मरहम लगाने का भी होगा। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टी20 और तीन वनडे मैच खेले जायेंगे जो अगले महीने होने वाली चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले दोनों टीमों के लिये खुद को आंकने का सुनहरा मौका है। शमी वनडे विश्व कप 2023 में चार मैचों से बाहर रहने के बावजूद भारत के सबसे कामयाब गेंदबाज रहे जिन्होंने 24 विकेट लिये थे। उन्होंने वानखेड़े स्टेडियम पर न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 57 रन देकर सात विकेट चटकाये थे। वह टी20 क्रिकेट में कुल 24 विकेट ले चुके हैं और इसमें अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहेंगे। आस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 नवंबर 2023 को फाइनल में मिली हार के बाद से टखने की चोट के कारण शमी टीम से बाहर हैं। इसके बाद उनके बायें घुटने में सूजन आ गई थी। स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की कमर में चोट होने से चैम्पियंस ट्रॉफी में उनका खेलना तय नहीं है जिससे शमी पर काफी दारोमदार होगा। शमी ने बंगाल के लिये रणजी ट्रॉफी में वापसी की और सात विकेट लेकर सत्र की पहली जीत दिलाई। इसके बाद सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 11 और विजय हजारे ट्रॉफी में पांच विकेट लिये। शमी ने टी20 कैरियर में 2014 में पदार्पण के बाद से सिर्फ 23 मैच खेले हैं। उन्होंने आखिरी बार इंग्लैंड के खिलाफ 2022 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल खेला था। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम आस्ट्रेलिया दौरे पर मिली हार को अभी तक भुला नहीं पाई है जिसके बाद टीम में अनुशासन बहाल करने के लिये बीसीसीआई ने कड़े दिशा निर्देश जारी किये हैं। हरफनमौला अक्षर पटेल को भारतीय टीम का उपकप्तान बनाया गया है जिन्होंने पिछले साल वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप में खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। अक्षर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में 31 गेंद में 47 रन बनाये और आठ मैचों में नौ विकेट भी लिये थे। भारत की चैम्पियंस ट्रॉफी टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे विकेटकीपर संजू सैमसन पर अच्छे प्रदर्शन का दबाव होगा। मध्यप्रदेश के खिलाफ रणजी मैच में उन्हें केरल टीम में जगह नहीं मिली। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल ही में लगातार दो टी20 शतक जड़ने वाले सैमसन कई बार खुद को साबित कर चुके हैं। वहीं आस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न में दिसंबर में बॉक्सिंग डे टेस्ट में शतक जमाने वाले नीतिश रेड्डी को भी टीम में जगह मिली है। वह हार्दिक पंड्या के साथ तेज गेंदबाजी का एक और विकल्प दे सकते हैं। जोस बटलर की कप्तानी वाली इंग्लैंड टीम के लिये मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम के साथ यह नये सत्र की शुरूआत है। टी20 विश्व कप से इंग्लैंड के बाहर होने के बाद मैथ्यू मोट ने इस्तीफा दे दिया जिसके बाद मैकुलम ने तीन साल का करार किया। टेस्ट क्रिकेट को आक्रामक खेल (बैजबॉल) की नई परिभाषा देने वाले मैकुलम सीमित ओवरों के प्रारूप में भी उसे दोहराना चाहेंगे। आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिये खेल चुके मैकुलम के लिये ईडन गार्डन नया नहीं है। इंग्लैंड को रीसे टॉपली, सैम कुरेन और विल जैक की कमी खलेगी लेकिन 21 वर्ष के जैकब बेथेल अपनी उपयोगिता साबित करना चाहेंगे। उन्होंने अब तक सात टी20 मैचों में 167 से ऊपर की स्ट्राइक रेट से रन बनाये हैं। शमी की ही तरह इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भी चोट से उबरकर वापसी कर रहे हैं। वैसे भारत में शाम को पड़ने वाली ओस से तेज गेंदबाजों को दिक्कत हो सकती है। इसके बाद 25 जनवरी को दूसरा टी20 चेन्नई में, 28 जनवरी को राजकोट, 31 जनवरी को पुणे और दो फरवरी को मुंबई में खेला जायेगा।

### टीमें :

**भारत :**

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अक्षर पटेल, अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, नीतिश कुमार रेड्डी, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी, वरूण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, वॉशिंगटन सुंदर, ध्रुव जुरेल।

**इंग्लैंड :**

जोस बटलर (कप्तान), हैरी ब्रूक, फिल साल्ट, जैकब बेथेल, लियाम लिविंगस्टोन, रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, गुस एटकिंसन, ब्रायडन कार्स, बेन डकेट, जैमी ओवरटन, जैमी स्मिथ, आदिल रशीद, साकिब महमूद, मार्क वुड।

**मैच का समय : शाम सात बजे से।**

# बैडोसा ने गॉफ को हराकर पहली बार ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में जगह बनाई



प्रात: किरण,/ एजेसी

मेलबर्न,। पूर्व विश्व नंबर 2 पाउला बैडोसा ने मंगलवार को क्वार्टर फाइनल में विश्व नंबर 3 कोको गॉफ को 7-5, 6-4 से हराकर पहली बार ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में जगह बनाई। 27 वर्षीय बैडोसा, जो पिछले वर्ष करियर को खतरे में डालने वाली पीठ की चोट के बाद 2024 की कमबैक प्लेयर ऑफ द ईयर थीं, इससे पहले अपने करियर में प्रमुख क्वार्टर फाइनल में 0-2 से पिछड़ चुकी थीं। उन्होंने रॉड लेवर एरिना के अंदर 1 घंटे और 43 मिनट में गॉफ को 2025 की पहली हार दी। बैडोसा ने मैच के बाद कहा,आज मैं खेलने उतरी, और मैं अपना सर्वश्रेष्ठ खेल खेलना चाहती थी, और मुझे लगता है कि मैंने ऐसा किया। कोको, शुरूआत में, वह अजीब सी टेनिस खेल रही थी, लेकिन आज मैंने जो प्रदर्शन किया, उस पर मुझे बहुत गर्व है। उन्होंने कहा,एक साल पहले, मैं अपनी पीठ की चोट के साथ यहां थी, मुझे नहीं पता था कि मुझे इस खेल से संन्यास लेना है या नहीं, और अब मैं यहां हूं, दुनिया में सर्वश्रेष्ठ खेल रही हूं।
मैंने आज जीत हासिल की, मैं सेमीफाइनल में हूं, और मैंने कभी नहीं सोचा था कि एक साल बाद, मैं यहां पहुंचूंगी। बैडोसा ने कड़ी मेहनत से पहला सेट 7-5 से जीता, जिसमें उन्होंने सामरिक कौशल का प्रदर्शन किया। 30-30 पर प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करने के बावजूद, उन्होंने संयम बनाए रखा, लाभ को सुरक्षित करने के लिए शक्ति और प्लेसमेंट के मिश्रण का उपयोग किया।
गॉफ ने बहादुरी से लड़ाई लड़ी, गलतियां करने पर मजबूर किया और दबाव बनाए रखा, लेकिन अंततः आगे नहीं बढ़ सकीं।
दूसरे सेट की शुरूआत में गॉफ की सर्विस के 18 मिनट के खेल ने स्पैनियार्ड को आगे कर दिया, और उसने 2-2 से तीन सीधे गेम जीते, जबकि गॉफ का संघर्ष जारी रहा।
लेकिन 5-2 पर जीत हासिल करने में विफल रहने के बाद, बैडोसा ने मैच के अंतिम गेम में दो एस, एक अनरिटर्न्ड सर्विस और एक फोरहैंड विनर के साथ अंतिम चार में अपनी जगह पक्की कर ली।
इस जीत ने बैडोसा को ग्रैंड स्लैम टूनार्मेंट में अपनी पहली शीर्ष 10 जीत भी दिलाई।
स्पैनियार्ड अब विश्व की नंबर 1 और दो बार की गत विजेता आर्यना सबालेंका और नंबर 21 सीड और 2021 रौलां गैरो फाइनलिस्ट अनस्तासिया पावल्यूचेनकोवा के बीच क्वार्टर फाइनल मैच के विजेता का इंतजार कर रही है।

# कोलकाता में टी20 सीरीज के पहले मैच से पूर्व स्काई ने केकेआर के दिनों और मष्टी दोई को याद किया

प्रात: किरण,/ एजेसी



नई दिल्ली,। बुधवार को ईडन गार्डन्स में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच से पूर्व, भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए अपने खेल के दिनों को याद किया, जिसके मुख्य कोच गौतम गंभीर थे और उन्होंने बंगाली व्यंजन मिष्टी दोई के प्रति अपने लगाव को याद किया। 2012 में मुंबई इंडियंस के साथ आईपीएल में पदार्पण करने के बाद, सूर्यकुमार केकेआर में शामिल हो गए और 2014 से 2017 तक फ्रेंचाइजी का प्रतिनिधित्व किया। गंभीर के नेतृत्व में, केकेआर ने 2014 में अपना पहला खिताब जीता और सूर्यकुमार उस विजेता टीम का हिस्सा थे। सूर्यकुमार ने बीसीसीआई द्वारा एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा,जब मैं कोलकाता आया था, तो लोग मुझे बहुत सारी मिष्टी दोई देते थे। अब, जब हम यहां आते हैं, तो मैं इसे अपने चीट मील में शामिल करने की कोशिश करता हूं। यह एक विंटेज टाइप की फीलिंग है और जब आप यहां आते हैं, तो अच्छा लगता है। यहां का मौसम अच्छा है। दोनों टीमों की ओर से आतिशबाजी होगी, इसलिए यह अच्छा होगा। भारतीय कप्तान ने खुलासा किया कि उन्होंने कभी भी ईडन गार्डन्स में भारत की कप्तानी करने के बारे में नहीं सोचा था, जब यह आईपीएल में उनका घरेलू मैदान हुआ करता था। सूर्यकुमार ने यह भी कहा कि वह मैदान को अच्छी तरह से जानते हैं और उन्होंने गंभीर से बहुत सी तरकीबें और खूबियां सीखी हैं। उन्होंने कहा,2014 में जब मैं पहली बार केकेआर में शामिल हुआ था, तो मैंने 10 साल बाद भारत की अगुआई करने के बारे में नहीं सोचा था। इस ऐतिहासिक मैदान पर भारत की अगुआई करना अच्छा लग रहा है। यह एक खूबसूरत यात्रा रही है। 2014 से 2017 तक यहां खेलने की पुरानी यादों के बारे में सोचना अच्छा लगता है। मैंने यहां गौती भाई के नेतृत्व में खेला और बहुत सी तरकीबें और खूबियां सीखीं, इसलिए मैं इस जगह को अच्छी तरह जानता हूं। यहां फिर से आकर बहुत खुश हूं। पांच मैचों की सीरीज का पहला टी20 मैच बुधवार को ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा।

## आस्ट्रेलियाई ओपन क्वार्टर फाइनल में बाडोसा से हारी कोको गाफ

मेलबर्न,। अमेरिका की तीसरी रैंकिंग वाली कोको गाफ आस्ट्रेलियाई ओपन क्वार्टर फाइनल में स्पेन की 11वें नंबर की खिलाड़ी पाउला बाडोसा से 5.7, 4.6 से हारकर बाहर हो गई। इस वर्ष 9.0 के रिकॉर्ड के साथ रॉड लावेर एरिना आई गाफ नवंबर में डब्ल्यूटीए फाइनल्स जीतने के बाद एक भी मैच नहीं हारी थी। उन्होंने इस साल मेलबर्न पार्क पर चार मैचों में एक ही सेट गंवाया। बाडोसा 27 वर्ष की उम्र में अपने कैरियर का पहला ग्रैंडस्लैम खेलेंगी। उन्होंने कहा,मैं भावुक हो गई हूं। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहती थी जो मुझे लगता है कि मैने किया। मुझे अपने प्रदर्शन पर गर्व है। अब उनका सामना दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका या 27वीं रैंकिंग वाली अनास्तासिया पावलुचेंकोवा से होगा। सबालेंका पिछली दो बार की चैम्पियन भी है।

# ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने इंग्लैंड को 57 रनों से हराया

प्रात: किरण,/ एजेसी



सिडनी,। बेथ मूनी (75) रनों की अर्धशतकीय पारी के बाद जॉर्जिया वेयरहैम (तीन विकेट) और अलाना किंग (दो विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने सोमवार को पहले टी-20 मुकाबले में इंग्लैंड को 57 रनों से हरा दिया हैं। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं। 199 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरूआत बेहद खराब रही और उसने मात्र चार रन के स्कोर पर अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गवां दिये। मैया बाउचियर और डेनिएल वायट बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गई। इसके बाद सोफिया डंकली ने नेट साइबर ब्रंट के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे इंग्लैंड के बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सके। नेट साइबर ब्रंट (20) को अलाना किंग ने बोल्ड आउट किया। कप्तान हीथर नाइट (18), एमी जोंस (12), सोफी एकल्सटन (13) रन बनाकर आउट हुई। सोफिया डंकली ने इंग्लैंड के लिए 30 गेंदों में छह चौके और चार छक्के लगाते हुए (59) रनों की पारी खेली। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने इंग्लैंड की पूरी टीम को 16 ओवर में 141 के स्कोर पर समेट कर 57 रनों से मुकाबला जीत लिया। 75 रनों की अर्धशतकीय पारी खेलने वाली ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाज बेथ मूनी को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से जॉर्जिया वेयरहैम ने तीन विकेट और अलाना किंग ने दो विकेट लिये। मेगन शूट, किम गार्थ, ऐनाबेल सदरलैंड और तालिया मैक्ग्रा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां इंग्लैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया के लिये बेथ मूनी और जॉर्जिया वेयरहैम की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए (40) रन जोड़े। चौथे ओवर में लॉरेन बेल ने जॉर्जिया वेयरहैम (21) को छइह आउट कर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद फीबी लिचफील्ड (25) रनआउट हुई। एलिस पेरी (सात), ऐनाबेल सदरलैंड (तीन) रन बनाकर आउट हुई। कप्तान तालिया मैक्ग्रा ने नौ गेंदों में 26 रनों की पारी खेली। ग्रेस हैरिस (14) रन बनाकर आउट हुई। बेथ मूनी ने 51 गेंदों में 11 चौकों की मदद से (75) रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 198 का स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड की ओर से लॉरेन बेल और सोफी एकल्सटन ने दो-दो विकेट लिये। फ्रेया केंप और शार्लेट डीन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# स्टेडियम में 10.50 करोड़ रुपये से बनेगा सिंथेटिक ट्रैक

प्रात: किरण,/ एजेसी

में




महोबा,। खेलों को बढ़ावा देने के लिए स्पोर्ट्स स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रैक के निर्माण का खाका तैयार किया गया। शासन स्तर से सिंथेटिक ट्रैक के लिए 10.50 करोड रुपये का बजट का प्रस्ताव पास किया गया है। जिससे एथलेटिक्स खिलाड़ियों को आने वाले दिनों में ट्रैक का लाभ मिल सकेगा और सरकार की इस मुहिम से वीरभूमि के युवा खिलाड़ी भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं प्रतिभाग कर जनपद का नाम रोशन कर सकेंगे। जिला उपक्रीड़ाअधिकारी ने बताया कि जनपद मुख्यालय स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में 8 लाइन के 400 मीटर सिंथेटिक ट्रैक के निर्माण को शासन स्तर से मंजूरी मिल गई है। जिसके लिए 10.50 करोड रुपये के प्रस्ताव को हरी झंडी मिल गई है। बताया कि सभी प्रकार के मौसम में सिंथेटिक ट्रैक खिलाड़ियों के लिए उपयोगी साबित होता है। इस ट्रैक पर खिलाड़ियों को चोट आने का खतरा कम रहता है। खेल मंत्री के द्वारा जनपद वासियों को सिंथेटिक ट्रैक के रूप में एक बड़ी सौगात दी गई है। उपक्रीड़ाअधिकारी ने बताया कि गर्मी के मौसम में स्टेडियम के मैदान लगी घास को सूखने से बचाने के लिए नगर पालिका के द्वारा स्टेडियम में एक हैवी बोर कराया गया है ।जिससे अब गर्मी के मौसम में घास को सूखने से बचाया जा सकेगा और पूरे वर्ष भर स्टेडियम का मैदान हरा भरा रहेगा।

## फरार्टा धाविका हिमा दास ने महाकुंभ में गंगा में डुबकी लगाई

महाकुंभ नगर। स्टार फरार्टा धाविका हिमा दास ने महाकुंभ नगर आकर गंगा में डुबकी लगाई। धिंग एक्सप्रेस के नाम से मशहूर हिमा यहां अपने दोस्तों के साथ आई थी और अपने अध्यात्मिक गुरू केशव दास जी महाराज से आशीर्वाद लिया। महाराज ने कहा,जब हिमा को महाकुंभ में पूर्वोत्तर शिविर के बारे में पता चला तो वह आये बिना रह नहीं सकी। वह अपने दोस्तों के साथ आई, गंगा में डुबकी लगाई और रविवार को चली गई। उन्होंने कहा,वह इस अनुभव को लेकर काफी रोमांचित थी और नामघर देखने भी आई।

# बीसीसीआई के खिलाड़ियों के लिये नये दिशा निर्देश के बाद हीली ने कहा, सतर्क रहें

प्रात: किरण,/ एजेसी

मेलबर्न, । आस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर इयान हीली ने कहा कि बीसीसीआई द्वारा खिलाड़ियों के लिये जारी किये गए दस बिंदुओं के दिशा निर्देश भारतीय टीम में अनुशासन की कमी को दशार्ते हैं और उन्होंने बाकी क्रिकेट टीमों से इस तरह की स्थिति से बचने के लिये सतर्क रहने का आग्रह किया। आस्ट्रेलिया में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में 1.3 से हार के बाद बीसीसीआई ने सभी खिलाड़ियों को अभ्यास सत्रों के दौरान पूरे समय मौजूद रहने और टीम के साथ ही स्टेडियम जाने और आने के निर्देश दिये। इसके साथ ही दौरे पर परिवार के साथ समय को लेकर भी पाबंदियां लगाई गई है। हीली ने सेन रेडियो से कहा, ह्यह्यभारतीय क्रिकेट नये सांचे में ढल रहा है। क्रिकेट अधिकारियों के सख्त और मजबूत रूख से पता चलता है कि टीम में कहीं न कहीं अनुशासन की कमी दिख रही थी ह्लह्ल उन्होंने कहा, ह्यह्यशायद प्रशासकों और खिलाड़ियों ने खेल की महाशक्ति की नुमाइंदगी के सपने का उचित सम्मान नहीं किया। दूसरे देशों को भी सतर्क रहना होगा कि चीजें इस तरह ढर्रे से उतर नहीं जायें ह्लह्ल आस्ट्रेलिया दौरे पर कुछ खिलाड़ियों के अपने परिवारों के साथ अलग यात्रा करने के बाद ये पाबंदियां लगाई गई।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com | epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran | @Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### गाजियाबाद की सोसाइटी में किराये के फ्लैट में चल रहा था सेक्स रैकेट, रेड में मिलीं 5 महिलाएं और 1 ग्राहक

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के कौशांबी थाना क्षेत्र के वैशाली स्थित एक सोसाइटी के फ्लैट में चल रहे सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है। पुलिस ने फ्लैट में छापेमारी के दौरान सेक्स रैकेट की संचालिका और एक ग्राहक को गिरफ्तार करने के साथ ही चार महिलाओं को भी रेस्क्यू किया है। गाजियाबाद पुलिस को वैशाली सेक्टर चार स्थित एक सोसाइटी के एक फ्लैट में देह व्यापार होने की पुलिस को सूचना मिली थी। एसीपी क्राइम अजय कुमार सिंह ने पुलिस बल के साथ मिलकर छापेमारी की तो हड़कंप मच गया। पूछताछ करने पर पता चला कि एक महिला वहां किराये पर फ्लैट लेकर कई माह से देह व्यापार करा रही थी, जबकि संचालिका का उसी सोसाइटी में खुद का अपना भी फ्लैट है। पुलिस ने छापेमारी कर मौके से दुजाना, बादलपुर निवासी ग्राहक सुमित पुत्र रिषीपाल को भी धर दबोचा। छापेमारी के दौरान चार महिलाएं मिलीं, जिन्होंने बताया कि उन्हें ब्लैकमेल कर गलत काम कराया जा रहा था। डीसीपी ने बताया कि छापेमारी के दौरान पुलिस टीम को मौके से दो मोबाइल फोन बरामद हुए। इन्हीं मोबाइल फोनों से ग्राहकों की बुकिंग की जाती थी। पुलिस के अनुसार मोबाइल फोन पर महिलाओं और युवतियों के फोटो भेजकर सौदा तय किया जाता था। सौदा तय होने पर ग्राहक को सोसाइटी की लोकेशन भेजी जाती थी, जिससे वह वहां आसानी से पहुंच सके।

### राजश्री प्रोडक्शन्स के शानदार ओटीटी डेब्यू बड़ा नाम करेंगे में देखिये प्यार और परिवार की दिल को छू लेने वाली कहानी

**मुंबई, एजेंसी।** राजश्री प्रोडक्शन्स 7 फरवरी को अपने बेहद प्रतीक्षित शो बड़ा नाम करेंगे के साथ ओटीटी की दुनिया में कदम रखने जा रहा है। बड़ा नाम करेंगे' प्यार, परिवार और खुद की खोज करने की एक दिल को छू लेने वाली कहानी है। प्यार के इस खास मौसम में दर्शकों को इस सीरीज में रिश्तों, परंपराओं और सपनों के यादगार जश्न का आनंद उठाने का मौका मिलेगा। मशहूर निर्माता सूरज आर. बड़जात्या इस सीरीज के शोरनर हैं जबकि गुल्लक फेम पलाश वासवानी ने इसका निर्देशन किया है। बड़ा नाम करेंगे शो पुरानी कहानियों को एकदम नए अंदाज में पेश करता है और यह राजश्री प्रोडक्शंस की पारिवारिक फिल्मों जैसी ही गर्मजोशी और भावनाओं से भरपूर है। इस शो में ऋषभ और सुरभि के सफर को देखने का मौका मिलेगा। यह एक जेन ज़ेड कपल है जोकि परिवार के पारंपरिक मूल्यों को अपनाते हुए अपने सपनों को पूरा करने की कोशिश करता है। उनकी यह कहानी प्यार, परंपरा और खुद को समझने का ऐसा सफर है, जो आपको हंसाएगी, रुलाएगी और सोचने पर मजबूर कर देगी। इस महत्वपूर्ण डेब्यू के बारे में बात करते हुए, शोरनर सूरज आर. बड़जात्या ने कहा बड़ा नाम करेंगे प्यार से रची गई एक कहानी है, जो आधुनिक दुनिया में परिवार, सपनों और परंपराओं के प्रति सम्मान का जश्न मनाती है। यह पीढ़ियों के बीच की दूरी को मिटाती है और साबित करती है कि जेन ज़ेड महत्वाकांक्षी होने के साथ-साथ पारिवारिक मूल्यों से भी गहराई से जुड़ी हो सकती है।

### ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो के पहले फेज की कवायद शुरू, 2 चरणों में होगा निर्माण

**गुरुग्राम एजेंसी।** ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो के पहले चरण की कवायद शुरू हो गई है। इसके लिए टेंडर फरवरी के पहले सप्ताह में आमंत्रित कर दिए जाएंगे। 31 जनवरी तक सलाहकार कंपनी की तरफ से टेंडर से जुड़े दस्तावेज तैयार कर लिए जाएंगे। हरियाणा मास रैपिड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन और गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड के अधिकारियों ने मेट्रो योजना के तहत चल रहे कार्यों की जानकारी गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्यामल मिश्रा ने साझा की। सोमवार को सेक्टर-44 के जीएमडीए कार्यालय में समीक्षा बैठक हुई। इसममें बताया गया कि मई माह के अंदर मेट्रो निर्माण का कार्य धरातल पर नजर आने लगेगा। दूसरे चरण के तहत मार्च माह के पहले या दूसरे सप्ताह में टेंडर आमंत्रित किए जाएंगे। 28 फरवरी तक टेंडर दस्तावेज तैयार हो जाएंगे। मेट्रो का निर्माण दो चरणों में किया जाएगा। पहले चरण में मिलेनियम सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन से सेक्टर-नौ और दूसरे चरण में सेक्टर-नौ से लेकर डीएलएफ साइबर सिटी तक मेट्रो का निर्माण किया जाएगा।

# महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर आ सकते हैं 10 करोड़ श्रद्धालु, लंबी दूरी की 29 ट्रेनें रद्द

**प्रयागराज, एजेंसी।**
महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर 10 करोड़ श्रद्धालुओं की अनुमानित भीड़ को देखते हुए रेलवे ने लंबी दूरी की 29 ट्रेनों को निरस्त कर दिया है। ये ट्रेनें मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी स्नान पर्व तक चलनी थी। रेलवे ने स्थानीय भीड़ के मद्देनजर यह कदम उठाया है, ताकि रेलवे स्टेशन पर ट्रैक खाली मिले और ज्यादा से ज्यादा ट्रेनों का संचालन किया जा सके। रेलवे ने मौनी अमावस्या पर लंबी दूरी की 18 और वसंत पंचमी पर 11 नियमित ट्रेनें निरस्त की हैं। इसके अलावा 28 ट्रेनें प्रयागराज जंक्शन की जगह प्रयागराज छिवकी होकर चलाई जाएंगी। इन सभी का शेड्यूल उत्तर मध्य रेलवे प्रशासन ने जारी कर दिया है। एनसीआर के सीपीआरओ शशिकांत त्रिपाठी ने कहा कि परिचालन कारणों से इन ट्रेनों को निरस्त किया गया है। महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर 10 करोड़ श्रद्धालुओं की अनुमानित भीड़ को देखते हुए रेलवे ने लंबी दूरी की 29 ट्रेनों को निरस्त कर दिया है। ये ट्रेनें मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी स्नान पर्व



तक चलनी थी। रेलवे ने स्थानीय भीड़ के मद्देनजर यह कदम उठाया है, ताकि रेलवे स्टेशन पर ट्रैक खाली मिले और ज्यादा से ज्यादा ट्रेनों का संचालन किया जा सके। रेलवे ने मौनी अमावस्या पर लंबी दूरी की 18 और वसंत पंचमी पर 11 नियमित ट्रेनें निरस्त की हैं। इसके अलावा 28 ट्रेनें प्रयागराज जंक्शन की जगह प्रयागराज छिवकी होकर चलाई जाएंगी। इन सभी का शेड्यूल उत्तर मध्य रेलवे प्रशासन ने जारी कर दिया है। एनसीआर के सीपीआरओ शशिकांत त्रिपाठी ने कहा कि परिचालन कारणों से इन ट्रेनों को निरस्त किया गया है।

**15658 कामाख्या-दिल्ली ब्रह्मपुत्र मेल - 28 जनवरी, दो फरवरी:** 12801 पुरी-नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस- 28 जनवरी, दो फरवरी, 12397 गया-नई दिल्ली महाबोधि एक्सप्रेस - 29 जनवरी, तीन फरवरी, 20962 बनारस-उधना- 29 जनवरी, 12427 रीवा-आनंद विहार- 29 जनवरी, तीन फरवरी, 12367 भागलपुर-नई दिल्ली- 29 जनवरी, तीन फरवरी, 12308 जोधपुर-हावड़ा- 28 जनवरी, 12816 आनंद विहार-पुरी - 29 जनवरी, 12506 आनंद विहार-कामाख्या - 29 जनवरी, तीन फरवरी, 12488 आनंद विहार-जोगबनी - 29 जनवरी, 12312 कालका-हावड़ा नेता जी एक्सप्रेस- 28 जनवरी, दो फरवरी, 18310 जम्मूतवी-संबलपुर- 28 जनवरी, 15484 दिल्ली-अलीपुरद्वार- 29 जनवरी, तीन फरवरी, 22466 आनंद विहार-मधुपुर - 29 जनवरी, 12398 नई दिल्ली-गया महाबोधि 29 जनवरी, तीन फरवरी, 12368 नई दिल्ली-भागलपुर - 29 जनवरी, तीन फरवरी, 15633 बीकानेर-गुवाहाटी - 29 जनवरी, 12941 भावनगर-आसनसोल - 28 जनवरी, 22308 बीकानेर-हावड़ा -दो फरवरी।

# हिमाचल में बर्फबारी शुरू, सीएम सुक्खू को टालनी पड़ी मनाली की यात्रा

**शिमला, एजेंसी।**
हिमाचल प्रदेश में शिमला सहित अन्य भागों में सोमवार की सुबह से बादल छाए हुए हैं। चोटियों पर हल्की बर्फबारी भी हुई है। खराब मौसम के चलते हेलीकॉप्टर की उड़ान नहीं हो पाई। इस वजह से सीएम सुक्खू सुबह धर्मशाला से मनाली विंटर कार्निवल के शुभारंभ के लिए रवाना नहीं हो सके। शाम करीब चार बजे सीएम सड़क मार्ग से जोगिंद्रनगर के लिए रवाना हुए।

बीते दिन भी 13,050 फीट ऊंचे रोहतांग दर्रा सहित ऊंची चोटियों पर हल्का हिमपात हुआ। चोटियों पर हल्की हिमपात के बाद कुल्लू और लाहौल स्पीति में शीतलहर तेज हो गई। खराब मौसम के बीच पर्यटक फोर बाई फोर वाहनों में अटल टनल रोहतांग होकर लाहौल पहुंचे और बर्फ के बीच मस्ती की।

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से 20 और 21 जनवरी को राज्य के उच्च पर्वतीय और



आसपास के मध्य पहाड़ी कुछ स्थानों पर हल्की बारिश-हिमपात की संभावना है। जबकि 22 और 23 जनवरी को राज्य के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश-हिमपात होने के आसार हैं। आगामी 24 जनवरी से पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान है।

वहीं अगले 2-3 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होने की संभावना है। इसके बाद, अगले दो दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 4-5 डिग्री सेल्सियस की उल्लेखनीय गिरावट आने की संभावना है। साथ ही राज्य के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है। आगामी 23 जनवरी को कुछ स्थानों पर शीतलहर की स्थिति रहने की संभावना है।

प्रदेश के अधिकतर स्थानों पर न्यूनतम तापमान में इजाफा हुआ है। शिमला का न्यूनतम तापमान 8.8, सुंदरनगर 9.0, भुंतर 4.0, कल्पा 0.6, धर्मशाला 4.5, ऊना 5.8, नाहन 9.1, केलांग -1.9, पालमपुर 7.4, मनाली 6.2, कांगड़ा 9.4, मंडी 9.1, बिलासपुर 9.7, हमीरपुर 9.1, चंबा 7.0, डलहौजी 5.4, कुफरी 7.0, कुकुमसेरी -5.9, नारकंडा 4.6, भरमौर 4.5, रिकांगपिओ 4.3, सेऊबाग 7.0, कसौली 10.1, पांवटा साहिब 11.0, सराहन 2.0, ताबो -4.3 व बजौरा में 7.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

# फांसी क्यों नहीं दी? निचली अदालत के फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट जाएगी ममता बनर्जी सरकार

**कोलका, एजेंसी।**
कोलकाता के आर.जी.कार मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के साथ बलात्कार और उसकी हत्या के दोषी संजय रॉय को फांसी की सजा नहीं मिलने पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने निराशा जाहिर की है और कहा है कि उनकी सरकार निचली अदालत के फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट जाएगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री बनर्जी ने सोमवार को दावा किया कि जांच का जिम्मा कोलकाता पुलिस से 'जबरन' ले लिया गया था। इस वजह से सीबीआई दोषी को फांसी की सजा दिला पाने में नाकाम रही।

उन्होंने कहा कि यदि जांच का जिम्मा कोलकाता पुलिस के पास ही रहा होता, तो उसने निश्चित रूप से मौत की सजा सुनिश्चित की होती। मुर्शिदाबाद जिले में पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार द्वारा संचालित अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद प्रशिक्षु चिकित्सक से बलात्कार और उसकी हत्या के मामले की सीबीआई जांच को लेकर केंद्रीय एजेंसी की आलोचना



भी की। कलकत्ता हाई कोर्ट ने 13 अगस्त 2024 को मामले की जांच कोलकाता पुलिस से लेकर सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा, ''पहले दिन से ही, हम सभी ने मृत्युदंड की मांग की थी, लेकिन अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। हम अब भी अपनी मांग पर कायम हैं। मैं अपनी पार्टी की राय साझा कर सकती हूं, मामला हमसे (कोलकाता पुलिस से) जबरन ले लिया गया। अगर यह मामला (कोलकाता) पुलिस के पास ही रहा होता, तो हम सुनिश्चित करते कि उसे मौत की सजा मिले।''

उन्होंने कहा, ''हमें नहीं पता कि जांच कैसे की गई। राज्य पुलिस द्वारा जांच किये गए इसी तरह के कई मामलों में मौत की सजा सुनिश्चित की गई। मैं (फैसले से) संतुष्ट नहीं हूं...यदि मौत की सजा सुनाई गई होती, तो कम से कम मेरे दिल को कुछ शांति मिलती।''

सियालदह की अदालत ने संजय रॉय को राज्य सरकार द्वारा संचालित आर जी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में प्रशिक्षु चिकित्सक से बलात्कार और हत्या के मामले में दोषी करार दिये जाने के बाद सोमवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सियालदह के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिर्बान दास की अदालत ने शनिवार को, रॉय को पिछले वर्ष नौ अगस्त को अस्पताल में स्नातकोत्तर प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ हुए जघन्य अपराध के मामले में दोषी करार दिया था।

इस घटना के बाद पूरे देश में अभूतपूर्व और लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन हुए थे। न्यायाधीश दास ने कहा कि यह अपराध ''दुर्लभ से दुर्लभतम'' श्रेणी में नहीं आता, जिससे दोषी को मृत्युदंड दिया जा सके। मुख्यमंत्री ने मामले की गंभीरता का जिक्र करते हुए कहा, ''अगर मौत की सजा सुनायी गई होती, तो इससे हमारे दिल को कुछ तसल्ली मिलती।''उन्होंने कहा कि इस अपराध के लिए ''सबसे कठोर सजा'' मिलनी चाहिए। ममता ने स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा जांच किये गए बलात्कार और हत्या के इसी तरह के मामलों का जिक्र करते हुए कहा, ''हमने जिन तीन मामलों की जांच की - जयनगर, फरक्का और गुरल्प - उनमें हमारी पुलिस ने मृत्युदंड (उचित जांच और आरोपपत्र दाखिल करके) सफलतापूर्वक सुनिश्चित किया।

# सीनेट ने मार्को रूबियो को विदेश मंत्री बनाने की दी मंजूरी, ट्रंप कैबिनेट के पहले सदस्य बने




**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिकी सीनेट ने मार्को रूबियो को देश का अगला विदेश मंत्री बनाने की मंजूरी दे दी है। सीनेट ने सर्वसम्मति से मार्को रूबियो का नाम मंजूर किया। इसके साथ ही ट्रंप की कैबिनेट में जगह पक्की करने वाले मार्को रूबियो पहले नेता बन गए हैं। सीनेट के सभी 99 सदस्यों ने रूबियो का समर्थन किया। इनमें खुद रूबियो का नाम भी शामिल है। ओहायो से सीनेटर जेडी वेंस, जो अब अमेरिका के उपराष्ट्रपति हैं, वे सीनेट से इस्तीफा दे चुके हैं। यही वजह रही कि सीनेट की एक सीट खाली है और सिर्फ 99 सदस्यों ने मतदान किया।

मार्को रूबियो लैटिन अमेरिकी मूल के नेता हैं और साल 2011 से फ्लोरिडा से सीनेटर हैं। रूबियो को चीन का कट्टर विरोधी माना जाता है और यही वजह है कि उन्हें चीन ने साल 2020 में प्रतिबंधित भी कर दिया था। रूबियो सीनेट की खुफिया मामलों की समिति के भी सदस्य रहे हैं। लैटिन मूल के रूबियो पहले नेता हैं, जो अमेरिका के विदेश मंत्री पद तक पहुंचे हैं, साथ ही अमेरिका के 72वें विदेश मंत्री होंगे। सीनेट की विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष जिम रीच ने रूबियो की तारीफ की और कहा कि जब अमेरिका कई चुनौतियों से जूझ रहा है और उसके दुश्मन उसे कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं, तब मार्को रूबियो का विदेश मंत्री बनना अहम है। रूबियो ने बीते साल अमेरिकी संसद में एक विधेयक पेश किया था, जिसमें भारत को जापान, इस्राइल और नाटो सहयोगियों की तरह अमेरिका का करीबी सहयोगी बनाने का प्रस्ताव दिया गया था। रूबियो ने भारत को अहम तकनीक और मदद देने की भी वकालत की थी ताकि भारत अपनी बढ़ती हुई चुनौतियों से निपट सके। इस विधेयक में रूबियो ने पाकिस्तान को भारत के खिलाफ आतंकवाद फैलाने का दोषी ठहराया था और आतंकवाद रोकने तक पाकिस्तान की सैन्य मदद रोकने की भी अपील की थी। विधेयक में रूबियो ने भारत को काटसा प्रतिबंध से छूट देने की भी मांग की थी ताकि भारत की रूस के हथियारों पर निर्भरता को कम किया जा सके।

# विवेक रामास्वामी ट्रंप के सरकारी कार्यदक्षता विभाग का हिस्सा नहीं होंगे, नई भूमिका की तैयारी

**वाशिंगटन , एजेंसी।**
उद्यमी विवेक रामास्वामी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सरकारी कार्यदक्षता विभाग का हिस्सा नहीं होंगे। उन्हें व्हाइट हाउस में नए सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) का नेतृत्व करने के लिए चुना गया था। हालांकि अब इस भूमिका को नहीं निभाएंगे। क्योंकि वह ओहायो के गवर्नर चुनाव की तैयारी कर रहे हैं। यह जानकारी व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने दी। अब डीओजीई की जिम्मेदारी एलन मस्क को दी गई है, जिन्हें सोमवार दोपहर व्हाइट हाउस में देखा गया। अधिकारियों ने बताया कि मस्क को व्हाइट हाउस पास दिया गया है, और वह वेस्ट विंग से काम करेंगे। ट्रंप-वैन्स ट्रांजिशन की प्रवक्ता एना केली ने कहा, विवेक रामास्वामी ने डीओजीई की स्थापना में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने बताया कि गवर्नर चुनाव में उतरने की इच्छा के चलते विवेक ने इस कमेटी से अलग होने का फैसला किया है। केली ने कहा, उनकी योजना जल्द ही चुनाव लड़ने की है, जिसके कारण उन्हें डीओजीई से बाहर रहना होगा। हम उनके योगदान के लिए दिल से धन्यवाद देते हैं और उम्मीद करते हैं कि वे अमेरिका को महान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। डीओजीई से अलग होने के बाद रामास्वामी ने इसका हिस्सा बने रहने के लिए सम्मान बताया और अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर जल्द घोषणा करने की बात कही। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर



लिखा, डीओजीई की स्थापना में सहयोग करना मेरे लिए सम्मान की बात थी। मुझे भरोसा है कि एलन और उनकी टीम सरकार को बेहतर बनाने में सफल होंगे। उन्होंने आगे कहा, मैं ओहायो में भविष्य की योजनाओं पर जल्द ही कुछ और साझा करूंगा। सबसे महत्वपूर्ण बात, राष्ट्रपति ट्रंप के साथ मिलकर अमेरिका को महान बनाने के लिए हम पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। रामास्वामी और स्पेसएक्स व टेस्ला के सीईओ एलन मस्क को पिछले नवंबर में राष्ट्रपति ट्रंप ने एक नई पहल का नेतृत्व करने के लिए चुना था। इस पहल का मकसद व्हाइट हाउस और उसके प्रबंधन व बजट कार्यालय के साथ मिलकर काम करना है। 39 वर्षीय रामास्वामी पहले रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार रह चुके हैं। उन्हें पिछले महीने सोशल मीडिया पर की गई एक पोस्ट को लेकर आलोचना का सामना करना पड़ा।

## 10 साल के बेटे पर बैठ गई डेढ़ क्विंटल की मां, हुई मौत

**न्यूयार्क, एजेंसी।** अमेरिका के इंडियाना राज्य से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। एक डेढ़ क्विंटल की मां को अपने ही 10 साल के बेटे की हत्या करने के आरोप में सजा सुनाई गई है। महिला ने अपने बेटे के ऊपर बैठकर उसकी जान ले ली। इस मामले में कोर्ट ने महिला को 6 साल की सजा सुनाई गई है। यह मामला इंडियाना के एक छोटे से शहर का है जहां 48 साल की जेनिफर ली विल्सन ने अपने 10 साल के बेटे डकोटा लेवी स्टीवंस के ऊपर लेटकर उसकी जान ले ली। रिपोर्ट्स के मुताबिक स्टीवंस शैतानी कर रहा था और जेनिफर उसे शांत करने के लिए उसके ऊपर लेट गई। महिला का वजन 154 किलोग्राम से ज्यादा था और वह लगभग 5 मिनट तक बेटे के पेट पर लेटी रही। इस दौरान बच्चे की सांस रुक गई।

## इंडोनेशिया में भूस्खलन-बाढ़ से 16 लोगों की मौत

**जकार्ता, एजेंसी।** दुनिया के सबसे अधिक मुस्लिम आबादी वाले देश इंडोनेशिया के जावा द्वीप पर अचानक बाढ़ आने और भूस्खलन के कारण मची तबाही से 16 लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य लापता हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बचावकर्मियों ने राहत एवं बचाव कार्य के दौरान 16 लोगों के शव बरामद किए, जो मुख्य द्वीप जावा के पर्वतीय क्षेत्र में स्थित गांवों में अचानक आई बाढ़ में बह गए थे और मलबे तथा चट्टानों के नीचे दब गए थे। उन्होंने बताया कि बाढ़ और भूस्खलन की घटना में नौ लोगों के लापता होने की सूचना है। स्थानीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रमुख बर्गस कैटुरसारी ने बताया कि सोमवार को हुई मूसलाधार बारिश के कारण नदियों में आई बाढ़ ने मध्य जावा प्रांत के पेकलोंगन रीजेंसी के नौ गांवों को अपनी चपेट में ले लिया और पर्वतीय क्षेत्र में पहाड़ों की ढलानों से मिट्टी, चट्टानें दरक कर नीचे गिर गईं तथा कई पेड़ भी उखड़ गए। उन्होंने कहा कि बचावकर्मियों ने सबसे ज्यादा प्रभावित पेटुंगक्रिओनो गांव से मंगलवार तक कम से कम 16 शव निकाले। उनके अनुसार, बचावकर्मी उन नौ ग्रामीणों की तलाश कर रहे हैं जो कथित तौर पर अब भी लापता हैं। कैटुरसारी ने बताया कि 10 घायल आपदाग्रस्त क्षेत्र से किसी तरह बच निकलने में कामयाब रहे और उन्हें पास के अस्पतालों में ले जाया गया है।

# विदेशों में भी कंगना की इमरजेंसी का कड़ा विरोध, खालिस्तान समर्थकों ने ब्रिटेन के सिनेमाघरों में रोकी स्क्रीनिंग

**लंदन एजेंसी।**
देश में खास कर पंजाब में ही नहीं विदेशों में भी कंगना रनौत की बहुचर्चित फिल्म इमरजेंसी फिल्म का विरोध हो रहा है। ब्रिटेन में इमरजेंसी को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। ताजा घटनाक्रम में खालिस्तान समर्थक सिखों के विरोध के बाद ब्रिटेन के कई प्रमुख सिनेमाघरों ने फिल्म की स्क्रीनिंग को रद्द कर दिया गया है। सिख समुदाय के विरोध के चलते बर्मिंघम और वॉल्वरहैम्प्टन के सिनेमाघरों में फिल्म की स्क्रीनिंग रद्द कर दी गई। पहले इस फिल्म को ब्रिटेन के 50 सिनेमाघरों में दिखाए जाने का प्लान था, लेकिन विरोध के बाद कई सिनेमाघरों ने इसे अपनी स्क्रीनिंग से हटा लिया। फिल्म को विशेष रूप से स्टार सिटी व्यू और सिनेवर्ल्ड जैसे प्रमुख सिनेमा हॉल से हटाया गया था। बताया जा रहा है कि इस फैसले के पीछे स्थानीय समुदायों के विरोध और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की चिंताएं हैं।

इमरजेंसी एक राजनीतिक थ्रिलर फिल्म है, जो एक संवेदनशील ऐतिहासिक घटना पर आधारित है। हालांकि, इसके कंटेंट को लेकर अलग-अलग समुदायों में विरोध देखा गया। कई लोगों ने इसे भड़काऊ बताते हुए आरोप लगाया कि फिल्म धार्मिक और सांस्कृतिक भावनाओं को ठेस पहुंचा सकती है। ब्रिटेन के कई थिएटर मालिकों ने कहा है कि उन्होंने यह



निर्णय सुरक्षा कारणों से लिया है। कुछ जगहों पर प्रदर्शन और विरोध के चलते सिनेमाघरों के बाहर तनावपूर्ण माहौल बन गया था। इसके मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने भी स्थानीय अधिकारियों को सलाह दी कि स्क्रीनिंग पर रोक लगाई जाए।

सिख समुदाय के लोग फिल्म में इंदिरा गांधी के शासनकाल के दौरान हुए सिख नरसंहार के संदर्भ में उनके चित्रण को लेकर नाराज हैं। उनका कहना है कि फिल्म में इंदिरा गांधी को ऐसी प्रधानमंत्री के रूप में दिखाया गया है जिन्होंने अपनी हत्या से पहले सिखों के खिलाफ हिंसा को बढ़ावा दिया। इस कारण, फिल्म को सिख विरोधी और भारत सरकार का प्रचार बताया गया है। सोशल मीडिया पर सिख समुदाय के लोगों ने इस फिल्म के विरोध में आवाज उठाई और कई जगहों पर विरोध प्रदर्शन किए। बर्मिंघम स्टार सिटी में विरोध करने वाले सिख पुरुषों के एक समूह ने सिनेमाघर के मैनेजर को घेर लिया, जिसके बाद मैनेजर ने फिल्म की स्क्रीनिंग रद्द करने का निर्णय लिया। शेर-ए-पंजाब नामक संगठन ने इंस्टाग्राम पर इस कदम को सिखों की एकता और विरोध की जीत बताया। फिल्म के निर्माताओं ने कहा है कि उनका उद्देश्य किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं था। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि फिल्म सच्ची घटनाओं से प्रेरित है और इसे कलात्मक स्वतंत्रता के तहत बनाया गया है। उन्होंने ब्रिटेन के दर्शकों से अपील की है कि वे फिल्म को खुले दिमाग से देखें। फिल्म की स्क्रीनिंग रद्द होने के बाद सोशल मीडिया पर इस मुद्दे को लेकर बहस छिड़ गई है। कई लोग इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला बता रहे हैं, जबकि कुछ इसे सही कदम मान रहे हैं। फिल्म निर्माता ब्रिटेन में नए सिरे से रिलीज के लिए स्थानीय प्रशासन और सिनेमाघरों के साथ बातचीत कर रहे हैं। हालांकि, यह देखना बाकी है कि विवादों के बीच यह फिल्म ब्रिटिश दर्शकों तक पहुंच पाती है या नहीं। इस घटना के बाद, यूके के एक फिल्म वितरक ने मीडिया से कहा कि किसी भी फिल्म को रिलीज होने से रोकने का कोई अधिकार नहीं होना चाहिए। उनका कहना था कि यह एक फिल्म है और इसे देखे बिना इसे रोकने का कोई मतलब नहीं है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129